63 वां वर्ष
झारखंड का सबसे पुराना अखबार
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com
वर्ष -63, अंक 117 रांची, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025, संवत् 2082, पृष्ठ-12
मूल्य 4 रु

# झारखंड विस : केंद्रीय राशि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोक

## मंत्री ने कहा मिलने के लिए समय नहीं देते केंद्रीय मंत्री

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को केंद्रीय राशि के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोक-झोक हुई। मामले को उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से अधिकारियों की टीम को दिल्ली जाकर मिलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से बार-बार कहा जाता है कि केंद्रीय राशि के लिए विपक्ष सहयोग करे, लेकिन जब उन्होंने इस मामले की पड़ताल की तो पता चला कि केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि को लेकर कुछ गाइडलाइन होते हैं जिसका पालन करना राज्य के लिए जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गाइडलाइन की जगह राज्य सरकार ने खुद की अपनी गाइडलाइन बना ली इस वजह से केंद्र और राज्य के बीच राशि को लेकर सामंजस्य स्थापित नहीं हो पा रही है। बाबूलाल ने कहा कि वे भी जब क्षेत्र में जाते हैं तो पंचायतों में मुखिया पैसे की कमी की बात कहते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति नहीं मिलने से एसटी और एससी के बच्चों को काफी परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय राशि को लेने के लिए केंद्र सरकार की कुछ शर्तें होती हैं, जिसे राज्यों को पूरा करना होता है।

उन्होंने कहा कि राशि को लेकर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर या ग्रामीण विकास मंत्री या जरूरत पडे तो मुख?यमंत्री को दिल्ली जाना चाहिए और इस मामले पर केंद्रीय मंत्रियों से बैठकर मामले को सुलझाना चाहिए। इस मामले में हमसभी सहयोग को तैयार हैं।

### नेता प्रतिपक्ष को दी गई है गलत सूचना : मंत्री

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वे सरकार की ओर से कई बार सुन चुके हैं कि 15 में वित्त आयोग की राशि केंद्र की ओर से नहीं दी जा रही है।



इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष प्रश्नकाल के दौरान यह मामला उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह मामला अनुपूरक बजट से संबंधित है, यदि नहीं है तो प्रश्नकाल को चलने देना चाहिए।

वहीं मामले पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को किसी ने इस संबंध में गलत सूचना दी है। उन्होंने कहा कि वे 15 में वित्त आयोग के पैसे के लिए पिछले एक वर्ष से प्रयास कर रही हैं। इसे लेकर उन्होंने केंद्र सरकार को कई बार उन्होंने पत्राचार भी किया है। उन्होंने कहा कि 15 में वित्त आयोग के 2700 करोड रुपये के लिए केंद्र सरकार की ओर से शर्तें रखी गई थीं, जिसे हमारी सरकार ने पूरा किया। इसे लेकर विभाग के सचिव और निदेशक के साथ पिछले छह माह से दिल्ली जाकर भी केंद्रीय मंत्रियों से मिलने की कोशिश की, लेकिन मामले में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री मिलने का समय ही नहीं देते हैं।

मंत्री ने कहा कि राशि को लेकर केंद्र सरकार की बाद में लगाई गई चार शर्तों को भी हमारी सरकार ने पूरा किया। बावजूद इसके केंद्र की ओर से राशि नहीं दी जा रही है। विभागीय मंत्री ने कहा कि 24 नवंबर को उन्होंने दूरभाष पर भी बात कर केंद्रीय मंत्री से 15 वें वित्त आयोग के 1385 करोड रुपये देने का आग्रह किया।

साथ ही उन्होंने इसे लेकर दिल्ली में केंद्रीय संचिव विवेक भारद्वाज से मिलकर राशि देने का आग्रह किया था। इस पर उन्होंने राशि जल्द मुहैया कराने की बात कही, लेकिन फिर भी केंद्र सरकार की ओर से अब तक राशि उपलब्ध नहीं कराई गई।

संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि अफसोस की बात है कि केंद्र सरकार की ओर से जानबूझकर राशि नहीं दी जा रही है।

## वित्त मंत्री ने सदन में पेश की कैग की रिपोर्ट

**रांची :** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार को झारखंड में लघु खनिजों के प्रबंधन और भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का वित्त लेखा परीक्षा और विनियोग लेखा से संबंधित लेखा परीक्षा की रिपोर्ट 2024-25 (कैग रिपोर्ट) को सदन के पटल पर रखा।

# हजारीबाग में एनआईए की छापेमारी, संदिग्ध आतंकी शाहनवाज आलम से जुड़ा है मामला

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग में एनआईए की टीम ने एक बार फिर गुरुवार को दबिश दिखाई है। टीम हजारीबाग के पेलावल थाना अंतर्गत एक घर में पहुंची है। जहां टीम घर के सदस्यों के साथ पूछताछ कर रही है। तीन गाड़ी में सवार टीम गुरुवार सुबह-सुबह हजारीबाग के पेलावल स्थित अंसार नगर पहुंची। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर सीआरपीएफ बल भी तैनात किये गये हैं। बताया जाता है कि एनआईए की टीम के साथ एटीएस की टीम भी साथ में है।

जानकारी के अनुसार संदिग्ध आतंकी शाहनवाज आलम से जुड़े मामले में जांच करने हजारीबाग पहुंची है। इसकी गिरफ्तारी 2023 में पुणे से हुई थी। एनआईए इनपुट्स आधार पर यह छापेमारी की जा रही है। शहनवाज आलम को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अक्टूबर 2023 में




पुणे से गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी पुणे आईएसआईएस से संबंध होने मामले में हुई थी। वह मूल रूप से झारखंड के हजारीबाग जिले का रहने वाला है। इससे पहले, वह 2019 में हजारीबाग में डकैती और चोरी के कई मामलों में भी गिरफ्तार हुआ था और लगभग 8-9 महीने जेल में रहा था। दिसंबर 2020 में उसे जमानत मिल गई थी, जिसके बाद वह कथित तौर पर आईएस हैंडलर के संपर्क में आया। पुणे पुलिस की हिरासत से भागने के बाद एनआईए ने उस पर 3 लाख रुपये का ईनाम घोषित किया था। शहनवाज उर्फ फीउज्जमा आइएसआइएस का कुख्यात आतंकी था और पुणे के जंगल में प्रशिक्षण भी लिया था। छापामारी बेहद ही गोपनीय ढंग से चल रही है। कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। घर के अंदर टीम एक प्रिंटिंग मशीन को भी लेकर गई है। ऐसे में यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि कुछ दस्तावेज या फोटो प्रिंट किया जा रहा है। घर के अंदर वृद्ध व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों से ज्ञात हो रहा है कि दिल्ली में हुए ब्लास्ट मामले की जांच पड़ताल की जा रही है ।

## सदन में कुशवाहा मेहता-देवेंद्र कुंवर ने उठाया ओबीसी आरक्षण का मुद्दा

**रांची :** विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार को राज्य में ओबीसी आरक्षण शून्य करने से संबंधित मामले को भाजपा के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता और विधायक देवेंद्र कुंवर ने गैर संकल्प के तहत सदन में उठाया। इसपर विभाग की ओर से तीन प्रभारी मंत्रियों दीपक बिरूआ, सुदिव्य कुमार और राधाकृष्ण किशोर ने बारी बारी से जवाब दिया। मामले पर मंत्री राधा कृष्ण ने कहा कि ओबीसी आरक्षण मामले में हेमंत सरकार भी चिंतित है। मामले पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर ने मामला को उठाते हुए कहा कि संथाल परगना प्रमंडल में पिछड़ों और अति पिछड़ों की आबादी कुल आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक है। लेकिन आरक्षण शून्य होने से इस बड़ी आबादी का अस्तित्व खतरे में है। वहीं मामले में विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि ओबीसी की आबादी हझारखंड की कुल आबादी का 55 प्रतिशत है, लेकिन इस वर्ग को केवल 14 प्रतिशत आरक्षण का ही लाभ दिया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में ओबीसी वर्ग का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। कुशवाहा ने कहा की हेमंत सरकार ने चुनावी घोषणा में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण करने की घोषणा की थी। इसपर प्रभारी मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि 2022 में कोर्ट के निर्णय को देखते हुए आरक्षण को बढाकर 27 प्रतिशत किया गया था। बाद में इसपर कोर्ट का हस्तक्षेप हुआ। उन?होंने कहा कि हमारी सरकार ने केंद्र सरकार के समक्ष ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की मांग को भेजा है। वहां से रिपोर्ट आते ही आरक्षण को बढाकर 27 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसपर कुशवाहा ने कहा कि चुनाव के समय राज?य सरकार की ओर से जिस तरह बड़ीझबड़ी बातें कही गईं। आरक्षण बढ़ाने की घोषणा हुई तब तो सरकार ने केंद्र सरकार का हवाला देकर घोषणा नहीं की थी।

# एनआईए का बड़ा खुलासा : 11 नक्सलियों पर चार्जशीट, एक करोड़ इनामी पतिराम मांझी शामिल

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राउरकेला (ओडिशा) में हुई चार हजार किलोग्राम विस्फोटक लूट मामले में अहम खुलासा किया है। एनआईए की जांच में पता चला है कि झारखंड और ओडिशा के नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए विस्फोटक की लूट की थी।




इस मामले में एनआईए ने 11 नक्सलियों पर चार्जशीट दाखिल किया है। इनमें झारखंड के सारंडा में सक्रिय एक करोड़ इनामी नक्सली पतिराम मांझी उर्फ अनल, जरजा मुंडा, पिंटू लोहरा, लालजीत, शिवा बोदरा, अमित मुंडा, सुखलाल मुंडा, रवि, राजेश, सोहन और अप्टन शामिल हैं।

एनआईए ने अपनी जांच में पाया कि ये आरोपित लगभग 200 विस्फोटक पैकेट (एक में 20 किलोग्राम) की लूट की आपराधिक साजिश, योजना और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल थे। उल्लेखनीय है कि लूट गया विस्फोटक झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा से बरामद किया गया था।

# झारखंड विस सत्र: बाबूलाल ने की विधायक और मंत्री के बीच हुई बातचीत की जांच कराने की मांग

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधायक और मंत्री के बीच हुई बातचीत की जांच कराने की मांग की।

बाबूलाल ने ध्यान आकर्षण के दौरान चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पास इसकी सीडी भी उपलब्ध है, जो मैं आपको दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार का मामला है और विधानसभा अध्यक्ष से इस मामले में हस्तक्षेप कर जांच कराने की मांग की।

इस पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि जिस प्रकरण की जिक्र हो रही है, वह एक पार्टी



कार्यालय के भीतर का मामला है और इससे विधानसभा का कोई सरोकार नहीं है।

बाबूलाल ने सदन में उठे छात्रवृति मामले, जिसमें केंद्र सरकार पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया था, उसपर कहा कि इस मामले की जांच पर पाया कि झारखंड सरकार ने केंद्र सरकार की गाइडलाइन का पालन नहीं कर 2022 में अपनी गाइडलाइन बना दी। इस कारण केंद्र से एसटी, एससी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृति नहीं मिल रही है। बाबूलाल ने झारखंड सरकार पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया। साथ ही संसदीय कार्यमंत्री से संबंधित पदाधिकारियों के साथ दिल्ली जाकर इस मामले को सुलझाने की बात कही। उन्होंने इस पर सहयोग करने की भी बात कही।

वहीं रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्य के 25000 पीडीएस दुकानदारों को लंबे समय से कमीशन का भुगतान नहीं हुआ है। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि यह केंद्र सरकार का मामला है। पोर्टल को समझने में विलंब की वजह से राशि का भुगतान नहीं हो पाया। इस दिशा में काम चल रहा है। बहुत जल्द कमीशन दे दिया जाएगा।

## कोयला खदान से उड़ती धूलकण पर पानी छिड़काएगी सरकार : योगेंद्र

**रांची :** सदन में प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि अब सभी कोयला खादान या आसपास की सड़कों पर वाहनों के चलने के कारण निकलती और उड़ती धूलकण को देखते हुए क्षेत्र की सड़कों में सुबह-शाम टैंकर से पानी का छिड़काव होगा। इसके साथ ही कोयला ढुलाई करने वाले वाहनों को हर हाल में त्रिपाल ढकने के निर्देश दिया जाएगा। ताकि लोगों को उड़ते धूलकण से श्वांस से संबंधित बीमारियों से जूझना नहीं पड़े। मंत्री विधानसभा के शीताकलीन सत्र के दौरान गुरुवार को दूसरी पाली में झामुमो के विधायक हेमलाल मुर्मू की ओर से लाए गए गैर संकल्प के तहत पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि पाकुड़ जिला के अमडापाड़ा प्रखंड में कोयला खादान का धूल पूरे क्षेत्रवासियों को प्रभावित करता है।

## सदन में फिर उठा 100 रुपए में एक ट्रैक्टर बालू का मुद्दा

**रांची :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में एक बार फिर बालू का मुद्दा उठा। सत्येंद्र नाथ तिवारी के गैर संकल्प सवालों का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सदस्य सत्येंद्र नाथ तिवारी जिस 444 चिन्हित बालू घाटों की नीलामी की बातें कह रहे हैं। वह पेसा कानून लागू नहीं होने के कारण रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की ओर से इसपर रोक लगाई गई है। बावजूद इसके राज्यवासियों को कैसे बालू मिले इसपर राज्य सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 374 बालू घाटों की नीलामी हो चुकी है। जहां स्थानीय स्तर के लोग अबुआ आवास सहित अपने कार्यों के लिए 100 प्रति ट्रैक्टर ले जा सकते हैं। इस सोच के साथ सरकार ने काम किया है।

# अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिए लोगों को मिलेगा तिलैया नहर का पानी : मंत्री

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिए तिलैया नहर का पानी स्थानीय लोगों को मिलेगा। इस योजना का डीपीआर यूडीपीएल के तहत तैयार किया रहा है। अंडरग्राउंड पाइपलाइन का उपयोग करने से स्थानीय लोगों से भूमि अधिग्रहण का झंझट नहीं रहेगा। ग्रामीण अपनी जमीन योजनाओं के लिए नहीं देना चाहते हैं। यह बातें जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को कही। उन्होंने कहा कि 1948 में डीवीसी का गठन हुआ था, लेकिन उस समय डीवीसी को ही सभी अधिकार दे दिए गए।

उन्होंने बताया कि तिलैया डैम 1953 में बना था और उस समय के शर्तों के मुताबिक डैम के 246 एमटीएम जल का उपयोग झारखंड को करने का अधिकार दिया गया था।



इस मामले को अल्प सूचित प्रश्न के तहत बरकटठा से भाजपा के विधायक अमित कुमार यादव ने उठाया था। उन्होंने सरकार से कोडरमा जिले के तिलैया नहर योजना के निर्माण कार्य के लिए जल्द डीपीआर बनाने की मांग की थी। विधायक ने कहा कि तिलैया नहर योजना का निर्माण कार्य 1950 से ही विचाराधीन है। इसे लेकर वर्ष 2014-15 में डीपीआर बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन यह अब तक नहीं बन सका है। उन्होंने कहा कि डीवीसी के सभी डैम झारखंड में बने हैं, लेकिन यह दुखद है कि इन डैमों से सिंचाई का कार्य झारखंड के किसान नहीं कर सकते हैं। डीवीसी के डैम के पानी का इस्तेमाल पश्चिम बंगाल करता है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?




जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि दीया फंड DEPOSITOR EDUCATION AND AWARENESS FUND

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# जमीन दलालों पर बन्दोवस्त भूमि पर अवैध रूप से दावा करने और रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

**अनगड़ा** : थाना क्षेत्र के हेसल ग्राम निवासी नागेंद्र नाथ महतो ने हेसल के हीं रहने वाले प्रदीप पाहन के उपर सरकार द्वारा करीब सौ वर्ष पूर्व 1955 में उनके पर दादा के नाम पर बंदोबस्त की गई जमीन पर अवैध रूप से दावा करते हुए रंगदारी मांगने तथा झूठे केस में फंसा देने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में नागेंद्र नाथ महतो ने ने अंचल अधिकारीअनगड़ा तथा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कानूनी कारवाई की जाने की मांग की है। आवेदन में कहा गया कि मौजा हेसल स्थित गैर-मजरुआ खाता सं 305, प्लॉट सं 3527 व 3352 से कुल रकबा 3.72 एकड़ जमीन को उनके पूर्वज कोका महतो पिता बेचू महतो के नाम पर सरकार द्वारा बंदोबस्त किया गया था। बजाप्ते उनके नाम पर 05/04/ 1955 को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तहत अनुमंडल कार्यालय सदर रांची भूमि



सुधार उपसमाहर्ता सदर रांची तथा अंचल पदाधिकारी से भू बंदोबस्ती पर्चा भी निर्गत किया हुआ है। वहीं हाल सर्वे में उनके दादा सोहराई महतो, झंडू महतो एवं पांडु महतो पिता कोका महतो के नाम उक्त भूखंड का बंडा पर्चा भी बना हुआ है। तब से लेकर आज तक इस भूखंड का अद्यतन लगान रसीद कटते आ रहा है। तथा सभी हिस्सेदारों का जोत कोड़ व दखल कब्जा भी है। कई हिस्सेदार इस भूखंड पर वर्षो से घर मकान बनाकर शांतिपूर्ण ढंग से आवासित हैं। आरोप है कि विगत 8 दिसंबर को नागेंद्र महतो अपने जमीन पर चारदीवारी निर्माण का कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान प्रदीप पाहन अपने सहयोगी रामपोदो महतो सहित अन्य लोगों के साथ पहुंचा और निर्माण कार्य को बाधित कर रंगदारी की मांग करने लगा। नहीं देने पर छह इंच छोटा करने तथा एसटी/ एससी के झूठे केस में फंसा देने की धमकी देने लगा। बताते चलें कि खाता संख्या 305 प्लॉट संख्यां 3527 में हीं दो एकड़ जमीन प्रदीप पाहन के पिता स्व हरखनाथ पाहन के नाम पर भी बंदोबस्त हुआ है। यह जमीन रिंग रोड के पूरब दिशा की ओर अवस्थित है जबकि नागेंद्र महतो की जमीन रिंग रोड के पश्चिम दिशा में रांची मुरी सड़क किनारे स्थित है जिसपर वह घर मकान बना कर शांतिपूर्वक दसलकार है । आरोप लगाया कि प्रदीप पाहन अपने पिता के नाम से बन्दोवस्त भूमि को सादा पट्टा में बिक्री करने के बाद जमीन दलालों के साथ साठगांठ कर नाजायज ढंग से उनके जमीन पर कुदृष्टि डाल कर दावा कर उसे बेचने की योजना बना रहा है। इधर इस बाबत प्रदीप पाहन से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। उनके जमीन पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था जिसे वे रोकने गए थे।

## दिगवार के आकाश ने जेएसएससी सीजीएल में पाई सफलता, बने सहायक प्रशाखा पदाधिकारी

**कुजू** : मांडू प्रखंड क्षेत्र के दिगवार निवासी शिक्षक निरंजन कुशवाहा का पुत्र आकाश कुमार ने जेएस-एससी सीजीएल परीक्षा 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन कर सफलता अर्जित की। जिस पर उनका सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (असिस्टेंट ब्रांच ऑफिसर) के पद पर चयन हुआ है। उसके पिता ने बताया कि आकाश शुरू से ही होनहार छात्र रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में उसकी पकड़ और निरंतर अथक परिश्रम के बल पर किया गया प्रदर्शन उसे एक अलग



पहचान दिलाई है। वर्तमान में वह पटना बिहार स्थित योजना एवं विकास विभाग में योजना पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। अपने पुत्र की सफलता पर दिगवार उच्च विद्यालय के शिक्षक निरंजन कुशवाहा व गृहणी माता सुनीता देवी ने खुशी व्यक्त किया है। वहीं उसकी सफलता पर दिगवार के ग्रामीणों व जन प्रतिनिधियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वतंत्रता सेनानी बुली महतो के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता - शैलेन्द्र महतो

**सोनाहातू** : प्रखंड के भकुवाडीह मोड़ पर गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी बुली महतो के जीवनी और इतिहास की जानकारी देने,प्रचार प्रसार को लेकर माल्यार्पण सभा का आयोजन किया गया। सभी लोगों के द्वारा बुली महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया।सभा में पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने बुली महतो के कोल विद्रोह में भूमिका को विस्तार से बताए। देश के आजादी के लिए किस तरह बुली महतो ने घर परिवार छोड़ कर बलिदान दिया ,इसकी जानकारी सभा के माध्यम से लोगों को दिया गया। बुली महतो के संघर्ष की कहानी का कई इतिहास के पुस्तकों में दर्ज है उनकी भी जानकारी दी गई। इन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी ने देश की आज़ादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उनके त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कुरमाली भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने कहा कि आजादी आसानी से नहीं मिली है, इसके पीछे असंख्य वीरों का संघर्ष निहित है। बुली महतो हमारे प्रेरणा स्रोत है।उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी बुली महतो के कोड़ाडीह गाँव को सोनाहातु से लेकर उनके गाँव तक सोन्दरीकरण कर ऐतिहासिक रुप से विकसित किया जाएगा। इस क्रम में आयोजनकर्ता समाज सेवी धनपति महतो ने स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को सम्मानित किया और कहा कि बुली महतो की जीवनी को गांव गांव तक जाकर बताया जायेगा।धनपति महतो ने कहा कि इसके नाम से क्षेत्र में कई कार्यक्रम किए जाएगें। इस अवसर पर लोक कलाकार रेवती



देवी ओर टीम के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संचालन राजेंद्र महतो ने किया । मौके पर कुरमाली कवि देवेंद्रनाथ महतो, बनमाली महतो, सत्यनारायण महतो, नीरज कुमार महतो,प्रदीप महतो, राजू महतो, जगतपाल महतो, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## घरो में गिरे पेड़ की डाली हटाया, आज से होगी घरो का मरम्मत

**बेड़ो** : वन विभाग परिसर पहुंचे पूर्व मंत्री बंधु तिर्की वन विभाग द्वारा काटी जा रही पेड़ व मृतक के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली. वही तत्काल मृतक के घायल माँ व पिता को श्री तिर्की ने एसीएफ गोरख नाथ यादव, वन क्षेत्र पदाधिकारी गायत्री देवी, सीओ राज कुंवर सिंह व मुखिया सुशांति भगत के उपस्थिति में ढाई लाख रुपए की मुआजा राशी दी. वही घटना को लेकर वन क्षेत्र पराधिकारी को स्थानीय प्रशासन से मिलकर जांच कर दोषियो पर कार्रवाई करने की निर्देश दिया. इधर वन क्षेत्रपदाधिकारी ने पेड़ काटने वाले जानकारो बुला कर घरो में गिरे पेड़ की डालियो को हाडरा व जेसीबी से हटाया गया. वही वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त घरों की मरम्मत की काम कल से शुरू कर दी जाएगी. साथ ही पेड़ के गिरने से घर रखे छतिग्रस्त सामानो की आकलन कर उसकी भी भरपाई कर दी जाएगी. मौके पर वन विभाग के वनपाल उपेंद्र प्रसाद, वन रक्षी सुभाष प्रमाणिक,रवि शंकर महली, इंद्रजीत कुमार, राहुल महली, मुकेश मुंडा, विकास सिंह व आनंद भगत सहित कई लोग उपस्थित थे. ज्ञात हो



कि बुधवार को वन विभाग का पेड़ काटने के दौरान घर पर गिर गया जिसे दबने से बच्ची अनु कच्छप की मौत हो गई थी जबकि उसके विमल कच्छप व मां रौशनी गोप घायल हो गये।

# आरटीसी पब्लिक स्कूल में भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य आयोजन संपन्न

**अनगड़ा** : आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में गुरुवार को भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य और रंगारंग आयोजन संपन्न हुआ। भारत की भाषाई विविधता, सांस्कृतिक धरोहर और मेनी लंगवेज वन इमोशन की भावना का मनमोहक प्रदर्शन पूरे कार्यक्रम में देखा गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि, विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा
भारतीय भाषाएँ हमारे देश की आत्मा हैं। विद्यार्थियों ने आज जिस उत्साह और गर्व से विभिन्न भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों को प्रस्तुत किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। यह उत्सव बच्चों में राष्ट्रीय एकता, भाषाई सम्मान और सांस्कृतिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका गायत्री सुदर्शी एवं स्नेहा



शालिनी द्वारा किया गया। दोनों ने अपनी रचनात्मकता और समर्पण से पूरे आयोजन को आकर्षक व यादगार बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न भारतीय राज्यों के सांस्कृतिक स्टॉल रहे, जिनमें हर राज्य की भाषा, वेशभूषा, खान-पान, कला और लोक-संस्कृति की अनोखी झलक देखने को मिली। विद्यालय परिसर एक जीवंत मीनी इन्डिया जैसा प्रतीत हो रहा था। समापन अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस आयोजन को अत्यंत सफल बनाया। विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## मांडर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ चोर को गिरफ्तार क़र भेजा जेल

**मांडर** : मांडर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए गुरुवार को एक युवक को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र के 19 वर्षीय जयंत भगतके रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, विगत 6 दिसंबर को ब्राम्बे स्थित साप्ताहिक हाट से जाहेर निवासी बाबूलाल लोहरा की पैशन प्रो मोटर साईकल JH 01DB - 9274 अज्ञात चोरों द्वारा चोरी क़र ली गई थी, इसकी लिखित शिकायत मांडर थाने को दी गई थी, मांडर पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर मांडर थाना क्षेत्र के कैम्बो ग्राम से उक्त मोटर साईकल के साथ जयंत भगत को गिरफ्तार क़र लिया।


### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 60/2025-26

पत्रांक– 945 लातेहार/दिनांक– 10.12.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डयनडुबी नाला पर चेकडैम निर्माण, प्रखंड–लातेहार जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 66.242 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 17.12.2025 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 27.12.2025 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.12.2025 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1) केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.368278 Water Resource(25-26):D


# सिल्ली में शिक्षक शिक्षिकाओं की मासिक गुरू गोष्ठी सम्पन्न

**सिल्ली** : एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय सिल्ली में बुधवार को शिक्षक शिक्षिकाओं की मासिक गुरू गोष्ठी सम्पन्न हुई। जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं को मध्याह्न भोजन, दैनिक एसएमएस शत-प्रतिशत, एन आई एल पी , उल्लास , रसोईया का मास्टर डाटा का विवरण, स्वच्छ विद्यालय, सीएमसी की मासिक बैठक आदि से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही साथ अन्य कई आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश भी दिए गए। मौके पर बीपीओ मनोज कुमार, डीडीओ सुधांशु प्रमाणिक तथा प्रदीप कुमार महतो, शोभा सिंह, प्रेम किशोर महतो, रजनी रानी बाड़ा, संगीता टोप्पो एवं अन्य तथा सभी सीआरपी आदि समेत प्रखंड के विद्यालयों के प्रधान शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया।

## विधायक के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण

अनगड़ा । खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से वृहस्पतिवार को प्रखंड के सिरका पंचायत अंतर्गत गांधी ग्राम एवं महेशपुर गांव में जरू-रतमंदों, बुजुर्गों के बीच गर्म कम्बल का वितरण किया गया । कड़ाके की इस ठंड में विधायक की यह पहल क्षेत्र के बुजूर्गो के लिए बड़ी राहत बनकर आई।
कम्बल वितरण कार्यक्रम का



आयोजन सिरका पंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री समीम खान के कुशल नेतृत्व एवं अथक परिश्रम से संभव हो सका। उन्होंने घर-घर जाकर सर्वे किया और सबसे ज्यादा जरूरतमंदों की सूची तैयार की । वितरण कार्यक्रम में अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष श्री एतवा उरांव, विधायक प्रतिनिधि (मत्स्य विभाग) श्री संजय नायक वा अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा रांची ग्रामीण जिला का संगठनात्मक चुनाव संपन्न

**मांडर** : भारतीय जनता पार्टी के रांची ग्रामीण की विशेष बैठक गुरुवार को टाटीसिलवे के पताला पेंट सभागार में आयोजित की गई। चुनाव प्रभारी पूर्व सांसद भवन राम



जी की गरिमा में उपस्थिति में यह चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई तथा बब्लु गोप को मांडर मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विनय महत्व,धीरज उपाध्यक्ष मनोज चौधरी,सुधाकर चौबे महामंत्री नरेंद्र सिंह,प्रीतम साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उनके निर्वाचन पर मांडर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी व भाजपा नेता सन्नी टोप्पो जिला मंत्री रामकुमार दुबे पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत,कृष्ण मोहन विजय खलखो ,हेमंत कुमार ,मुकेश प्रसाद रामबालक ठाकुर, शिवा गोप अब्दुल रहमान आकाश कुमार सहित अन्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बेड़ो में झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ की बैठक आयोजित

**बेड़ो** : प्रखंड के जरिया में झारखंड



दिव्यांग जागृति महासंघ की बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता लालू उरांव ने किया. बैठक में दिव्यांगों के हक- अधिकारो की विचार विर्मश की गई. साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधाओ व योजनाओ चर्च की गई. मौके पर गांव के युवा समाजसेवी सुशील कुजूर ने कड़ाके के ढंड़ से बचने के लिये दिव्यांग जनों को एक सौ कंबल का वितरण किया गया. बैठक में झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ के सचिव अशोक महतो, अध्यक्ष लालू उरांव, कोषाध्यक्ष सुनीता कुजूर, संयोजक ललित मिंज, पंचायत की मुखिया कुंवारी खलखो, संगठन के पर्वतीया केरकेटा, संजय राम, विश्वनाथ उरांव,अमरजीत व देवदास उपस्थित थे।


### शपथपत्र

मैं, दिगाम्बर लाहकार, पिता स्व० महेश्वर लाहकार जन्म तिथि 03/05/1963, धर्म-हिन्दू, पेशा व्यवसाय, साकिम राजा तालाब पिपल पेड़ के सामने, पो०- कतरास बाजार, थाना-कतरास, जिला-धबनाद, राज्य झारखण्ड एतद् द्वारा शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि
1) यह कि, में उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
यह कि, मेरा नाम दिगाम्बर लाहकार (Digambar Lahakar), पिता स्वर्गीय महेश्वर लाहकार मेरा आधार नं०- 8249 9077 2505 में मेरा नाम दर्ज है तथा पूर्व से मैं इसी नाम से जाना जाता रहा हूँ।
3) यह कि, मैं दिगाम्बर लहेरी (Digamber Laheri), पिता स्व० महेश्वर लाहकार, मेरा सही नाम है तथा आज से मै मेरा नाम दिगाम्बर लहेरी (Digamber Laheri), पिता स्व० महेश्वर लाहकार से जाना जाउँगा जो सही एवं सत्य है।
4) यह कि, मेरा पहले का नाम दिगाम्बर लाहकार (Digambar Lahakar), पिता स्व० महेश्वर लाहकार का किसी भी तरह का देनदारी नहीं है।
5) यह कि, इस शपथ पत्र पर मैं अपना पासपोर्ट साईज का फोटो ग्राफ चस्पा रहा हूँ ताकि प्रमाण रहे।
6) यह कि, शपथ पत्र में लिखी सारी बाते मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।
7) यह कि, इस शपथ पत्र में समक्ष पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बना रहा हूँ।



### JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

**Bid Number: GEM/2025/B/6984701**

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT), hereinafter referred as “purchaser” invites online bid through GeM Process on behalf of Hon'ble Jharkhand High Court, Ranchi from reputed IT firms/OEMs or authorized partners (hereinafter referred to as “Bidder” till the award of Contract and thereafter on award of contract, referred to as “Service Provider/ Contractor/Supplier/Successful Bidder”) to **Purchase, Installation, Configuration & Integration of two Server System (Live & Backup) & Other Equipment with 05 Years Comprehensive Warranty along with 24x7 Technical Manpower at Data Center of Hon'ble Jharkhand High Court, Ranchi, Jharkhand.**
The RFP document is available on GEM portal https://gem.gov.in/ Interested Bidders may view, download the RFP document and submit their e-Bid online only on GEM portal as per the date and time mentioned in the table below:

**Key Event and Dates**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Purchase, Installation, Configuration & Integration of two Server System (Live & Backup) & Other Equipment with 05 Years Comprehensive Warranty along with 24x7 Technical Manpower at Data Center of Hon’ble Jharkhand High Court, Ranchi. |
| 2. | Name of the issuer of this tender | The CEO, Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology (JAP-IT), Ground Floor, Engineers Hostel-1, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi -834004 Tel: 0651 -2401044/67 Website: https://japit.jharkhand.gov.in |
| 3. | Earnest Money Deposit | **Earnest Money Deposit INR 60,00,000.00 (Sixty Lakhs Only) valid for 180 days in form of Bank Guarantee (BG) fr om Nationalized/scheduled Bank.** |
| 4. | Start Date of downloading tender document | **10/12/2025** |
| 5. | Last Date for sending Pre-Bid Query | **18/12/2025** by 05:00 PM |
| 6. | Date and Time of Pre-Bid Meeting | **19/12/2025** at 03:00 PM |
| 7. | Last Date/Time for Submission of Bids online | **05/01/2026** at 03:00 PM |
| 8. | Date of Opening of Pre-Qualification and Technical Bid Bids | **05/01/2026** at 03:30PM |
| 9. | Date of Commercial Bid opening | To be Informed later |
| 10. | Place of Pre-Bid Meeting/ Communication/ Bid Submission/ Bid Opening | JAP -IT, Ground Floor, Engineers Hostel 1, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi -834004 |
| 11. | Contact/ Pre-Bid query e-mail Id | japit_doit@rediffmail.com, ceo.japit@jharkhandmail.gov.in |

Note:
1. The authority reserves the right to reject any or all the bid(s) received without assigning any reason thereof.
2. JAP-IT reserve the right to cancel the tendering process at any stage without assigning any reason thereof.
3. Bid should comprise of Technical Bid and Financial Bid.
4. Technical bid and Financial bid must be submitted separately on GEM portal https://gem.gov.in/. Prices should not be quoted in the Technical Bid as the prices should be quoted in the Financial Bid only.

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR 368248 Information Technology (25-26)_D



### जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा
(पर्यटन, कला– संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बाजारटांड़, सिमडेगा

**सार्वजनिक सूचना**

एतत द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही के पत्रांक– 952/राँची, दिनांक– 08.12.2025 के द्वारा प्राप्त निदेश का आलोक में दिनांक– 19/12/2025 (शुक्रवार) को नगर भवन, सिमडेगा में जिला स्तरीय युवा महोत्सव– 2025 (National Youth Festival) का आयोजन किया जा रहा है। जो निम्नवत् है :–

| क्रं० | कार्यक्रम की विवरणी | आयु वर्ग | स्थान | तिथि | रिपोर्टिंग समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामूहिक लोकनृत्य (10 सं० में महिला/पुरुष मिलाकर तथा स्वयं का वाद्य यंत्र सहित) | 15 से 29 वर्ष पुरुष/महिला | नगर भवन, सिमडेग। | दिनांक– 19 .12.2025 | 9:30 बजे पूर्वा० |
| 2 | सामूहिक लोक गीत | | | | |
| 3 | कविता लेखन | | | | |
| 4 | चित्रकला | | | | |
| 5 | भाषण | | | | |

इच्छुक प्रतिभागी संलग्न फॉर्म में विवरणी भरकर दिनांक– 18.12.2025 के अपराह्न 03:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, सिमडेगा में जमा कर सकते हैं।

विश्वासभाजन
प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी,सिमडेगा

PR 368255 (Simdega)25-26*D



### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा
(आपूर्ति शाखा) E-mail : dsupplysim@gmail.com

**॥ प्रेस विज्ञप्ति ॥**

**खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में धान खरीदारी के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक संख्या–3253, दिनांक–10.12.2025 द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2025–26 का सफल क्रियान्वयन हेतु संकल्प निर्गत किया गया है। संकल्प में निम्नवत् प्रावधान प्रदान किया गया है :–

❖ झारखण्ड सरकार द्वारा धान क्रय की शुरूआत दिनांक–15.12.2025 से न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2450/– की दर से 48 घण्टे के भीतर एकमुश्त राशि भुगतान किया जायेगा। जिलें में चयनित 16 लैम्पस इस प्रकार है :–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | चयनित लैम्पस का नाम |
|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा | अरानी लैम्पस, टैंसेरा लैम्पस। |
| 2 | ठेठईटांगर, बांसजोर, केसरई | जोराम लैम्पस, मेरोमडेगा लैम्पस, पाईकपारा लैम्पस। |
| 3 | बोलबा | पिड़ियापोछ लैम्पस |
| 4 | कुरडेग | कुरडेग लैम्पस, चड़रीमुण्डा लैम्पस, डुमरडीह लैम्पस |
| 5 | पाकरटांड़ | पाकरटांड़ लैम्पस, क्रुशकेला लैम्पस |
| 6 | कोलेबिरा | रैंसिया लैम्पस |
| 7 | बानो | सिम्हातु लैम्पस, गेनमेर लैम्पस |
| 8 | जलडेगा | टिनगिना लैम्पस, परबा लैम्पस |

❖ डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार ने ई–उपार्जन मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया गया है। इस ऐप का लिंक ई–उपार्जन पोर्टल पर मिलेगा, जिससे वहाँ से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप के माध्यम से किसान स्वयं पंजीकरण कर सकते है, धान बेचने के लिए स्लॉट बुक कर सकते है और भुगतान की स्थिति देख सकते है। यह एप किसानों और सरकार के बीच दो–तरफा संवाद की सुविधा भी प्रदान करता है।
❖ सुरक्षित और कुशल लेन–देन के लिए सभी क्रय केंद्रों पर 4G सक्षम ई–पॉस उपकरण लगाए गए है, जिनसे बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा। इससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और धोखाधाड़ी की संभावना समाप्त होगी।
❖ जो किसान ऑनलाइन पंजीकरण करना चाहते है वे ई–उपार्जन पोर्टल **https://uparjan.jharkhand.gov.in/** पर जा सकते है। इसके अलावे प्रज्ञा केंद्रों पर प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से भी पंजीकरण कराया जा सकता है।
❖ ई–उपार्जन पोर्टल में पंजीकृत सभी किसानों से अपील किया जाता है कि अपने नजदीकी लैम्पस में धान बेचना सुनिश्चित करेंगे। बिचौलियो के चक्कर में औने–पौने दर पर धान बिक्री न करें।
❖ किसानों से औने–पौने दर पर धान खरीदने वाले बिचौलियो पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।
❖ किसी भी जानकारी या सहायता के लिए किसान टोल–फ्री हेल्पलाइन 1967 या फिर 18002125512 पर कॉल कर सकते है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 368295 Simdega (25-26)_D



### उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(आपूर्ति शाखा)

**आम सूचना**

**खरीफ विपणन मौसम, 2025–26 हेतु**

सभी आम जन एवं किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिले में दिनांक–15.12.2025 से कुल 6 प्रखण्डों के 32 धान अधिप्राप्ति केन्द्रों (पैक्स/FPO) पर निबंधित किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2450.000 रूपयें प्रति क्विं0 की दर पर धान खरीद प्रारम्भ किया जायेगा। जिसका भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि अपने निकटतम धान अधिप्राप्ति केन्द्र(पैक्स/FPO) पर उक्त निर्धारित दर पर धान विक्रय करना सुनिश्चित करें।

**धान अधिप्राप्ति केन्द्रों की सूची**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मरकच्चो | मरकच्चो पैक्स | कोडरमा | कोडरमा पैक्स |
| | सिमरिया पैक्स | | लरियाडीह पैक्स |
| | जामू पैक्स | | पथलडीहा पैक्स |
| | महिला फारर्मर प्रोडयूसर मरकच्चो | | महिला फारर्मर प्रोडयूसर पथलडीहा |
| | चोपनाडीह पैक्स | | झुमरी तिलैया पैक्स |
| | योगीडीह पैक्स | | कोडरमा बहु0 स0 स0 |
| सतगावां | समलडीह पैक्स | | चेचाई पैक्स |
| | जोगीडीह पैक्स | जयनगर | डण्डाडीह पैक्स |
| | खुट्टा पैक्स | | सतडीहा पैक्स |
| | मीरगंज पैक्स | | रूपायडीह पैक्स |
| | नावाडीह पैक्स | | परसाबाद पैक्स |
| | टेहरो पैक्स | | बेहराडीह पैक्स |
| | इटाईं पैक्स | डोमचांच | ढाब पैक्स |
| चन्दवारा | आरागारो पैक्स | | बगरीडीह पैक्स |
| | चन्दवारा पैक्स लि0 | | खरखार पैक्स |
| | | | बगडो पैक्स |
| | | | डोमचांच पैक्स |

ह0/–उपायुक्त कोडरमा

PR 368339 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)25-26*D

## संक्षिप्त समाचार

### एमएमके इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता 2025, फाइनल मुकाबला सफलतापूर्वक संपन्न



**रांची :** एमएमके हाई स्कूल द्वारा आयोजित एमएमके इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का रोमांचक फाइनल मुकाबला आज महात्मा गांधी स्टेडियम, बरियातू में एमएमके ग्रीन एवं एमएमके ब्लू टीमों के बीच खेला गया। दर्शकों से भरे मैदान में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर एमएमके ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 126 रन बनाए। ग्रीन टीम की ओर से अरहान ने सर्वाधिक 37 रन, राजन ने उपयोगी 26 रन का योगदान दिया। एमएमके ब्लू की गेंदबाजी में सौरव, शिव कुमार, तथा हिमांशुने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमएमके ब्लू ने संयमित और जिम्मेदार बल्लेबाजी का परिचय दिया। टीम ने 16.5 ओवर में 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर फाइनल मुकाबला जीत लिया। ब्लू टीम की जीत में जुनैद के 45 रन अंकित के 35 रन महत्वपूर्ण रहे। इसके अतिरिक्त गेंदबाजी में भी अंकित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके। फाइनल मुकाबले के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम को विनर ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक डॉ. तनवीर अहमद ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनकी सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### मानव अधिकार दिवस समाज के मानव अधिकार ढांचे की रीढ़ है : शिव किशोर शर्मा



**रांची:** आज विश्व मानव अधिकार दिवस एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल,नया टोली सिमलिया मे प्राचार्या शोभा देवी के निर्देशन में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मानव अधिकार मिशन के राज्य मीडिया सचिव शिव किशोर शर्मा विशेष रूप से मौजुद थे।विद्यालय के निदेशक सच्चिदानंद विश्वकर्मा एवं कार्तिक विश्वकर्मा ने विश्व मानव अधिकार दिवस के महत्व को बताते हुए कहा यह दिवस पूरे विश्व में 10 दिसंबर को मनाया जाता है।यह दिवस हर नागरिकों के लिए समानता,स्वतंत्रता एवं गरिमा सुनिश्चित करती है वही शिव किशोर शर्मा ने कहा मानव अधिकार दिवस समाज के मानव अधिकार ढांचे की रीढ़ है जहां हमें बिना किसी भेद भाव के शांति एवं सुरक्षा के साथ रहने, फलने और फूलने का अधिकार है। इसके पूर्व विद्यालय परिवार द्वारा आगामी 13 दिसंबर 2025 को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही 13 दिसंबर के वार्षिक खेलकूद समारोह मे मुख्यअतिथि के रूप मे मानव अधिकार मिशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता पी.के.लाला जी को आमंत्रित किया गया है जिसकी सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। सिमलिया बस्ती में दो पेड़ लगाकर मानव अधिकार दिवस को यादगार बनाकर कार्यक्रम समापन की गई।धन्यवाद ज्ञापित उपनिदेशक दयानंद विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

### निवेशकों के लिए बड़ा मौका, आईपीओ की राह हुई साफ

**रांची/जमशेदपुर :** निवेश की दुनिया में हमेशा कुछ न कुछ नया होता रहता है, लेकिन जब कोई बड़ी और भरोसेमंद कंपनी आईपीओ लेकर आती है, तो निवेशकों की नजरें तुरंत उसी पर टिक जाती हैं। ऐसा ही कुछ अभी हुआ है म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की दिग्गज कंपनी आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के साथ। लंबे समय से इस कंपनी के आईपीओ को लेकर बाजार में चर्चा चल रही थी और अब जाकर इसे वह मंजूरी मिल गई है, जिसका सभी इंतजार कर रहे थे। मुंबई स्थित इस कंपनी को सेबी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) से इसके इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए अंतिम हरी झंडी मिल गई है। कंपनी ने 8 जुलाई, 2025 को सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। यह आईपीओ प्रमोटर- प्रुडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के रूप में लाया जाएगा।

### संथाल में दो अधिकारियों के बूते हो रहा सर्वे का काम, 50 वर्षों से काम पेंडिंग : हेमलाल

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को संथाल परगना प्रमंडल में पिछले 50 वर्षों से हो रहे सर्वे सेटलमेंट के अधूरे काम का मुददा उठाया। उन्होंने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत कहा कि संथाल में 1973 से सर्वे सेटलमेंट का काम हो रहा है, लेकिन यह अब तक पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के 12273 गांवों का सर्वे होना है। इसमें से केवल 687 गांवों का ही सर्वे हुआ है। शेष 11586 गांवों का सर्वे का काम लंबित है। विधायक ने कहा कि प्रमंडल में 25 के मुकाबले महज दो सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों के बूते यह कार्य हो रहा है। उन्होंने सरकार से संथाल में सहायक बंदोबस्त? पदाधिकारियों की नियुक्ति कर जल्द सर्वे का काम पूरा कराने की मांग की। इसके जवाब में भू राजस्व मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि मानव संसाधान की कमी के कारण सर्वे का काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य के अन्य प्रमंडलों में भी सर्वे का काम लंबित है। मंत्री ने कहा कि राज्य में सीआई की परीक्षा का परिणाम जल्द आ जाएगा और कुछ पद प्रोन्नति देकर भी भरी जाएगी और सर्वे का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखड में सर्वे को लेकर अधिकारियों की टीम केरल और कर्नाटक भी गई थी। इस काम के लिए ड्रोन की मदद भी ली जा रही थी, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण इसे रोकना पडा। मंत्री ने कहा कि वे कुछ सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों की नियुक्ति कर संथाल में सर्वे के काम में तेजी लाने का प्रयास करेंगे। ताकि सर्वे का काम जल्द पूरा हो सके।

### रांची नागरिक समिति धूमधाम से मनाएगी लोहड़ी पर्व

**रांची :** रांची नागरिक समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति दिनांक 13 जनवरी 2026 को संध्या 6:00 बजे टेलीफोन एक्सचेंज रोड़ बडालाल स्ट्रीट अपर बाजार रांची के (मुहाने) चौराहे पर धूमधाम से लोहड़ी पर्व का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रांची के सांसद ,विधायक एफजेसीसीआई के अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी विभिन्न समाज से बुद्धिजीवी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जैसा कि आपको ज्ञात हो कि रांची नागरिक समिति के बैनर तले पिछले 39 सालों से लोहड़ी पर्व का आयोजन करता आ रहा है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने जगन्नाथ मंदिर में पांच जोड़ों का कराया विवाह

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** तुलसी विवाह एवं राम जानकी विवाह के उपलक्ष्य मे जरूरतमंद कन्याओं का घर बसाने का संकल्प लेते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रांची शाखा की बहनों द्वारा जगन्नाथपुर के प्रभु जगन्नाथ मंदिर के परिसर मे पांच जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। समारोह में रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला जिले के वर- वधुओं में दिलीप स्वासी संग सैथी सांगा, मतियस तिरकी संग मटिलदा होरो, अभय सिंह विछिया संग सोनी कुमारी, अभय लोहरा संग पूजा तिर्की, गेंदा संगा संग रानी सोरों परिणय सूत्र में बंधे।

यह आयोजन पिछले कई वर्षों से महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल के आह्वान पर होता आ रहा है। सामूहिक विवाह समारोह में दूल्हा-दुल्हन के कपड़े, चुनरी, कुर्ती, नाइटी,बेड, कोट पैंट ,तकिया, गद्दा, फोल्डिंग बेड -1 महीने का राशन, घड़ी, केसरोल, स्वेटर, शॉल, मच्छरदानी, कंबल,



बर्तन का सेट, जग, मग, बाल्टी, टब, बाथरूम का किट, पाटा, कुर्सी, टेबल, रामचरित मानस, आयरन, अटैची, बैग, मेकअप का सामान सहित अन्य कई सामग्रियां संस्था की तरफ से दी गई। विवाह के बाद सभी को शादी का सर्टिफिकेट भी दिया गया।

इस कार्यक्रम में रमाशंकर बगड़िया, अशोक नारसरिया, मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी ने नव विवाहित जोड़ियां को आशीर्वाद दिया। कन्याओं का कन्यादान पुष्पा अग्रवाल सुशीला अग्रवाल, अनुराधा सरावगी, सुनीता मेवाड़ा, अन्नू पोद्दार ने किया। विवाह के उपरांत सभी लोगों ने एक साथ जगन्नाथ मंदिर में महा प्रसाद ग्रहण किया।

मौके पर नीरा बथवाल, रूपा अग्रवाल, गीता डालमिया, अलका सरावगी, रांची शाखा की अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, बीना मोदी, मंजू केडिया, प्रीती बंका, छाया अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रेनू छापरिया, विद्या अग्रवाल, बीना बुबना, मीरा टिंबरेवाल, करुणा अग्रवाल, मंजू गाड़ोदिया, ममता बूबना, डॉ अर्चना अग्रवाल, रेनू राजगढ़िया, जया विजावत, नीरा नारसरिया, कमला विजयवर्गी, नेहा तुलसियान आदि उपस्थित थीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

# थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन ने मनाया मानवाधिकार दिवस

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**रांची :** विश्व मानवधिकार दिवस पर झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन एवं लहू बोलेगा रक्तदान संगठन रांची के नेतृत्व में थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ितों/परिजनों/रक्तदान आयोजकों/सामाजिक चिंतकों द्वारा परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर झारखंड सरकार का आभार प्रकट कर सभी को मिठाई खिलाई गई। विधायक प्रदीप यादव को झारखंड मानवधिकार योद्धा सम्मान-2025 से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं परिजनों द्वारा बुके, मिठाई एवं आशीर्वाद/दुआ दी।

आभार कार्यक्रम में रक्तदान एवं थैलेसीमिया संगठनकर्ता रक्तवीर नदीम खान एवं थैलेसीमिया पीड़ितों के परिजनों में देवकी देवी, फरेआह बिलकिस, सीमा देवी, बिमला कच्छप, ललिता देवी, लीला देवी, माजिदा खातून, तरन्नुम प्रवीण, अजीत कुमार मिश्रा पंडित जी,संजय महतो,पीड़ित बच्चों में सोनम कुमारी, प्रगति प्रकाश,राबे हसन लहू बोलेगा के साजिद उमर, अकरम राशिद, रवि दास, बुलंद अख़्तर एवं अन्य शामिल थे।

# रेल मंत्री से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की इस मुलाकात के क्रम में सेठ ने रांची को दी जा रही रेल परियोजनाओं के लिए उनके प्रति आभार जताया और रांची में रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर आग्रह पत्र भी सौंपा।

अपने पत्र में सेठ ने कहा कि झारखंड की राजधानी होने के कारण रांची से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। कई शहरों से सीधे कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण उन्हें बड़ी समस्या होती है। इसके समाधान हेतु विभिन्न ट्रेनों के परिचालन और फेरे बढ़ाने जैसे विषयों की तरफ सकारात्मक पहल आवश्यक है।



उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि रांची से आनंद विहार को जाने वाली हटिया आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ट्रेन नं.-12825/12826) का विस्तार जयपुर तक किया जाए। इससे झारखंड और राजस्थान की कनेक्टिविटी सुगम हो जाएगा। रांची से अहमदाबाद के लिए नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया जाए। इससे देश के कई राज्यों की कनेक्टिविटी हो सकेगी। इस ट्रेन के परिचालन से आम जनता का आवागमन भी सुगम हो सकेगा। रांची से लोहरदगा के लिए एक पैसेंजर ट्रेन चलती है। इस पैसेंजर ट्रेन के फेरे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक लोग सुगम यात्रा कर सकें। इसकी मांग भी क्षेत्र की जनता लंबे समय से कर रही है। रांची, सिल्ली, मुरी के लिए भी एक नई मेमू ट्रेन के परिचालन की आवश्यकता है। प्रतिदिन इन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान, विद्यार्थी, नौकरी-पेशा से और व्यवसाय से जुड़े रांची आवागमन करते हैं। ऐसे में नई मेमू ट्रेन का परिचालन यात्रा को और भी सुगम बनाएगा। हटिया-सांकी पैसेंजर/एक्सप्रेस (ट्रेन नं०-58663/58664/58665/58666) का विस्तार बरकाकाना-हजारीबाग टाउन तक किया जाए। ऐसा किए जाने से आम जनता की यात्रा कम खचीर्ली और सुगम हो सकेगी। बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी।

रक्षा राज्य मंत्री ने रेल मंत्री से रांची बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस को सप्ताह में तीन दिन वाया बक्सर होते हुए चलाने का आग्रह किया।

उसके अतिरिक्त धरती आबा एक्सप्रेस, हटिया पुने एक्सप्रेस, हटिया एलटीटी एक्सप्रेस, हटिया बेंगलुरु एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने का भी आग्रह सेठ ने रेल मंत्री से किया है।

सेठ ने मंत्री से कहा कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं और आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए उपरोक्त मांगों पर आवश्यक कार्यवाही कर, दिशा निर्देश जारी किया जाए।

### कांग्रेस की रैली देश में लोकतंत्र बचाने का महत्वपूर्ण प्रयास : बंधु तिर्की

**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि अगले 14 दिसम्बर को नयी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होनेवाली कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली का पूरे देश में न केवल व्यापक असर होगा बल्कि इससे आम लोगों को चुनाव आयोग की भारतीय जनता पार्टी के साथ संलिप्तता तथा आम जनमानस को इस बेहद महत्वपूर्ण विषय पर जागरुक करने में भी भरपूर सहायता मिलेगी. श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस की रैली देश में लोकतंत्र बचाने का एक वैसा महत्वपूर्ण प्रयास है जिसमें सफलता तो सुनिश्चित है ही साथ ही इसे लम्बे समय तक याद रखा जायेगा. आज राजधानी में अपने आवास पर आयोजित एक समारोह में महात्मा गांधी की अनुयायी लगभग 300 टाना भगतों को रवाना करने से पूर्व संवाददाताओं से बातचीत करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि अगले 14 दिसम्बर 2025 को नयी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होनेवाली इस रैली का पूरे देश में न केवल व्यापक संदेश जानेवाला है बल्कि इससे आम लोगों को अपने अधिकारों की भी जानकारी मिलेगी.

# एसआईएच 2025 में बीआईटी मेसरा की टीम ने दर्ज की उल्लेखनीय जीत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा की टीम विंटर इज आवर्स ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले में विजय हासिल की है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई थी।




टीम का नेतृत्व कृष रस्तोगी ने किया, जबकि टीम में दक्ष क्वेरा, प्रत्याषा पलित, प्रशुन राज, अदनान आदिल और इशान सिंह शामिल थे। टीम को डॉ. आनंद प्रसाद सिन्हा और डॉ. विशाल एच. शाह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिता के लिए टीम ने एक एआई-संचालित केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म विकसित किया, जिसका उद्देश्य पीएम-अजय योजना, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत लाभार्थी पहचान और वित्तीय समावेशन जैसी महत्वपूर्ण चुनौती का समाधान प्रदान करना था।

इस प्लेटफॉर्म में स्वचालित लाभार्थी पहचान एल्गोरिदम, दिव्यांगजन के लिए एआई-आधारित फॉर्म भरने की सुविधा, और वॉइस-कमांड आधारित वेबसाइट एक्सेस जैसी प्रमुख सुविधाएँ शामिल हैं।

36 घंटे तक चले इस राष्ट्रीय हैकाथॉन में तीन चरण थे, जिनमें प्रत्येक चरण में मेंटरशिप और जूरी मूल्यांकन शामिल था। टीम के नवोन्मेषी और प्रभावशाली समाधान ने उन्हें देशभर की प्रतिस्पर्धी टीमों के बीच शीर्ष स्थान दिलाया।

# दलाई लामा के 90 वें अवतरण दिवस पर बिरहोरों के बीच किया गया स्वेटर, शॉल, कंबल का वितरण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** परम पावन दलाई लामा के 90 वें अवतरण दिवस एवं मानवाधिकार दिवस के अवसर पर रांची जिले के अनगड़ा प्रखंड के पहाड़ सिंह ग्राम के बिरहोर टोला में लुप्तप्राय 500 जनजातियों के छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों के बीच टोपी, स्वेटर, जैकेट, शॉल एवं कंबल का वितरण किया गया। इसका वितरण तिब्बती पोताला स्वेटर मार्केट एसोसिएशन ने किया।

ग्रामीण इस तरह के वितरण से काफी खुश नजर आए क्योंकि




एक को तीन से चार स्वेटर, जैकेट, शॉल एवं एक-एक कंबल दिया गया। बिरहोर लोग गर्म कपड़े पाकर काफी खुश नजर आए।

लोगों का कहना था कि आज तक इस तरह का कभी वितरण नहीं किया गया। गर्म कपड़े के लिए अब दो-तीन वर्ष तक सोचने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

बिरहोर टोला में बिरहोर परिवार के लगभग 40-50 घर हैं। वितरण के उपरांत तिब्बती पोताला मार्केट एसोसिएशन के लोगों ने भोजन की भी व्यवस्था की थी। सभी लोगों ने साथ मिलकर भोजन किया।

मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीरिंग दोरजे, एन दोरजे, लोबसंघ, रिमझिम, करमा, टीतले, करमा दोरजे एवं भारत तिब्बत मैत्री संघ के महामंत्री अनिल अरुण, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा एवं ग्रामीणों में प्रमुख पूर्व जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, जयराम महली, वीरेंद्र प्रमाणिक, गोकुल चंद्र महतो, बुधराम बेदिया, इंद्रनाथ महली, नरेश बिरहोर, सोहरी बिरहोर आदि उपस्थित थे।

### वी बिजनेस ने स्मार्ट गैस मीटरिंग सॉल्यूशंस के साथ आईओटी पोर्टफोलियो का किया विस्तार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची:** भारत की प्रमुख टेलीकॉम कंपनी वी की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस और भारत की अग्रणी आईओटी सॉल्यूशंस प्रोवाइडर ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के लिए स्मार्ट गैस मीटरिंग सॉल्यूशंस के साथ अपने एडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा की है। वर्ष 2018 में भारत में पहली बार स्मार्ट मीटर एनर्जी इकोसिस्टम में अग्रणी होने के नाते, वी बिजनेस अब भारत के तेजी से बढ़ते सीजीडी सेक्टर की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी आईओटी और एएमआई क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। यह यूटिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने, ऑपरेशनल स्टैंडर्ड्स को बेहतर बनाने और एनर्जी वैल्यू चेन में डिजिटल मीटरिंग को अपनाने में तेजी लाने के लिए सरकार के प्रयासों का समर्थन करने की वी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

# इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा मेगा अपरेंटिसशिप सह जॉब फेयर का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड परिसर में आज मेगा अपरेंटिसशिप सह जॉब फेयर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण बोर्ड, पूर्वी क्षेत्र के सहयोग से आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के बीच समन्वय को मजबूत करना तथा युवाओं को अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना था।

इस वर्ष आयोजित मेले में 40 से अधिक प्रतिष्ठित संगठनों ने भाग लिया जिनमें हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेडए, सीएमपीडीआई, बीसीसीएल, सीसीएल, मेकॉन, जेएमटी ऑटो, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज सहित कई प्रमुख सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियाँ शामिल थीं।

झारखंड एवं आसपास के राज्यों के 1000 से अधिक छात्रों ने कार्यक्रम में पंजीकरण कराया जो विश्वविद्यालय की उद्योग अकादमिक पहलों के प्रति युवाओं के उत्साह एवं विश्वास को दर्शाता है।



कार्यक्रम का संचालन इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के आईआईसी अध्यक्ष प्रो. सुमित कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया जिन्होंने उद्योग जगत, सरकारी एजेंसियों एवं अकादमिक संस्थानों को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. रंजीत सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा ऐसे पेशेवर तैयार करना रहा है जो मूल्य दक्षता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण हों। आज का जॉब फेयर उद्योग सहयोग के महत्व को पुनः स्थापित करता है जिससे युवा प्रतिभाओं के लिए नए करियर मार्ग प्रशस्त होते हैं। जब विद्यार्थी प्रतिष्ठित कंपनियों से संवाद करते हैं तो वे केवल नौकरी नहीं ढूंढ़ते वे संभावनाओं सपनों और उद्देश्यपूर्ण भविष्य की खोज करते हैं।


पूर्व मध्य रेल

ई—निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई—निविदा सं० :** ईसीआर—सीएओ—सी—एस—एटेन—गया—02, **कार्य का नाम :** पूर्व रेलवे के धनबाद मंडल में चोपन—चुनार दोहरीकरण कार्य के संबंध में चौ. 141.430 से चौ. 143.070 के बीच छोटे पुलों का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, निर्माण में मिट्टी का काम, कंबलिंग, गिट्टी की आपूर्ति सहित स्थायी मार्ग को जोड़ना, पी.वे सामग्री का परिवहन, निर्माण कार्य, पानी की पाइप लाइन और अन्य संबंधित कार्य। **आकलित लागत (रू.) :** 18,99,71,720.68, **बोली प्रतिभूति (रू.) :** 10,99,900.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) महीने

उप मुख्य अभियंता (निर्माण)
पूर्व मध्य रेलवे, गया

पीआर/1440/कॉन गया/टी/25—26/24

# कुजू ओपी का नया भवन बनने का रास्ता साफ, बोंगावार में चिन्हित हुआ जमीन

**आजादी के 78 वर्ष बाद अपने भवन में स्थापित होने जा रहा कुजू ओपी, आवंटित हुई जमीन**

रांची एक्सप्रेस

**रामगढ़।** देश को आजाद हुए 78 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। आजादी के बाद देश में विकास की गंगा बहती। लेकिन इस गंगा से रामगढ़ जिले का कुजू ओपी अछूता ही रह गया था। 78 वर्ष बाद कुजू ओपी अब खुलकर सांस लेगा। इतने लंबे वर्षों तक कभी किराए पर तो कभी सीसीएल के भवन में संचालित होने वाला कुजू ओपी अब अपने सरकारी भवन में स्थापित होने जा रहा है।

**नया भवन निर्माण के लिए आवंटित हुआ दो एकड़ जमीन** -कुजू ओपी भवन के निर्माण के लिए मांडू अंचल अधिकारी ने दो एकड़ जमीन आवंटित की है। यह जमीन रांची पटना मुख मार्ग के किनारे बोंगाबार में है यहां पर आप का भवन निर्माण होने से पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि जिस भवन में कुजू ऑफिस संचालित हो रहा है उसकी हालत काफी का जर्जर है जिसके कारण लगातार नए भवन के लिए जमीन की तलाशी की जा रही थी इसी कड़ी में पुलिस और प्रशासन के बेहतर तालमेल से जमीन की तलाश पूरी हो गई और नए भवन के लिए कुछ आप को 2 एकड़ जमीन को आवंटित किया गया है।



**रामगढ़ एसपी को मिली बड़ी उपलब्धि**-यह उपलब्धि रामगढ़ एसपी अजय कुमार के लिए काफी बड़ी मानी जा रही है। जिले में कई एसपी आए और चले गए। लेकिन अजय कुमार ने अपने नाम जितनी पताखा पहराई, उतनी उपलब्धि किसी पदाधिकारी के नाम नहीं रही। आम नागरिकों के साथ बेहतर संबंध बनाने हो, अपराधियों पर नकेल कसना हो, पुलिस पदाधिकारी और जवानों को सुविधा उपलब्ध करानी हो या किराए पर चल रहे थाने को सरकारी जमीन आवंटित करनी हो। हर मामले में एसपी अजय कुमार के कुशल नेतृत्व में सफलता ही हाथ लगी।

**53वें थानेदार आशुतोष सिंह की पहल पर आवंटित हुई जमीन**- जिले के कुजू ओपी जब बनाया गया तब, एक निजी भवन में किराए पर चल रहा था। वर्ष 1987 में सीसीएल के अधिकारियों द्वारा खाली किए गए क्वार्टर में कुजू ओपी को स्थापित किया गया। सीसीएल के भवन में अभी तक कुजू ओपी का संचालन होता रहा है। इस दौरान ओपी में 53वें ओपी प्रभारी के रूप में पदस्थापित हुए। लेकिन सरकारी जमीन पर भवन निर्माण हो इसके लिए 53वें ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने पहल की। एसपी अजय कुमार ने जब आशुतोष कुमार सिंह को कुजू ओपी प्रभारी बनाया, तब यहां की समस्या को ओपी प्रभारी ने उजागर किया। उन्होंने एसपी को जमीन आवंटित कराने के लिए चिट्ठी लिखी। एसपी के आदेश पर ओपी प्रभारी ने मांडू अंचल अधिकारी को जमीन आवंटन के लिए चिट्ठी लिखी। इसके बाद मांडू अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने बोंगाबार में दो एकड़ जमीन कुजू ओपी के निर्माण के लिए आवंटित कर दी।

## रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन, 55 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

● स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए वरदान, रक्तदाता होना सौभाग्य की बात : मुख्य अतिथि




रांची एक्सप्रेस

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के मुरुबंदा स्थित रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार को मुस्कुराहटें संस्था द्वारा कॉलेज के एनएसएस यूनिट एवं आईआईसी के सौजन्य से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के सीएसआर योजना के अंतर्गत रिम्स रांची स्थित ब्लड बैंक के लिए किया गया। शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 55 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्या डॉ.शरवानी रॉय एवं विशिष्ट अतिथि अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष गीतांजलि सिंह, कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. नजमुल इस्लाम, सीसीएल रजरप्पा के स्टाफ ऑफिसर प्रदीप कुमार रामदास, स्टाफ ऑफिसर रामानुज प्रसाद, एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ.निशि कांत होरो, डॉ.विवेक रंजन शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए वरदान है। रक्तदाता होना अत्यंत ही सौभाग्य की बात है। सभी योग्य रक्तदाताओं को निरंतर रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचानी चाहिए। वहीं, विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि रक्तदान करने से रक्तदाता को भी अनेक फायदे होते है। इसलिए समय-समय पर सभी युवाओं को अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्कुराहटें संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद वर्मा और संचालन कॉलेज के एनएसएस यूनिट के समन्वयक रूपम पॉल ने किया। शिविर में रिम्स ब्लड बैंक की डॉ.कविता देवगढ़िया एवं डॉ.उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के आशीष नारायण, कोमल कुमारी, पल्लब दास, अरुणा दत्ता, असीम महतो, नीलेश कुमार, बागेश कुमार, चंदन राज, संस्था के कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, राज कुमार, शेखर कुमार दांगी, सुभाष कुमार, बबलू कुमार, एनएनएस यूनिट के जयगोपाल डे, अभिषेक कुमार सिंह, श्वेत कुमार सिंह, प्रतीक कुमार, गौरी कुमारी, प्रीति चक्रवर्ती सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो विधायक को सौंपा मांग-पत्र

● विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा और 3451 आचार्य पदों पर नियुक्ति करने की उठाई मांग



रांची एक्सप्रेस

**रजरप्पा।** प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची विधानसभा परिसर स्थित विधायक आवास में बोकारो विधायक श्वेता सिंह से मिला और विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण एवं नियुक्ति से जुड़ी अपनी प्रमुख मांगें उनके समक्ष रखी। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को सौंपे गए मांग पत्र में विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने तथा इसके उपरांत 3451 प्रशिक्षित विशेष सहायक आचार्य पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। सदस्यों ने बताया कि पूर्ण दृष्टिबाधित, अल्प दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, मुख्य बधिर, बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए प्रशिक्षित विशेष शिक्षकों की भारी आवश्यकता है। विधायक श्वेता सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जिन प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त डिप्लोमा या बीएड प्रशिक्षण लिया है, उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इस विषय पर विधानसभा सचिव को पत्र लिखकर अवगत कराएंगी और शिक्षा सचिव से भी बातचीत कर समाधान का प्रयास करेंगी। प्रतिनिधिमंडल में प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ के अध्यक्ष पॉवेल कुमार, सचिव विश्वनाथ महतो, जितेंद्र कुमार, निरंजन कुमार, सीता मुंडा, निवेदिता कुमारी, चंचला कुमारी, प्रियंका मेहता, सुनीता मुंडा, कुमारी सुप्रिया, संतोष कुमार, ओम प्रकाश, रंजीत कुमार, अजय दिनकर, अनिल पाठक, सुधीर पाठक, बुद्धदेव रजक, सर्वेश कुमार, राजदेव कुमार, युगल तिर्की, संगीता कुमारी आदि शामिल थे।

## गरीब समाजसेवी संघ का हुआ पुनर्गठन

● अध्यक्ष मनोज राम व सचिव बने पप्पू सिंह



**भुरकुंडा।** गरीब समाजसेवी संघ की बैठक मतकमा चौक स्थित मैरेज हॉल में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष मनोज राम, सचिव पप्पू सिंह, कोषाध्यक्ष उदय स्वर्णकार को चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर अध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि मुझे जो जिम्मवारी सौंपी गई है उसे निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से निभाउंगा। सचिव पप्पू सिंह ने संघ के सभी सदस्यों को जोड़कर क्षेत्र में बेहतर सेवा प्रदान करूंगा। उन्होंने कहा कि संघ का विस्तार करना, मोतियाबिंद, रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करना, कंबल वितरण संघ द्वारा लगातार किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बड़कागांव विधायक से एक एम्बुलेंस की मांग करने की बात कही, ताकि समय पर लोगों को बेहतर इलाज मिल सके। मौके पर संघ के संरक्षक रमेश राम, अशोक चौहान, सलाहकार दिनकर कुमार सिंह, प्रदीप कुमार अग्रवाल, ननकू महतो, उपाध्यक्ष सविता देवी, लीला सागर, रेणुका दास, सहसचिव विजय लक्ष्मी शर्मा, सुभाष करमाली, सह कोषाध्यक्ष रोहिणी कुमारी, विनोद साह, संगठन मंत्री अजय सोनी, पिंकी सागर सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## जेएम कॉलेज के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**फुटबॉल व चेस में मारी बाजी, टीम का हुआ जोरदार स्वागत**

**भुरकुंडा।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित फुटबॉल व चेस प्रतियोगिता में जेएम कॉलेज भुरकुंडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों प्रतियोगिताओं की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस उपलब्धि पर गुरुवार को कॉलेज परिसर में विजेता खिलाड़ियों का बैंड-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके पूर्व बिरसा चौक से कॉलेज तक विजयी जुलूस निकाला गया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्या शीला सिंह ने टीम मैनेजर डॉ.शिव शंकर सिंह, प्रो.सत्येंद्र नारायण सिंह और खेल प्रशिक्षक हृदय नारायण सिंह समेत सभी खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्राचार्या शीला सिंह ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का मान बढ़ाया है। खेल प्रशिक्षक हृदय नारायण सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ मैदान में दबदबा बनाए रखा। हमें विश्वास है कि वे अंतर-विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में भी चैम्पियन बनेंगे। विजय जुलूस में प्राचार्या शीला सिंह, डॉ. विरेन्द्र सिंह, प्रो. सावित्री विश्वकर्मा, प्रो. राम प्रमोद सिंह, प्रो. अरूणजय सिंह, प्रो. सिकन्दर कुमार, प्रो. विजय मिश्रा, प्रो. अंजनी सिंह, दीपक झा, कुंवर रंजीत कुमार सिंह, किशोर कुमार, रंजीत सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, अशोक कुमार, अर्जुन कुमार, बाबूलाल नायक सहित कई शिक्षक व छात्र शामिल थे। विजेता फुटबॉल टीम में कैप्टन देवराज कुमार बेदिया, राजन कुमार सोरेन, विमल कुमार, हर्ष बेदिया, निकेश्वर बेदिया, जयबीर सिंह, दिनेश दोहरा, आशीष उरांव, रावल बेदिया, संतोष कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, लिपट कुमार, सोनू कुमार, निवेदन भुंडा, अजय कुमार समेत अन्य खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर पीटीपीएस कॉलेज पतरातू में आयोजित चेस प्रतियोगिता में जेएम कॉलेज की पारुल कुमारी ने हर राउंड में विजय का परचम लहराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें भी कॉलेज परिवार ने सम्मानित किया। जेएम कॉलेज भुरकुंडा की इस दोहरी जीत से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।



## डीएवी रजरप्पा के विद्यार्थियों ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रजरप्पा।** विज्ञान भारती द्वारा विज्ञान प्रसार, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार और एनसीईआरटी के सहयोग से आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) परीक्षा 2025-26 में रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के तीन छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छठी और सातवीं कक्षा के प्रतिभाशाली विद्यार्थी अलिश्बा सरफराज, शौर्य भूषण और उत्कर्ष कुमार ने इस वर्ष भी सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह परीक्षा 19 और 23 नवंबर को ऑनलाइन माध्यम से विद्यालय स्तर पर संपन्न हुई थी, जिसमें झारखंड राज्य के अनेक स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। रामगढ़ जिले के सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के इन तीन बच्चों ने अपनी सफलता से न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान भी सुनिश्चित किया। इस उपलब्धि पर झारखंड जोन-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एवं डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ.एसके शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने वीवीएम के विद्यालय संयोजक व रसायन शास्त्र के वरिष्ठ शिक्षक रामेंद्र कुमार की भी प्रशंसा की, जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने यह सफलता प्राप्त की। विद्यालय के ये तीनों विजयी प्रतिभागी अब आगामी राज्यस्तरीय परीक्षा में भाग लेंगे, जो 28 दिसंबर को धनबाद स्थित सीआईएमएफआर (केंद्रीय खनन एवं इंधन अनुसंधान संस्थान) में आयोजित की जाएगी।

## रामगढ़ महाविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया

रांची एक्सप्रेस

**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में गुरुवार को भारतीय भाषा दिवस पर एक सेमिनार के तौर पर भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। सेमिनार में छात्र-छात्राओं ने भारतीय भाषाएंः अवसर एवं चुनौतियां विषय पर अपने-अपने विचार दिए। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि भाषाएं संवाद का माध्यम होता है। भारत में भाषाओं की दृष्टि से भी देखा जाए तो विविधता में एकता है किसी भी भाषा को हेय दृष्टि से नहीं देखना चाहिए ना ही उसका विरोध करना चाहिए। भाषा से राष्ट्रीय भावना का विकास होता है आपस में बराबरी का भाव बढ़ता है। हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अनामिका ने कहा की हमारे देश में 22 भाषण अनुसूची आठ में दर्ज है। लेकिन देश के अन्दर 100 से अधिक भारतीय भाषाएं है। भारतीय भाषाएं हमारी संस्कृति के परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी या अन्य भारतीय भाषाओं का विकास आवश्यक है लेकिन यह काम अंग्रेजी के विरोध किए बिना भी किया जा सकता है अंग्रेजी से दूर रह कर भी विकास असंभव सा प्रतीत होता है।



## राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में विश्व वन्यप्राणी संरक्षण दिवस का हुआ आयोजन

**वन्यप्राणी हमारे अमूल्य धरोहर हैं और इनके संरक्षण के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए:कुलाधिपति**

रांची एक्सप्रेस

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के तत्वाधान में गुरुवार को विश्व वन्यप्राणी संरक्षण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में जंतु विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यजीवों की रक्षा की जानकारी, उनके महत्व के प्रति जागरूक फैलाना और अवैध शिकार तथा तस्करी को रोकना है। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वन्यप्राणी हमारे अमूल्य धरोहर हैं और इनके संरक्षण के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। वही, सचिव प्रियंका कुमारी अपने संबोधन में सभी को वन्यजीव संरक्षण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि वन्यजीव हमारे पर्यावरण एवं परस्थिति तंत्र के लिए अत्यंत जरूरी है। जबकि, कुलपति प्रो डॉ रश्मि ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रकृति को सुरक्षित रखेगा। विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण विषय पर व्याख्यान दिया। संचालन विभाग के व्याख्याता डॉ अपराजिता सोनी ने किया। कार्यक्रम में क्विज, पेंटिंग प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विज्ञान संकाय के सभी विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## डीसी ने पतरातू प्रखंड कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**पतरातू प्रखंड में निर्मित 100 बेड के प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल को हैंडोवर करने का दिया निर्देश**





रांची एक्सप्रेस

**रामगढ़।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने गुरुवार को पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू सहित अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान डीसी ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने बालिकाओं से सीधा संवाद करते हुए उन्हें विद्यालय के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से भी बच्चों के शिक्षा संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। डीसी ने विद्यालय में फिल्ट्रेशन प्लांट लगाने का निर्देश दिया गया।

**स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का डीसी ने लिया जायजा** -कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू के उपरांत डीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। डीसी के द्वारा केंद्र के माध्यम से आम जनों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं डीसी ने स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित मरीजों से भी कई विषयों पर चर्चा की एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**नवनिर्मित 100 बेड के प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल का किया निरीक्षण**-दौरे के क्रम में डीसी के द्वारा पतरातू प्रखंड कार्यालय के समीप नवनिर्मित 100 बेड के प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल का निरीक्षण किया गया। मौके पर डीसी के द्वारा भवन का निरीक्षण करते हुए भवन को हैंडोवर करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया। वहीं अस्पताल का संचालन शुरू कर आम जनों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण**- इन सबके अलावा दौरे के दौरान डीसी के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पतरातू का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कमरों का निरीक्षण करते हुए कार्यालय के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यों से आने वाले आम जनों को लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## आजसू छात्र संघ ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, शिक्षा के लिए भिक्षा आंदोलन का किया ऐलान

**हम भिक्षा मांगकर भी शिक्षा का हक दिलाएंगे:पीयूष चौधरी**



रांची एक्सप्रेस

**रामगढ़।** आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में गुरुवार को आजसू छात्र संघ ने छात्र समस्याओं को नई दिशा देने को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान पीयूष चौधरी ने राज्य सरकार की छात्रवृत्ति नीतियों पर कड़ी चिंता जताई। उन्होंने 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शिक्षा के लिए भिक्षा आंदोलन शुरू करने का औपचारिक ऐलान किया। जो छात्रों के भविष्य को बचाने की दिशा में एक मजबूत पहल है। पीयूष चौधरी ने कहा कि झारखंड सरकार की लापरवाही से छात्रवृत्ति का पैसा समय पर न मिलने से हजारों छात्रों की पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। आर्थिक तंगी के कारण कई विद्यार्थी कॉलेज छोड़ने को विवश हो रहे हैं। यह आंदोलन सरकार को जगाने के लिए है। हम भिक्षा मांगकर भी शिक्षा का हक दिलाएंगे। सभी छात्र-छात्राओं से अपील है कि एकजुट होकर इसमें शामिल हों। उनकी बातों ने युवाओं में जोश भरा। वही, युवा आजसू प्रदेश संयोजक एवं रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने आंदोलन को पार्टी का समर्थन देते हुए कहा कि आजसू हमेशा छात्र हितों के लिए लड़ती रही है।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये थे उपस्थित**-प्रेस कॉन्फ्रेंस में छात्र संघ जिलाध्यक्ष देव महतो, कोषाध्यक्ष नीतीश निराला, युवा आजसू जिला सह-संयोजक मनोज महतो, रामगढ़ कॉलेज अध्यक्ष रोहित सोनी, युवा नेता हर्ष चौधरी, प्रखंड संयोजक विशु रजवार, प्रभारी कुणाल महतो,अरुण दांगी, रुपेश महतो, लालू महतो,अजय आस्था, शंकर पासवान, अजय पांडेय, अमित महतो आदि उपस्थित थे।

# आईपीएस (IPS) बनकर पिता के सपनों को पूरा कर दिखाया अविनाश कुमार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**जयनगर प्रखंड** अंतर्गत ग्राम मकतपुर निवासी अविनाश कुमार पिता स्व. मोती चौधरी कोडरमा जिले के एक छोटे से गांव के निवासी हैं। इनके पिता स्वर्गीय मोती चौधरी कोडरमा जिला सि एच प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक थे। यह हमेशा कहा करते थे, होनहार बिरवान की होत चिकने पात, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, इस कथन को इनके पुत्र अविनाश कुमार ने साबित कर दिखाया। पिता के द्वारा कही गई बातें, एवं शिक्षकों के द्वारा दी गई शिक्षा,कड़ी मेहनत के साथ गुणवत्ता शिक्षा एवं संस्कार को इन्होंने अपनी मेहनत से दृढ़ निश्चय होकर पिता के सपनों को आईपीएस ढ्ढक्क बनकर पूरा कर दिखाया। प्रारंभिक पढ़ाई इन्होंने अपने गांव मकतपुर में की थी। यह बचपन से पढ़ाई में हमेशा अवल रहे। मैट्रिक परीक्षा इन्होंने 1993 में जिला टॉपर स्थान में रहे। जिला टॉपर के साथ सभी संस्थान में भी बने रहे टॉपर। 12वीं की शिक्षा उन्होंने हजारीबाग स्थित संत कोलंबस कॉलेज से पूरी की और इसके बाद इसी प्रतिष्ठित संस्थान से केमिस्ट्री में स्नातक की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के प्रति गहरा झुकाव रखने वाले अविनाश ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय से पोस्ट-ग्रेजुएशन किया।

जिसमें वे विश्वविद्यालय के द्वितीय टॉपर रहे। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले बच्चों को भी दी शिक्षा इसके बाद आगे उन्होंने राजकीय प्रशिक्षण महाविद्यालय, हजारीबाग से बीएड की डिग्री प्राप्त की और यहाँ भी टॉपर बनकर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता को साबित किया। इसी दौरान उन्होंने मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर



रहे विद्यार्थियों को केमिस्ट्री पढ़ाना शुरू किया। पढ़ाने के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए संत रॉबर्ट कॉलेज, हजारीबाग में उन्हें केमिस्ट्री शिक्षक के रूप में चयनित किया गया।

जहाँ उन्होंने एक वर्ष तक सेवाएँ दीं। इंटरव्यू तक असफल होने के बाद दोबारा शुरू किया प्रयास उन्होंने बताया कि द्वितीय जेपीएससी में उन्होंने प्रीलिम्स और मेंस दोनों में सफलता प्राप्त की और इंटरव्यू तक पहुँचे। लेकिन अंतिम चयन नहीं हो पाया। पहली असफलता से निराश न होकर उन्होंने खुद को और मजबूत किया। इसी बीच उनकी नियुक्ति डीवीसी में सीनियर केमिस्ट के पद पर हुई। जहाँ वे पावर प्लांट की रासायनिक प्रणालियों की निगरानी करते थे। डीएसपी के रूप में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था में निभाई विशेष भूमिका अटूट मेहनत और धैर्य के साथ पुनः प्रयास करने पर तृतीय जेपीएससी में उन्होंने उत्कृष्ट रैंक हासिल की और डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस पद के लिए चयनित हुए।

इसके बाद उन्होंने बरही, सरायकेला और चतरा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाईं। विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा को प्राथमिकता देने में उनकी भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। वर्षों की ईमानदार सेवा और कड़ी मेहनत के आधार पर अविनाश कुमार को भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नत करते हुए पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

आईपीएस बनने पर बधाई दिए केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, जमुवा विधायक मंजू देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, जिला अध्यक्ष रामधन यादव, जिला उपाध्यक्ष निर्मला देवी, प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता कोडरमा जिला एवं जयनगर प्रखंड के सभी विद्यालय के डायरेक्टर प्रिंसिपल सभी जनप्रतिनिधियों ग्राम वासियों ने बधाइयां दी।

## झुमरी तिलैया के श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में हुआ साइंस लैब का उद्घाटन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**झुमरी तिलैया** पानी टंकी जैन मुहल्ला स्थित श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में साइंस लैब का उद्घाटन विद्यालय के संयोजक सुनील जैन छाबड़ा, सह संयोजक पियूष जैन, ईशान जैन, किरण जी सेठी के कर कमलों से किया गया। साइंस लैब के इंचार्ज ब्रजेश कुमार ने कहा कि विज्ञान प्रयोगशाला की मुख्यता (महत्व) अनुभवात्मक शिक्षा, व्यावहारिक कौशल विकास, वैज्ञानिक सिद्धांतों की समझना, नवाचार को बढ़ावा देना और स्व-निर्देशित सीखने को प्रोत्साहित करना है, जहाँ छात्र प्रयोगों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करते हैं और उसे स्थायी बनाते हैं, जिससे वे वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने में सक्षम बनते हैं। मौके पर विद्यालय के इंचार्ज अभिषेक जैन ने साइंस लैब के उद्घाटन पर खुशी व्यक्त की। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि साइंस लैब खुलने से छात्रों में वैज्ञानिक सिद्धांतों का विकास होगा। मौके पर सुप्रिया गौरव, वसंत कुमार मानसी जैन, विनय गिरी, ऋतु जैन जूही सिंह, सौम्या जैन, ममता जैन, चाँदनी कुमारी, प्रतीक्षा सिंह, सूरज प्रकाश, सतीश सिन्हा, शुभम दास्का, अंजली मैम, मुस्कान गुप्ता, मुस्कान सिंह, सनाया मैम, शालनी मैम, अरुण सर, राकेश शर्मा सर, चौरसिया सर, आयुष सिंह आदि मौजूद रहे।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय कोडरमा में गुरुवार को महाविद्यालय के आइक्यूएसी के तत्वाधान में सहायक प्राध्यापक विनोद यादव के नेतृत्व में ÷ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स÷ पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि, ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स के अंतर्गत स्वयं (SWAYAM) पोर्टल में आप सभी प्रशिक्षु ऑनलाइन बिना



कोई शुल्क दिए अपने इच्छुक कोर्स को पूरा करके प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। हमारा महाविद्यालय स्वयं (SWAYAM) में लोकल चैप्टर के लिए रजिस्टर्ड है। आप प्रशिक्षु महाविद्यालय का नाम लोकल चैप्टर के रूप में चुनकर किसी भी कोर्स के लिए इनरोल हो सकते हैं। वहीं समन्वयक विनोद यादव ने स्वयं पोर्टल के बारे में पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। उन्होंने स्वयं पोर्टल पर शामिल संस्थानों, विभिन्न कोर्स, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, चयनित कोर्स में नामित होने, स्वमूल्यांकन, प्रमाण-पत्र आदि से संबंधित सभी बातों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षुओं को बताए। मौके पर सहायक प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण व सत्र 2025-27 के प्रशिक्षुगण शामिल थे।

## विधानसभा में गूंजा कोल वाहनों से हो रहे सड़क दुर्घटनाओं का मामला

**कोयले के परिवहन के लिए फोरलेन सड़क का हो निर्माण: विधायक टंडवा:**

**सिमरिया विधायक उज्जवल दास ने टंडवा**-सिमरिया में कोल वाहनों के परिचालन से निरन्तर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं का मामला विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाया। इस दौरान विधायक ने सदन को अवगत करवाते हुए बताया कि टंडवा में संचालित सीसीएल और एनटीपीसी की परियोजनाओं से कोयले के परिवहन के लिए आम सड़क का उपयोग किया जा रहा है,जिसके कारण आम लोगो की वाहनों के चपेट में आने से मौत हो रही है। उन्होंने इसका पूर्णतः जिम्मेदार सीसीएल और एनटीपीसी प्रबंधन को बताया। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन हर रोज लाखों टन कोयले का डिस्पैच एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा,राजधर व खलारी रेलवे साइडिंग एवं केरेडारी में संचालित एनटीपीसी खनन परियोजना के द्वारा कटकमसांडी,बचरा और टोरी रेलवे साइडिंग जैसे स्थानों पर किया जाता है लेकिन उक्त कोयले के सुरक्षित डिस्पैच, कोल वाहनों के परिचालन एवं आम लोगों की सुरक्षा के लिए अलग ट्रांसपोर्टिंग सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है?। जिसका नतीजा है पिछले एक दशक में कोल वाहनों के चपेट में आने से 1500 बेगुनाह लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने सरकार से आम लोगों की सुरक्षा के लिए फोरलेन सड़क निर्माण कराने की मांग की। डीएमएफटी में करोड़ों की उपलब्ध राशि- फिर भी फोर-लेन सड़क क्यों नहीं विधायक ने कहा कि जिले के डीएमएफटी फंड बना बैंक बैलेंस, रह गया है दिखावा, परेशानियों से लोग गुजर रहे हैं लेकिन इसका उपयोग विकास कार्यों टंडवा अंतर्गत नहीं किया जा रहा है।विधायक ने गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा कि-डीएमएफटी फंड में करोड़ों रुपये उपलब्ध होने के बावजूद भी फोर-लेन निर्माण शुरू क्यों नहीं हुआ। वहीं पथ निर्माण विभाग बताए कि बगरा मोड़-सिमरिया-टंडवा-पिपरवार मार्ग को फोर-लेन में अपग्रेड करने पर विचार कर रहा हैं। सड़क सुरक्षा नीति लागू करने की मांग टंडवा क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों की गंभीरता को देखते हुए विधायक उज्जवल दास ने एक प्रभावी एवं कठोर सड़क सुरक्षा नीति तत्काल लागू करने की मांग की।कहा कि सड़क की मरम्मत, लेन विस्तार और सुरक्षा उपायों में देरी जनता के जीवन को और अधिक जोखिमपूर्ण बना रही है। वहीं सड़क निर्माण पर सरकार का ने जवाब दिया कि डीपीआर तैयार हो रही मंत्री सुदिव्य कुमार,नगर विकास विभाग ने कहा कि रांची से टंडवा होते हुए, बगरा तक बनने वाले ट्रांसपोर्ट रोड सेंट्रल झारखंड कॉरिडोर के लिए तैयार की जा रही है।इससे उम्मीद जगी है कि शीघ्र ही सड़क निर्माण और विस्तार को लेकर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## पैक्स मे धान खरीदारी के लिए रजिस्ट्रेशन जारी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गिद्धौर।** पैक्स में जेएसएलपीएस एफपीओ में धान खरीदारी को लेकर किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। बता दें कि एफपीओ में जेएसएलपीएस से जुड़े महिलाओं का निशुल्क रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है जिसमें आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन के रसीद, मोबाइल नंबर लेकर एफपीओ में जाकर महिलाएं अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं इसके लिए कोई शुल्क नहीं है। वही अन्य किसानों के लिए पैक्स में निशुल्क रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। बिचौलियों से सावधान रहें।और उचित दाम पर धान बेचकर अपना इनकम बढ़ावे।

## बिरहोर युवक का आकस्मिक निधन, मौके पर पहुँचे बीडीओ

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**सतगावां।** थाना क्षेत्र के अम्वाबाद पंचायत अंतर्गत ग्राम खवासडीह बिरहोर टोला में बुधवार की रात में 32 वर्षीय युवक जितेंद्र बिरहोर पिता -पूरन बिरहोर का आकस्मिक निधन हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उक्त युवक का कुछ दिनों बीमार था।बुधवार की रात में युवक मछली चावल खाकर सो गया।सोने के कुछ घंटे के बाद उसे दस्त उल्टी होने लगा।इसी दौरान अचानक उसका निधन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ -ओम प्रकाश बड़ाईक ,सीओ- केशव प्रसाद



चौधरी ,पंचायत सचिव -पिंटू कुमार स्थानीय पंसस प्रतिनिधि दिवाकर कुमार ,मुखिया प्रतिनिधि -मनीष कुमार मौके पर पहुँच कर घटना की जानकारी ली। वहीं मृतक के परिजनों को आर्थिक रूप से सहयोग किया। साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## तिलैया थानान्तर्गत चोरी की मोटर-साईकिल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 08.12.2025 को अग्रसेन भवन गली से अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की गई हीरो होण्डा मोटरसाईकिल नं0 JH-02T-5116, जिसके संबंध में वादी मुमताज आलम पे0 स्व0 मंजूर आलम सा0 ग्राम झांझरी थाना बरकठा जिला हंजारीबाग के आवेदन के आधार पर तिलैया थाना कांड सं0 371/25, दि0 08.12.2025 धारा 303 (2) / बी0एन0एस0 दर्ज की गयी थी। उक्त चोरी की घटना में संलिप्त रहे अपराधी को झांझरी गली तिलैया के



आसपास देखा गया हैं। ऐसी सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए छापामारी की गयी तथा काण्ड का उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त बंटी पाण्डेय, उम्र 30 वर्ष, पिता बिरेन्द्र पाण्डेय, सा0 झांझरी गली नियर मंजु बारा अस्पताल थाना तिलैया जिला कोडरमा को गिरफ्तार किया गया तथा उसके निशानदेही पर कांड में चोरी गये काला रंग का मोटरसाईकिल जिसका चेचिस नं0 MBLHAIIERB9F03947, इंजन नं0- HAIIEDB9F07365 उसके घर से बरामद किया गया। गिरफ्तार किये गये आरोपी ने पूछताछ के क्रम में घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा बताया की वे अपनी बगैर रजिस्ट्रेशन की मोटरसाईकिल से रेकी कर मोटरसाईकिल की चोरी किये थे तथा अपने घर में छुपा कर रखे थे। तिलैया पुलिस द्वारा आगे कार्रवाई की गई । छापामारी दल में थाना प्रभारी, तिलैया थाना। स0अ0नि0 सुजीत कुमार, तिलैया थाना। और सशस्त्र बल थे।

## 15 लाख के अवैध अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रांची एक्सप्रेस संवादाता

**चतरा।** 15 लाख रुपये के अवैध अफीम के साथ दो अफीम तस्करो को गिरफ्तार किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति लोटार डैम के पास अवैध अफीम की खरीद बिक्री करने वाले हैं। उक्त सूचना के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा गिद्धौर थानान्तर्गत लोटार डैम से रोहमर जाने वाले रास्ते में दो व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में




आते दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे, उक्त दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया एवं उनके पास से सफेद प्लास्टिक में करीब 3.012 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या-103/25, दिनांक-11.12.2025, धारा-17 (सी0)/ 18(बी0)/21(सी0)/22(सी0)/27(ए)/28/29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट दर्ज न्यायायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार लोगो मे पप्पू कुमार, उम्र करीब-19 वर्ष, पिता-कैलाश यादव, सा0-सलगा, थाना-गिद्धौर एंव बबलू कुमार महतो, उम्र करीब-32 वर्ष, पिता-स्व लाटो महतो, सा0-पांडेय टोला, थाना-गिद्धौर, जिला चतरा का रहने वाला है।

छापामारी दल में शुभम् कुमार खण्डेलवाल, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया,पु0अ0नि0 शिवा यादव, थाना प्रभारी गिद्धौर थाना,स0अ0नि विद्यानंद शर्मा, गिद्धौर थाना, स0अ0नि रंजय कुमार सिंह, गिद्धौर थाना एंव गिद्धौर थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## चौकीदार के उपर महिला के साथ के बेरहमी से मारपीट करने का आरोप

रांची एक्सप्रेस संवादाता

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के मदगागड़ा पंचायत के दरिदाग गांव एक चौकीदार ने अपनी पोस्टिंग का धौस दिखाकर गलत तरीके से मारपीट करने लगे ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार से पता चला है की मंजू ने देवी अपने खेत में काम कर रही थी।जिसमे



राजेश कुमार यादव ,अभद्र भाषा की की प्रयोग करते हुए गली गलौज दिए और मारपीट करने लगे। अपना पद का चौकीदार का पद दिखाकर मारपीट करने का आरोप लगाया गया।

## निष्क्रिय खातों एवं अवादाकृत राशि की दावा प्रक्रिया हेतु जिला स्तरीय जागरूकता शिविर कल

रांची एक्सप्रेस संवादाता

**चतरा।** ÷आपकी पूंजी, आपका अधिकार÷ राष्ट्रीय अभियान के तहत चतरा जिले में निष्क्रिय बैंक खातों एवं अवादाकृत जमा राशि की दावा प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से 12 दिसंबर को 11 बजे जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) हॉल में जिला स्तरीय विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

अग्रणी जिला प्रबंधक एहसान अहमद ने बताया कि चतरा जिले में बड़ी संख्या में ऐसे खाते, सावधि जमा, पीपीएफ खाते एवं अन्य योजनाओं में निवेशित राशि लंबे समय से उपयोग में नहीं हैं।

कई नागरिक अपने पुराने खातों की जानकारी भूल चुके हैं, जबकि कुछ लोग दावा प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण अपनी ही जमा पूंजी तक नहीं पहुंच पाए हैं।

इन समस्याओं के समाधान तथा जनसाधारण को उनकी अवादाकृत राशि वापस दिलाने के उद्देश्य से यह विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।शिविर में आने वाले लोग अपने निष्क्रिय खातों की स्थिति, पुराने सावधि जमाओं, पीपीएफ तथा अन्य वित्तीय योजनाओं में पड़ी अवादाकृत राशि की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

साथ ही दावा दाखिल करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की सूची तथा राशि प्राप्ति की संपूर्ण प्रक्रिया विशेषज्ञों द्वारा सरल और स्पष्ट ढंग से समझाई जाएगी, ताकि किसी भी लाभार्थी को तकनीकी या प्रक्रियागत कठिनाइयों के कारण लाभ से वंचित न होना पड़े।

अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि ÷आपकी पूंजी, आपका अधिकार÷ अभियान के तहत देश के विभिन्न राज्यों में हजारों नागरिकों को वर्षों से रुकी अवादाकृत राशि सफलतापूर्वक वापस मिल रही है। चतरा जिले में भी इस अभियान से व्यापक स्तर पर लाभ मिलने की संभावना है, जिससे नागरिक अपनी भूली-बिसरी जमा पूंजी तक पुनः पहुंच बना सकेंगे।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपने निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने तथा अवादाकृत राशि के दावे की प्रक्रिया का लाभ अवश्य उठाएँ।

## होली जॉन स्कूल के बच्चों को कराया गया महर्षि कर्दम ऋषि पार्क का भ्रमण, बताया गया कोडरमा का इतिहास

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा** लोकाई स्थित होली जॉन स्कूल के बच्चों ने किया महर्षि कर्दम पार्क भ्रमण । पार्क के अंदर बने महर्षि कर्दम ऋषि के प्रतिमा के पास सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिए और फिर एक से बढ़कर एक झूले का आनंद बच्चों ने लिया और ढेर सारे मस्ती किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने सभी बच्चों के बीच अपने बातों को साझा करते हुए कहे कि कोडरमा का नाम सिर्फ अभ्रक से नहीं आया



इसका संबंध है एक महान पौराणिक महर्षि कर्दम के नाम से कोडरमा का नाम पड़ा है। मान्यताओं के अनुसार कोडरमा की यह इनकी तपो भूमि थी। कोडरमा का प्रसिद्ध ध्वजाधारी पहाड़ ही वो स्थान है जहाँ इन्होंने तपस्या किए थे। यह पार्क इन्हीं के स्मृति में मनाया गया है। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक सुभाष यादव, रोहित कुमार शिक्षिका ममता देवी , प्रीति सिन्हा, सानिया प्रवीण , प्रीति कुमारी एवं समस्त बच्चे भ्रमण के लिए गए हुए थे सभी बच्चे कोडरमा के इतिहास के बारे में जानकारी मिलने पर खुशी जाहिर की और उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र भी धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ा है जिस बारे में हम सभी को नहीं पता था।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर कुलपति से मिला

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के एक प्रतिनिधि मंडल ने विश्वविद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर अठारह सूत्री मांग पत्र विश्वविद्यालय के कुलपति को सौंपा। इस दौरान अभाविप कोडरमा के जिला संयोजक अतुल आनंद ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र हितों के लिए संघर्षरत रही है और शिक्षा से संबंधित मुद्दों को निरंतर उठाती रही है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की समस्याओं को लेकर यह मांग पत्र सौंपा गया। कोडरमा जिला संगठन मंत्री नितेश तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले अधिकांश महाविद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे विद्यार्थियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस कमी को तत्काल पूरा किया जाना जरूरी है।

प्रमुख मांगें 1. विगत कई वर्षों से बंद पड़े छात्रसंघ चुनाव को पुनः शुरू किया जाए। 2. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शिक्षक–कर्मचारी की कमी को शीघ्र दूर किया



जाए। 3 वोकेशनल कोर्स (BCA, BMLT आदि) के लिए लैब की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।4.JJ कॉलेज परिसर में अपना बैंक शाखा नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है – अतः बैंक शाखा की व्यवस्था की जाए।5. महाविद्यालयों में शौचालय, पेयजल, साफ-सफाई, टूटे बेंचड्ढडेस्क जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए।6. सभी कैंपस में विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। 7. वर्षों पहले तैयार हो चुके नए ट्राइबल भवन को शीघ्र क्रियाशील किया जाए।8. विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों की वेबसाइट को अपग्रेड व दुरुस्त किया जाए। 9. सेल्फ फाइनेंस कोर्स में शिक्षकों की कमी तत्काल दूर की जाए।10. सभी महाविद्यालयों में खेल शिक्षकों की नियुक्ति जल्द की जाए। 11. DEET परीक्षा जल्द आयोजित की जाए।12. 12. स्पेशल जेनरिक परीक्षा की तिथि की घोषणा शीघ्र की जाए।

13. गिरिडीह महाविद्यालय में इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, हिंदी, भौतिकी, केमिस्ट्री में मास्टर डिग्री की पढ़ाई शुरू की जाए। 14. श्री आर.के. महिला महाविद्यालय में जंतु विज्ञान एवं राजनीति विज्ञान के स्नातकोत्तर नामांकन शीट बढ़ाई जाए। 15. सभी संध्याकालीन महाविद्यालयों की मनमानी पर रोक लगाई जाए। 16. जे जे कॉलेज झुमरी तिलैया में स्नातकोत्तर की अधिसूचना जारी होने के बाद भी कक्षाएं प्रारंभ नहीं हुई हैं – इसे तुरंत शुरू किया जाए। 17. NEP 2020 के तहत सभी कॉलेज पुस्तकालयों में पुस्तकों की उपलब्धता सुचारू रूप से कराई जाए। प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति को स्पष्ट कहा कि यदि 20 दिनों के भीतर सभी मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो ABVP चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

# अमेरिका ने पाक पर लगाया करोड़ों डॉलर का दाँव, बलूचिस्तान के बारूद पर बैठकर सोना खोदेंगे ट्रंप !



नीरज कुमार दुबे

हम आपको बता दें कि रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा-सोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है।

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान के सबसे अस्थिर और विद्रोह-ग्रस्त प्रांत बलूचिस्तान में स्थित रिकोडिक (Reko Diq) तांबा-सोना खदान के लिए 1.25 अरब डॉलर के यूएस EXIM बैंक वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। यह वही परियोजना है जिसे वर्षों से सुरक्षा संकट, राजनीतिक विवाद और बलूच विद्रोहियों की हिंसा ने कभी आगे बढ़ने नहीं दिया। इस निवेश के साथ निकट भविष्य में 2 अरब डॉलर तक की अमेरिकी मशीनरी और सेवाएँ पाकिस्तान भेजी जाएँगी। अमेरिकी चार्ज द'अफेयर्स नटाली बेकर ने कहा है कि यह परियोजना अमेरिका के लिए 6,000 और बलूचिस्तान में 7,500 नौकरियाँ उत्पन्न करेगी। उन्होंने रिकोडिक को दोनों देशों के लिए लाभकारी आदर्श मॉडल बताया है।

हम आपको बता दें कि रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा-सोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है। इस परियोजना का 50% मालिकाना बैरिक के पास है, जबकि पाकिस्तानी संघीय व बलूचिस्तान सरकार के पास 25-25% हिस्सेदारी है। रिपोर्टों के अनुसार इस परियोजना से 37 वर्षों में 70 अरब डॉलर से अधिक मुक्त नकदी प्रवाह उत्पन्न होने की संभावना है।

हालाँकि, सुरक्षा खतरे सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं। बलूच विद्रोही गुट लगातार सेना, खनन परियोजनाओं और विदेशी निवेश पर हमले करते रहे हैं। हाल ही में बलूच नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कोई भी विदेशी निवेशक बलूचिस्तान के कब्जे को वैधता देने की गलती नहीं करे। बलूच नेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष नसीम बलूच ने इसे बलूच जनता की संपत्ति पर पाकिस्तानी कब्जे को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। इसी बीच विश्व बैंक की क्ष्ळ, एशियन डेवलपमेंट बैंक और अन्य वैश्विक उधारदाता 2.6 अरब डॉलर से अधिक का वित्त पैकेज जोड़ रहे हैं। साथ ही सऊदी अरब की मनारा मिनरल्स भी 10-20% हिस्सेदारी खरीदने पर बातचीत कर रही है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल वही है कि क्या पाकिस्तान इतने लंबे समय तक सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे और राजनीतिक स्थिरता की गारंटी दे पाएगा? देखा जाये तो अमेरिकी निवेश ऐसे समय में आया है जब वाशिंगटन चीन-प्रभुत्व वाली खनिज आपूर्ति शृंखलाओं से बाहर निकलने के लिए नए स्रोत तलाश रहा है। फिर भी, रिकोडिक पर यह दाँव एक हाई-रिस्क जुआ माना जा रहा है।

यह भी देखने में आ रहा है कि रिकोडिक में अमेरिकी निवेश सिर्फ आर्थिक सौदा नहीं बल्कि यह भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर फेंकी गई भारी-भरकम चाल है। पाकिस्तान इसे बड़ी जीत बताकर छाती ठोक रहा है पर असलियत यह है कि अमेरिका ने यह पैसा दक्षिण एशिया के सबसे अस्थिर इलाके में आग से खेलने के अंदाज में डाला है। सवाल यह नहीं कि अमेरिका क्यों आया? सवाल यह है कि वह इतना देर से और इतनी जगह पर क्यों आया?

हम आपको बता दें कि यह निवेश उस समय हो रहा है जब बलूचिस्तान में विद्रोह चरम पर है। बलूच नेता साफ चेतावनियाँ दे रहे हैं कि यह निवेश उनके लिए शोषण का नया अध्याय है। बलूच नेता कह रहे हैं कि प्रांत में दशकों से मौजूद असंतोष और सैन्य दमन को देखते हुए कोई भी समझदार निवेशक पहले सौ बार सोचे। लेकिन अमेरिका ने शायद जानबूझकर जोखिम को स्वीकार कर लिया है। ऐसा लगता है कि यह सौदा पाकिस्तानी नहीं, बल्कि अमेरिकी एजेंडे का हिस्सा है। दरअसल, अमेरिका का असली मकसद है चीन को पछाड़ना। आज की सच्चाई यह है कि दुनिया में तांबा, सोना और अन्य क्रिटिकल मिनरल्स नई सदी का तेल बन चुके हैं। चीन खासकर अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में इस क्षेत्र में भारी पकड़ बना चुका है। अमेरिका बड़ी तेजी के साथ नए स्रोत ढूँढ़ रहा है और पाकिस्तान का रिकोडिक, जो तिब्बती-ईरानी खनिज बेल्ट का हिस्सा है वह अमेरिकी रणनीति में एक खूबसूरत चेकमेट जैसा दिखता है। इसके साथ ही बलूचिस्तान का भौगोलिक महत्व इस कदम को और तीखा बनाता है। ईरान की सरहद पास है, अफगानिस्तान की अनिश्चितता बगल में है, चीनझ्रपाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (CPEC) ठीक सिर के ऊपर है। ऐसे में अमेरिका एक ही प्रहार में चीन को संकेत देता है कि हम अभी भी आपके बगल में मौजूद हैं और आपके बंदरगाह (ग्वादर) के पीछे की जमीन पर निवेश करने की ताकत रखते हैं। वहीं पाकिस्तान इस निवेश को आर्थिक राहत समझ रहा है, लेकिन असल में वह एक रणनीतिक जाल में फँसता दिख रहा है। देश की सुरक्षा एजेंसियों का इतिहास बताता है कि वह बलूचिस्तान को सेना-प्रभुत्व वाला इलाका मानती हैं। पर विदेशी निवेश वहीं चलता है जहाँ जनता को न्यूनतम सहमति या सुरक्षा मिले। यह दोनों ही पाकिस्तान के पास नहीं हैं। रिकोडिक के लिए न रेल लाइन है, न स्थायी सड़कें, न विश्वसनीय सुरक्षा तंत्र। ऊपर से बलूचिस्तान में हर विदेशी निवेश, चाहे चीनी हो, सऊदी हो या अब अमेरिकी, यह विद्रोही गुटों का प्राथमिक निशाना बन जाता है। सवाल उठता है कि कनाडा की बैरिक गोल्ड इतने वर्षों में हिल-डुल भर नहीं सकी तो अमेरिका किस आत्मविश्वास से यहां आ रहा है?

अमेरिका के इस क्षेत्र में आने से यह भी आशंका है कि चीनझ्रअमेरिका प्रतिस्पर्धा नई तीव्रता पर पहुँचेगी। दरअसल, अमेरिका रिकोडिक को चीन की आपूर्ति शृंखला का प्रभुत्व तोड़ने के लिए इस्तेमाल करेगा। ऐसे में पाकिस्तान दोनों महाशक्तियों के बीच रस्साकशी में फँस जाएगा। इस परियोजना से ईरान भी असहज होगा क्योंकि अमेरिका समर्थित विशाल रणनीतिक परियोजना उसकी सीमा के ठीक पास उभरना तेहरान को बिल्कुल रास नहीं आएगा। साथ ही अमेरिकी परियोजना से अफगानिस्तान का प्रभाव भी बढ़ेगा क्योंकि इसकी सुरक्षा और आपूर्ति रूट तालिबान द्वारा नियंत्रित इलाकों के बेहद करीब हैं। तालिबान इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। साथ ही इस परियोजना से बलूच विद्रोह को नई ऊर्जा मिलेगी। विदेशी निवेश उनके लिए हमेशा दमन के नए प्रतीक के रूप में देखा गया है। परिणामस्वरूप सुरक्षा स्थिति और बिगड़ सकती है।

बहरहाल, यह निवेश पाकिस्तान के लिए आर्थिक संजीवनी नहीं बल्कि शक्ति के वैश्विक खेल में एक गैंबलिंग चिप है। अमेरिका को चाहिए क्रिटिकल मिनरल्स, पाकिस्तान को चाहिए डॉलर, लेकिन बलूचिस्तान को चाहिए न्याय, अधिकार और सुरक्षा जो किसी भी सौदे में शामिल नहीं हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि रिकोडिक आने वाले वर्षों में दक्षिण एशिया की नई भू-रणनीतिक लड़ाई का केंद्र बन सकता है। साथ ही अगर पाकिस्तान ने बलूचिस्तान की राजनीतिक समस्या को सैन्य तरीके से संभालने की भूल जारी रखी, तो अमेरिकी निवेश भी उसी तरह डूबेगा जैसे पहले के तमाम विदेशी प्रोजेक्ट डूब चुके हैं। यह सही है कि अमेरिका ने एक बड़ा दाँव लगाया है लेकिन यह भी सच्चाई है कि यह दाँव जितना चमकदार दिखता है, उतना ही बारूद के ढेर पर रखा हुआ है।



## संपादकीय

### चुनाव सुधार अर्थात 'वोट चोरी'

लोकसभा में चुनाव सुधार के मुद्दे पर बहस हुई, लेकिन कोई सुधार या संवैधानिक संशोधन सामने नहीं आया। सरकार की ओर से भी कोई प्रस्ताव नहीं रखा गया कि अमुक सुधार किए जा सकते हैं। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक बहस थी। चुनाव सुधार की आड़ में 'वोट चोरी' का आरोप संसद के भीतर गूंजता रहा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत, सांठगांठ से चुनाव जीते जाने का बेहद गंभीर आरोप चस्पां किया। उन्होंने मौजूदा चुनाव आयुक्तों को लगभग धमकी दी कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो आपको ढूंढ कर दंडित किया जाएगा, क्योंकि 'वोट चोरी' के जरिए आपने 'लोकतंत्र-चोरी' का काम कराया है। नेता प्रतिपक्ष ने इस कानूनी संशोधन पर भी सवाल उठाया है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तय करने वाले पैनल में से देश के प्रधान न्यायाधीश को क्यों हटाया गया? चुनाव आयुक्तों के किसी भी फैसले अथवा काम के मद्देनजर उन्हें इम्युनिटी, कानूनी छूट, क्यों दी गई है? उनके खिलाफ कोई भी कानूनी केस दायर क्यों नहीं किया जा सकता? सीसीटीवी की फुटेज चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के 45 दिन बाद नष्ट क्यों की जाए? यह कानून गलत और भ्रामक है। नेता प्रतिपक्ष कांग्रेसी सत्ता के इतिहास को नहीं जानते, जब सरकार, यानी प्रधानमंत्री ही, मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन और नियुक्ति करते थे। बाद में उन्हें मंत्री भी बना दिया जाता था अथवा किसी उच्च ओहदे पर बिठा दिया जाता था। तब सत्ता न तो संसद और न ही देश के प्रति जवाबदेह होती थी। तब नेता प्रतिपक्ष को इतना भी अधिकार नहीं था कि वह अपनी 'असहमति' जता सकता। कमोबेश आज प्रधानमंत्री, एक कैबिनेट मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के चयन-पैनल में विपक्ष का प्रतिनिधि अपनी असहमति का नोट तो दर्ज करा सकता है।

कांग्रेस के ही वरिष्ठ सांसद मनीष तिवारी ने व्याख्या की कि एक साथ कई राज्यों में या एक ही पूर्ण राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) नहीं कराया जा सकता। चुनाव आयोग को यह संवैधानिक अधिकार प्राप्त है कि जहां उसे मतदाता सूची में विसंगति लगे, वह उसी क्षेत्र में एसआईआर का अभियान शुरू कर सकता है। यह बहस सर्वोच्च अदालत में भी उभर कर सामने आई है। एसआईआर को देश के 'जनप्रतिनिधित्व कानून' का उल्लंघन करार दिया गया है। आज 2025 में कई राज्यों में मतदाताओं से पूछा जा रहा है कि उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था अथवा नहीं। अर्थात मतदाता को पुष्टि करनी है कि अतीत में वह मतदाता रहा था। दरअसल मतदाताओं को न तो पुरानी मतदाता सूची उपलब्ध है और न ही चुनाव आयोग के पोर्टल और वेबसाइट काम कर रहे हैं। यह पुष्टि देश का औसत मतदाता कैसे कर सकता है? 2003 या इतने पुराने मतदाता की पुष्टि सिर्फ चुनाव आयोग ही कर सकता है, क्योंकि उसके पास तमाम रिकॉर्ड हैं और वह मतदान कराता आया है। लिहाजा सर्वोच्च अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने एसआईआर को एक ह्यअसंवैधानिक प्रक्रियाह्ल करार दिया है। सर्वोच्च अदालत को इस संदर्भ में अपनी व्याख्या देनी है।

## चिंतन-मनन

### व्यवहार की दुनिया

बहुत बड़ा कवि था इमरसन। वह घूमने निकला। अकस्मात वर्षा आ गई। उसके पास अपनी कविताओं की एक पांडुलिपि थी। भीगने के डर से उसने वह पांडुलिपि एक दुकानदार के पास रख दी। इमरसन चला गया। दुकानदार ने कहा कि पन्ने भरे हुए हैं, कुछ खाली हैं वह भरे हुए पन्नों में वस्तुएं लपेटकर ग्राहकों को देता रहा। कुछ देर बाद जब वर्षा रूकी, इमरसन आया। पांडुलिपि मांगी। दुकानदार ने कहा, माफ करना, भरे पन्नों का मैंने उपयोग कर लिया है। खाली पन्ने ज्यों के त्यों हैं। भरे काम के नहीं थे। खाली लिखने के काम आ सकते हैं। यह सुनते ही इमरसन का माथा ठनका। उसकी महत्वपूर्ण कविताओं के पन्ने निकल चुके थे। शेष बचे थे केवल कोरे कागज।

व्यवहार की दुनिया में खाली का मूल्य नहीं होता, भरे का मूल्य होता है। खाली पन्ने का क्या मूल्य हो सकता है व्यवहार की दुनिया में? इसी प्रकार खाली चित्त और खाली मन का भी क्या मूल्य हो सकता है व्यवहार की दुनिया में? व्यवहार में जीने वाले यही चाहते हैं कि ये सब सदा भरे ही रहें, कभी खाली न हों। जब अध्यात्म की यात्रा शुरू होती है तब भरे का क्या मूल्य है और खाली का क्या मूल्य है, स्पष्ट हो जाता है।

उस यात्रा में अनुभव होता है कि लिखा हुआ कागज चला गया, अच्छा हुआ। भरा हुआ मन, भरी हुई बुद्धि, भरा हुआ चित्त खाली हो गया तो अच्छा हुआ। वहां खाली होना ही श्रेयस्कर माना जाता है। जब खाली होने की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है, तब उस क्षण में जो अनुभव होता है, वही वास्तव में चैतन्य का अनुभव है।

## वंदे मातरम् पर विवाद देश की मूल भावना से खिलवाड़



मनोज कुमार अग्रवाल

इस से ज्यादा शर्मसार करने वाली बात क्या हो सकती है कि आज लोकतंत्र के पावन मंदिर में राष्ट्रगीत को लेकर खेमेबाजी हो रही है जबकि इस पर समूचे राष्ट्र को एकमत होना चाहिए था। वंदेमातरम् गीत के 150 वर्ष पर चर्चा होने के अवसर पर लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम् गीत की गूंज ने न सिर्फ अंग्रेजों की नींद उड़ा दी थी बल्कि पूरे भारत में उत्साह का ऐसा माहौल तैयार किया था जो न सिर्फ स्वतंत्रता का मंत्र बना बल्कि आजाद भारत के लिए भी विजन बनकर सामने आया। यह गीत आजादी का उद्गार बन गया था और हर देशवासी इस गीत से प्रेरित होकर अंग्रेजों के खिलाफ जंग लड़ रहा था। इस गीत से देश में बने नये माहौल को देखकर अंग्रेज बौखला गये थे इसलिए उन्होंने इस गीत पर प्रतिबंध लगा दिया और इसे गाने को अपराध मानकर लोगों पर जुल्म ढहाने शुरू कर दिए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् पर चर्चा में कोई पक्ष और प्रतिपक्ष नहीं है क्योंकि इसी गीत से मिली प्रेरणा के कारण हम सब यहां बैठे हैं और यह हम सबके लिए पावन पर्व है।

आपको पता रहे वंदे मातरम को 1950 में भारत के संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया। वंदे मातरम की की रचना शुरू में स्वतंत्र रूप से की गई थी और बाद में इसे बंकिम चंद्र चटर्जी के 1882 में प्रकाशित उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया गया। इसे पहली बार रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में कोलकाता में हुए कांग्रेस अधिवेशन में गाया था। एक राजनीतिक नारे के रूप में वंदे मातरम का पहली बार प्रयोग 7 अगस्त 1905 को हुआ था। इस वर्ष, 7 नवंबर 2025 को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ थी, जिसका अनुवाद मां, मैं आपको नमन करता हूं, है। आज 8 दिसंबर को सदन में इस पर चर्चा हुई। जिस पर सरकार एवं विपक्षियों ने अपनी अपनी राय रखी। यह रचना, एक चिरस्थायी गान ने स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निमार्ताओं की अनगिनत पीढ़ियों को प्रेरित किया है, जो भारत की राष्ट्रीय पहचान और सामूहिक भावना के स्थायी प्रतीक के रूप में खड़ा है। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित, वंदे मातरम पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में 7 नवंबर 1875 को प्रकाशित हुआ था। बाद में, बंकिम चंद्र चटर्जी ने अपने अमर उपन्यास आनंदमठ में भजन को शामिल किया, जो 1882 में प्रकाशित हुआ था। इसे रवींद्रनाथ टैगोर ने संगीतबद्ध किया था। यह राष्ट्र की सभ्यता, राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का एक अभिन्न अंग बन गया है। इस मील के पत्थर को मनाने का अवसर एकता, बलिदान और भक्ति के कालातीत संदेश की पुष्टि करने का अवसर प्रदान करता है। बंदे मातरम पर संसद में आज 8 दिसंबर सोमवार को विशेष चर्चा हुई और, ये ऐसे दौर में हो रहा है जब विपक्ष एसआईआर पर चर्चा चाहता है। राज्यसभा बुलेटिन में वंदे मातरम को भी जय हिंद और दूसरे शब्दों के साथ शामिल किया गया है। ममता बनर्जी का भी इस मुद्दे पर मुखर हो जाना, वंदे मातरम के बंगाल कनेक्शन की तरफ खास इशारे कर रहा है। संसद में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा हुई। पक्ष और विपक्ष दोनों ने इस विषय पर अपनी राय रखी। वंदे मातरम् पर यह बहस केवल एक रस्म नहीं है बल्कि यह ऐसे समय पर हो रही है जब इस गीत को लेकर राजनीति गरम है। नवंबर महीने में इस गीत के 150 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस ने 1937 के अधिवेशन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के कुछ जरूरी हिस्से हटा दिए। कांग्रेस का यह कदम विभाजन के बीज बोने जैसा था। पीएम मोदी का आरोप था कि राष्ट्रगीत को टुकड़ों में बांटकर इसकी मूल भावना कमजोर कर दी गई है। सबसे पहले वंदे मातरम् की रचना की बात करें तो बॉकम चंद्र चटर्जी ने इस राष्ट्रगीत की रचना की थी। इसे पहली बार सात नवंबर 1875 को साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित किया गया था। उस दिन से लेकर आजतक यह गीत करोड़ों देशवासियों के हृदय में देशभक्ति को अलख जगा रहा है। मातृभूमि की आराधना के प्रतीक इस गीत को सुनते ही ब्रिटिश अफसरों के कान खड़े हो जाते। अंग्रेजों द्वारा वंदे मातरम् गीत को गाने या छापने पर भी बैन लगा दिया गया था। आगे चलकर यह छह छंदों वाला गीत मूल रूप से बंकिम चंद्र चटर्जी के उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा बना जो 1882 में प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास में सन्यासी विद्रोह की कहानी के माध्यम से बंकिम ने ने भारत को मां दुर्गा के रूप में चित्रित किया इसमें सुफला, सुफला, मलयजशीतलाम...। यह गीत गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारत को समृद्धि और शक्ति का सपना दिखाता था। 1896 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में इस गीत को एक नई पहचान मिली। रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे संगीतमय रूप दिया और इसे कलकत्ता के अधिवेशन में गाया। संगीतमय प्रस्तुति ने इस गीत को अमर कर दिया। यह गीत जनमानस में तेजी से लोकप्रिय होने लगा। हर तरफ वंदे मातरम् की गूंज सुनाई देने लगी। तब ब्रिटिश राज ने इसे अपनी सरकार के खिलाफ खतरनाक मान लिया। उसके बाद 1905 के बंगाल विभाजन के दौरान स्वदेशी आंदोलन में यह नारा बन गया। कालांतर में इस गीत को लेकर मुसलमानों की तरफ से आपत्ति जताई जाने लगी। 1923 में कांग्रेस अधिवेशन में वंदे मातरम् गायन के समय तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद अली जौहर मंच से उठकर चले गए थे। इस गीत को लेकर मुस्लिम पक्ष की आपत्ति है कि वंदे मातरम् के जरिए उन पर हिंदू देवी देवताओं की पूजा का दवाव डाला जा रहा है। वंदे मातरम् में मंदिर और दुर्गा शब्दों का इस्तेमाल हुआ है। कांग्रेस कार्यसमिति ने 1937 में तय किया कि राष्ट्रीय आयोजनों में इस गीत के केवल पहले दो पद ही गाए जाएंगे। यही कारण रहा कि 1937 में पंडित जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में हुए कांग्रेस अधिवेशन में वंदे मातरम् के केवल दो छंद ही गाए गए। उस समय से इसी नियम का पालन किया जाने लगा। आजादी के बाद इसे नियम बनाते हुए 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित कर दिया।

## संसद में व्यर्थ बातों पर नहीं जनहित पर चर्चा आवश्यक



संजय गोस्वामी

संसद में यदि बंदे की चर्चा जोरों पर है क्योंकि इसकेसाल 2025 भारत के राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम के लिए एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक मील का पत्थर होगा, क्योंकि इसके पहले पब्लिकेशन के 150 साल पूरे हो रहे हैं। बंदे मातरम पर बोलने से कोई आपत्ति करता पर तूल देना ठीक नहीं है बंदे मातरम एक राष्ट्रगान है जिसपर संसद में खुब चर्चा हुई कुछ मुस्लिम सांसद की नारजगी हुई इसे तूल मैं भी उसके जगह जय श्री राम बोलता हूँ तो क्या होगा क्योंकि जब देश में ही मिलावटी लोग हैं तो मेरा भगवान राम राष्ट्र से भी ऊपर है मैं भगवान राम को ही संसार का मालिक समझ कर उनका नाम लेता हूँ क्योंकि जब भगवान राम का अस्तित्व रहेगा तभी हम शांति और चैन से जी सकते हैं जब ऐ गान पहले से संसोधित हो गया तो मैं भगवान राम के अलावा किसी के सामने झुकना पसन्द नहीं करूँगा क्योंकि मेरे संस्कार में ही वो हमेशा रहे हैं और अन्त में राम नाम सत्य होना ही है तो अभी ही ले लूँ यहीं हमारा धर्म और उनके मयार्दा का पालन करना कर्म है अब दोनों ही एक मतलब हो गए क्योंकि भगवान राम ही इस धरती में हमें हमेशा मानवता की रक्षा और देशद्रोही से लड़ना सिखाता है एक गाना खुब चला, मेरे रोम रोम में बसने वाले राम, जगत के स्वामी है अंतयार्मी मैं तुझसे क्या मांगू।।। किसी पर किसी वाक्य बोलने से क्या फर्क पड़ता है तेरा तुझको सौंप कर क्या लागे मेरा, वाणी वही बोले जो अंतरात्मा की आवाज कहती है अंतरात्मा दरअसल आत्मा, आंतरिक स्व (inner self), या आंतरिक स्व (inner self), या जमीर, जो सही और गलत की पहचान करने वाली आंतरिक आवाज या अंतःप्रज्ञा है, जो हमें नैतिक निर्णय लेने में मदद करती है; इसे आंतरिक स्व की ज्योति या आत्मा की आवाज भी कहा जाता है, जो हमारे अंतःकरण में विद्यमान होती है। यह हमारे मन और आत्मा का वह हिस्सा है जो हमें सही राह दिखाता है, भले ही बाहरी नियम या तर्क सीमित हों अतः जो अंतरात्मा की आवाज कहती है वही बोले इसलिए हमें पहले अपने अंदर झाँक कर देखना चाहिए मैं कितना सही हूँ आज अगर भारत माता की रक्षा के लिए हमें बलिदान देना पड़े तो क्या हम तैयार हैं।अतः देश के सेना ही हमारे असली नायक हैं जो देश की रक्षा के लिए जान की बाजी भी दे देते हैं अतः देशभक्त होना जरुरी है भाषा कोई विवाद नहीं है राम यह शब्द दिखने में जितना सुंदर है उससे कहीं महत्वपूर्ण है इसका उच्चारण। राम भारत की आत्मा है जब ऐ समझ आएगी तभी देश के प्रति सेवा का भाव पैदा होगा। राम कहने मात्र से शरीर और मन में अलग ही तरह की प्रतिक्रिया होती है जो हमें आत्मिक शांति देती है।दरअसल हिन्दू की अंतिम विदाई में यानी शवयात्रा में 'राम नाम सत्य है' यह बोलकर मृतक को सुनाना नहीं होता है, बल्कि साथ में चल रहे परिजन, मित्र और वहां से गुजर रहे लोग इस तथ्य से परिचित हो जाएं कि राम का नाम ही सत्य है। साथ ही जब मनुष्य जब राम का नाम लेगा तभी उसकी सदगति होगी। इसलिए इसका मकसद यह कहकर परंपरा शुरू की गई थी कि मृतक के मरने के पीछे जब मनुष्य इतना लड़ते हैं, धर्म जाति पाती बड़ा छोटा के लिए वाद-विवाह करते हैं और अपनो से ही यश के कारण आपमें घमंड के कारण लड़ा करते हैं, लेकिन अन्य व्यक्ति को भी यह मालूम होना चाहिए कि राम का नाम सत्य है क्योंकि सबसे बड़ा घमंड जो रावण के पास आया उसको भगवान राम ने ही तोड़ा यानि जिसने इस धरती पर जन्म लिया, उसकी मृत्यु निश्चित है। इसलिए घमंड ना करें जीवन में मिल जुल कर रहे गरीबों की सेवा और सत्य की राह पर चले यही मान्यता है और इन्हीं सब कारणों की वजह से शवयात्रा में 'राम नाम सत्य है' बोलते हैं।इससे मृतक के आत्मा को शांति मिलती है शरीर मरता नहीं है क्योंकि उसमें ऊर्जा है शिथिल होता है और ऊर्जा का पतन होने लगता है बाद में यही ऊर्जा प्राण के रूप में बाहर निकल जाती है और स्थूल से सूक्ष्म में रूपांतर हो जाता है और अनुभूति होती है और राम के राम की ध्वनि से उसमें प्रभु को यादकर अपनी जीवन में हुए गलत कर्म के लिए माफी मांगता है और इस तरह वह शांति की ओर अग्रसर होता है और कई योनियों में जन्म लेने के बाद तब कहीं पुनः मनुष्य में जन्म मिलता है इसका कारण यह है की आप अपने शरीर की ऊर्जा को पहले ही कामवासना से नकारात्मक कर देते है और जब मोह टूटटी है तो आत्मा को शांति मिलती है जैसे किसी भी क्षेत्र में पारंगत होने के लिए प्रैक्टिस करना जरुरी है तब आप उसमें आप दक्ष होते है इसलिए हर समय शांति से रहना कम बोलना और समय पर सटीक बोलना उस परमात्मा भगवान राम को हमेशा याद करते रहने से आप में मौत का डर खत्म हो जायेगा और लोभ लालच में कामवासना से मुक्त होकर जब शांति की ओर अग्रसर होंगे तो सच सामने आएगा कि मृत होना एक दिन तय है इसलिए अपनी ऊर्जा सकारात्मक की ओर अग्रसर करें ज्यादा बोलने से आपकी ऊर्जा बेबजह नष्ट होती है जो आजकल संसद में वोट शुद्धिकरण पर चर्चा हो रही है घुसपैठिये, मतदाता सूची का शुद्धिकरण जरूरी है और उसी का नाम एस आई आर है मुख्य विपक्षी पार्टी का एक के बाद एक चुनाव हारने का कारण इवीएम या वोट और ना जाने क्या क्या बहस हो रही है इसका मतलब यह है की पक्ष विपक्ष दोनों को आपकी नहीं अपनी चिंता ज्यादा दिखाई दे रही है संसद में सही गलत पर तर्क वितर्क से कुछ नहीं मिलेगा यदि चुनाव जितना है तो जनता के लिए काम करना होगा, पहले विपक्ष बिलकुल कमजोर या नहीं था लेकिन पहले जो संसद में सोते थे आज सत्ता पक्ष को यह ध्यान देना जरुरी है कि आखिर विपक्ष में इतना ताकत कहाँ से आई वो भी उसी चुनाव प्रक्रिया से गुजर चूंके होंगे और अब सत्ता पक्ष को शांत रह कर काम करने की ज्यादा जरुरत है जिस तरह विपक्ष मजबूत हुआ है तो जनता के बल पर ही जीता, घुसपैठ कितना होगा इधर तो नजर नहीं आ रहा है उसकी संख्या उतनी नहीं है कि सरकार को बना या बिगाड़ दे जो सही में वोटर है वो तो पुरी तरह जाते ही नहीं है कभी सुना है 90 परसेंट मतदान हुए हैं अतः ऐ सब व्यर्थ की बातें हैं काम की बातें करना ज्यादा जरुरी है जो देश के गरीबों के कल्याण के लिए हो अगर घुसपैठिये आये तो ऐ भी प्रशासन की लापरवाही होगी क्योंकि क्या अपने बाउंड्री को पूरा सील किया है जैसे बाकी के देश ने किया है एक ऐसा दिवार बना दिया है जिस पर जाना नामुमकिन है अमेरिका ने तो अमेरिका और मेक्सिको के बीच सीमा करीब 2000 मील (लगभग 3200 किमी) लंबी है। अमेरिका में अवैध घुसपैठ के लिए ये रास्ता बदनाम रहा है। दीवार बनने से पहले इस पर बाड़ लगी हुई थी। 2016 में ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान यहां पर दीवार बनाने का वादा किया। जनवरी 2017 में जब वह अमेरिका के राष्ट्रपति बने तो उन्होंने इस वादे को निभाने पर काम शुरू करवाया। 2017 से लेकर 2021 तक करीब 727 किलोमीटर लंबी दीवार बनाई गई। इसे ट्रंप वॉल भी कहा जाता है। अतः इसपर चर्चा करना जरुरी है क्योंकि आए दिन कहीं पाकिस्तान से सटे इलाके में हमारे जवान मरते हैं कहीं चीन से अब तो बांग्लादेश भी उसी राह पर चल निकला है अतः जब सीमा सुरक्षा बल है तो सवाल ऐ है कि घुसपैठ आखिर हो कैसे जा रहा है जो हमारी एकता और संप्रभुता पर खतरा है ऐ सिर्फ पश्चिम बंगाल की समस्या नहीं है ऐ तो उत्तर प्रदेश में भी आ गए और योगी जी के डिटेनशन सेंटर के डर से लापता हो रहे हैं अतः वाद विवाद मुद्दे जो देशहित में हो यही करना चाहिए अनर्थ वार्ता से बचना चाहिए संसद कोई अखाड़ा तो है नहीं अपनी बात रखने का अधिकार सबको है लेकिन जो सार्थक हो चुनाव में हार मिली है तो उस पर पार्टी को अपनी छवि सुधार करना चाहिए ईवीएम कोई मुदा नहीं है क्योंकि जब वोटिंग होती है तो विपक्ष के तरफ से भी एजेंट होता है इसका मतलब ऐ हुआ कि एजेंट ही उससे मिल गया ऐसा नहीं है चुनाव एक लोकतान्त्रिक प्रक्रिया है और वीवीपैट के आने के बाद तो पारदर्शिता बढ़ी है ना जाने कितने लोग इसमें कड़ी मेहनत करते है जब इलेक्शन ड्यूटी होता है और काउंटिंग में वही फॉर्म एजेंट काउंटर पर ले कर जाता है जो चुनाव के समय का डाटा होता है अतः इस पर सवाल करना व्यर्थ है।

# 35 हजार बिना आधार वाले बच्चों की होगी खोज, बनेगा अपार कार्ड



## हवाई यात्रा में मिलेगा लाभ

**भागलपुर।** जिले के 2020 सरकारी स्कूलों के तीन लाख 71 हजार 136 बच्चों के पास अपार यानी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) मौजूद है, जबकि एक लाख 44 हजार 379 बच्चों के पास अभी भी अपार कार्ड नहीं है। इनमें से 35000 के करीब ऐसे बच्चे हैं जिनके पास आधार भी नहीं है। यानी बिना आधार के अपार कार्ड बनाना मुश्किल है। वहीं दूसरी तरफ मुख्यालय स्तर से अपार कार्ड बनाने में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। जिसके बाद एक बार फिर से इसको लेकर जिला शिक्षा विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर काम शुरू किया जाएगा। जिले में लगभग 72 प्रतिशत के करीब अपार कार्ड बनकर तैयार है। वहीं जिला के शिक्षा विभाग में चल रहे आधार सेंटर बंद होने से बच्चों के पास आधार बनाने के लिए संकट उत्पन्न हो गया है। जो अपार निर्माण में थोड़ी परेशानी का सबक बन सकता है।डीपीओ एसएसए बबीता कुमारी के अनुसार जिन छात्रों के पास आधार उपलब्ध है, उनका अपार कार्ड बनवाया जाएगा। वहीं स्कूलवार ऐसे विद्यार्थियों की सूची तैयार कर बिना आधार वाले बच्चों को आधार केंद्र से जोड़ा जाएगा, ताकि पहले आधार बनाया जा सके और बाद में अपार कार्ड जारी हो। इसको लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाएगा कि वे संबंधित बच्चों की पहचान कर आधार लिंकिंग व टैगिंग प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं, ताकि उन्हें प्रखंड स्तर पर संबंधित आधार सेंटर से टैग कर उनका आधार बनवाते हुए अपार कार्ड बनवाया जा सके। अपार कार्ड सरकार की ह्यएक देश, एक छात्र पहचानह्व व्यवस्था है, जिसमें विद्यार्थियों को बारह अंकों की स्थायी पहचान संख्या मिलती है। कक्षा प्रथम से उच्च शिक्षा तक के अंकपत्र, प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक विवरण एक ही स्थान पर सुरक्षित रहते हैं। सत्यापन सरल होता है और दस्तावेज ले जाने की आवश्यकता घटती है। अभिभावकों की सहमति से यह पहचान बनाई जाती है और डिजिटल अभिलेखों से जुड़ी होती है। जिले में अपार कार्ड निर्माण में 28% कार्य अब भी लंबित है। कुल 5,15,515 में से 1,44,379 छात्रों का अपार कार्ड बाकी है। पेंडिंग में सबसे आगे नगर निगम 39.62%, शहकुंड 39.51%, नारायणपुर 34.04%, बिहपुर 34.01% और जगदीशपुर 29.70% हैं। वहीं सर्वाधिक कार्य पूर्ण प्रखंडों में साबौर 79.39%, इस्माइलपुर 77.21%, खरिक 76.85%, गोपालपुर 76.61% और पीरपैंती 76.04% शामिल हैं। एयर इंडिया ने शिक्षा मंत्रालय के साथ समझौते के बाद बिहार के अपार कार्डधारी विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। अब छात्र घरेलू हवाई यात्रा के टिकट पर दस प्रतिशत की सीधी छूट पा सकेंगे। साथ ही पच्चीस किलोग्राम तक सामान ले जाने की अनुमति मिलेगी, जो

## अभ्यर्थियों का बिहार बोर्ड ऑफिस के बाहर हंगामा



**पटना।** पटना में बिहार स्टेट टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (STET) के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। करीब 20-25 उम्मीदवार बोर्ड ऑफिस गेट के बाहर जमा हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करने लगे। अभ्यर्थियों का आरोप है कि बोर्ड लगातार उन्हें गुमराह कर रहा है और उनकी आपत्तियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। छात्रों की मुख्य मांग रिवाइज्ड आंसर-की जारी करने, स्पष्ट नोटिफिकेशन देने और आउट ऑफ सिलेबस पूछे गए सवालों पर ग्रेस मार्क्स देने की है। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी 'हमारी मांगें पूरी करो', 'STET होश में आओ' और 'गुमराह करना बंद करो' जैसे नारे लगा रहे थे। मौके पर मौजूद कॉमर्स की छात्रा ज्योति ने बताया कि बोर्ड बार-बार केवल डेट बढ़ा रहा है, लेकिन न तो रिवाइज्ड आंसर-की जारी हो रही है और न ही कोई आधिकारिक नोटिफिकेशन। उन्होंने कहा कि परीक्षा में 21 सवाल आउट ऑफ सिलेबस पूछे गए, जिसके कारण कई छात्रों के नंबर प्रभावित हुए हैं। ऐसे में ग्रेस मार्क्स देना जरूरी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे बार-बार आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं की जा रही। 27, 28 और 29 नवंबर को भी उन्होंने बोर्ड कार्यालय का घेराव किया था, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

# ऊंचा किया जाएगा अजगैवीनाथ धाम



## डीएम ने किया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट निर्माणस्थल का दौरा, दिए कई निर्देश

**अजगैवीनाथ धाम।** अजगैवीनाथ धाम में बनने वाले ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने उड़ान और लैंडिंग में आने वाली बाधाओं को चिह्नित कर हटाने के लिए रिपोर्ट एवं साइट क्लीयरेंस संबंधी तकनीकी जानकारी मांगी है। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अधिकारियों के साथ अजगैवीनाथ धाम ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट साइट का दौरा किया। उन्होंने अजगैवीनाथ धाम-बरियारपुर मुख्य मार्ग के साथ ही मंझली बांध को ऊंचा करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व, डीएम ने निरीक्षण के दौरान हवाई अड्डा के माप के संबंध में अंचल अमीन से जानकारी प्राप्त कर भौगोलिक स्थिति का अवलोकन किया। वहीं, मौके पर मौजूद अधिकारियों से डीएम ने उक्त वर्णित कार्य के क्रियान्वयन की दिशा में प्रगति के संबंध में कई अहम जानकारी प्राप्त की एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए। डीएम ने अजगैवीनाथ धाम-तारापुर मुख्य मार्ग को क्रास कर रही निमार्णाधीन फोरलेन के समीप साइट निरीक्षण के बाद मंझली बांध का भी निरीक्षण किया। बताया गया कि बरसात के दिनों में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा के स्थल के निकट जल जमाव हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि अजगैवीनाथ धाम-मुंगेर मुख्य मार्ग पर गनगनियां के समीप गंगा का पानी सहायक नदियों के सहारे प्रवेश कर जाता है। डीएम ने अजगैवीनाथ धाम से बरियारपुर तक मुख्य मार्ग एवं मंझली बांध को ऊंचा करने की बात कही।

## 13 वर्षीय किशोर की मौत

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के बीएमपी सिक्स के पास एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि चार अन्य बच्चे घायल हुए। जानकारी के अनुसार, सभी बच्चे गांव की एक सीएनजी पिकअप वैन में ईंट ढोने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कुंदन कुमार, कोठिया गांव निवासी, की मौके पर मौत हो गई। अन्य घायल बच्चों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है। घटना के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया।स्थानीय लोग और परिजन मौके पर जमा हो गए। मृतक किशोर के परिजनों ने चीख-पुकार और हाहाकार मचाया।

## सुरक्षित मातृत्व के लिए स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार: मंगल पांडेय, मंत्री



**रांची एक्सप्रेस ब्यूरो / पटना(बिहार)।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने राज्य में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA)के तहत सेवा विस्तार की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हर मां और बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य की सुरक्षा उनकी प्रतिबद्धता है।

**-मुख्य बातें:**

-सेवा विस्तारः पहले 702 स्वास्थ्य संस्थानों पर चल रहे PMSMA को अब 568 नए स्वास्थ्य केंद्रों (564 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 4 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र)में विस्तारित किया गया है।

-कुल केंद्रः अब राज्य में कुल 1270 स्वास्थ्य संस्थानों पर यह अभियान मनाया जा रहा है।ज़्उद्देश्यऱ्इस विस्तार से उच्च जोखिम वाले प्रसव की पहचान और उनका ससमय उपचार सुनिश्चित हो सकेगा, जो मातृ-मृत्यु दर में कमी लाने में सहायक होगा।

जांच दिवसः PMSMA के तहत हर महीने की 9,15 और 21तारीख को गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की जाती है।

-जांच में शामिलः हीमोग्लोबिन,एचआईवी, यौन संक्रमण,उच्च रक्तचाप,और यूरीन का परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में किया जाता है।

-अपीलः मंत्री ने सभी गर्भवती महिलाओं से 15 और 21दिसंबर को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निःशुल्क जांच का लाभ लेने की अपील की है।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले बिहार के मंत्री श्रवण कुमार, पथ एवं परिवहन योजनाओं पर हुई चर्चा



**रांची एक्सप्रेस ब्यूरो / नई दिल्ली/पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जी से औपचारिक मुलाकात की। यह मुलाकात केंद्रीय मंत्री के कार्यालय कक्ष में हुई, जहां श्री कुमार ने उन्हें अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया।दोनों मंत्रियों के बीच बिहार राज्य में पथ निर्माण एवं पथ परिवहन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के दौरान,केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बिहार की जनता के हित में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार बिहार की परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराने में मदद करेगी।उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के विकास के लिए हर संभव योजनाएं चलाई जाएंगी और लंबित परियोजनाओं की रूकी हुई राशि को जल्द जारी करने पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।मुलाकात के क्रम में,श्री गडकरी ने बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए गठबंधन को मिली सफलता पर बिहार की जनता को धन्यवाद भी दिया।

## घर लौटते वक्त मुखिया पति को मारी गोली, कारणों पर बना हुआ है सस्पेंस



**नालंदा।** बुधवार की शाम मुखिया पति को गोली मारने का मामला सामने आया है। घटना सरमेरा थाना क्षेत्र के चेरो गांव का है। गोली चेरो पंचायत के मुखिया पति दीनानाथ प्रसाद के जांघ में लगी है। परिजन जख्मी दीनानाथ प्रसाद को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लेकर आए। फिलहाल इस मामले में परिजन कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। इस कारण वारदात के कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। जांघ में गोली लगने के बाद दीनानाथ प्रसाद को सरमेरा पीएचसी परिजन के द्वारा ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर के द्वारा बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल बिहार शरीफ से भी डॉक्टर के द्वारा हायर सेंटर मुखिया पति को रेफर कर दिया गया है। सदर डीएसपी वन नुरुल हक ने बताया कि पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई की चेरो पंचायत के मुखिया पति के पैर में गोली लगी है। सूचना मिलने के बाद थाना अध्यक्ष को चेरो गांव भेजा गया। जहां कुछ पता नहीं चल सका। थोड़े समय बाद मालूम चला कि सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जा रहा था। जहां मालूम चला कि उनकी जांघ में जख्म है। जब वह घर लौट रहे थे। तभी गांव में ही खटाल के पास गोली चलने और उनके पैर में गोली लगने का एहसास हुआ। उनके साथ मौजूद उनके कुत्ते ने हमला भी किया। फिलहाल पूछताछ जारी और घटनास्थल पर सरमेरा थाना अध्यक्ष के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

# पटना के जानीपुर में पुलिस मुठभेड़

## कुख्यात राकेश कुमार के पैर में गोली, हथियार बरामद, फरार साथी की तलाश तेज



**पटना।** पटना में एक बार फिर अपराध पर पुलिस की सख़्ती देखने को मिली है। जानीपुर थाना क्षेत्र के बग्घा टोला में बुधवार की देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में कुख्यात राकेश कुमार घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए पटना एम्स भेजा गया। घटना के दौरान उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार सुबह एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। एसएफएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से मिले साक्ष्यों और हथियारों की जांच की। पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किए हैं। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिपरा थाना क्षेत्र के सहबाजपुर गांव का निवासी और कुख्यात अपराधी राकेश कुमार अपने एक साथी के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाने के लिए बग्घा टोला इलाके में आया है। राकेश हाल ही में एक बैंककर्मी से रंगदारी मांगने के मामले में भी चर्चा में था। सूचना मिलने के बाद एएसएसपी के नेतृत्व में जानीपुर पुलिस की टीम ने इलाके को चारों ओर से घेर लिया। खुद को घिरा देख राकेश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में राकेश के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस के अनुसार राकेश कुमार पर लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। उसका आपराधिक नेटवर्क पिपरा, बिक्रमगंज और आसपास के इलाकों में फैला हुआ बताया जाता है। पुलिस उसे कई दिनों से तलाश रही थी। उसके दूसरे साथी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और पुलिस को उम्मीद है कि वह जल्द पकड़ा जाएगा। गौरतलब है कि 2025 में बिहार पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पिछले छह महीनों में पटना जिले में आधा दर्जन से अधिक मुठभेड़ हो चुके हैं, जिनमें अपराधियों को भागने के दौरान पैरों में गोली मारकर पकड़ा गया है। फरवरी 2025 में कंकड़बाग में एसटीएफ और पुलिस की कार्रवाई में दो अपराधी घायल हुए थे। जुलाई में चंदन मिश्रा हत्याकांड के दो आरोपी एनकाउंटर में पकड़े गए, जबकि इसी महीने समस्तीपुर में सुमित उर्फ गुड्डू की हत्या और पटना में गोपाल खेमका हत्याकांड के आरोपी विकास उर्फ राजा के एनकाउंटर ने भी सुर्खियां बटोरी थीं। जानीपुर की घटना ने एक बार फिर साबित किया है कि पटना पुलिस अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शने के मूड में नहीं

## केसरिया में सीएम नीतीश कुमार ने किया निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण, जल्द पूरा करने का निर्देश



**रांची एक्सप्रेस ब्यूरो**
**पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया में निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसका कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि केसरिया बौद्ध स्तूप को देखने बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं,और इस सेंटर के निर्माण से उन्हें बौद्ध धर्म के आयामों तथा बिहार के गौरवशाली इतिहास को जानने में मदद मिलेगी।

**मुख्य बातें**

इस फैसिलिटी सेंटर में 5डी थियेटर बनाया जा रहा है जिसमें 48 लोगों के बैठने की सुविधा होगी।?यहां महत्वपूर्ण बौद्ध शिक्षाओं और बिहार की ऐतिहासिक विरासत से जुड़े फ्रेम प्रदर्शित किए जाएंगे,साथ ही 90 से अधिक मूर्तियों को भी स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर का भी भ्रमण किया और उसके सुरक्षित रख-रखाव और विकास पर ज़ोर दिया।

**अन्य कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री ने ग्राम ताजपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया और आयुष्मान कार्ड वितरित किए,तथा बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने उच्च माध्यमिक विद्यालय,ताजपुर के मैदान में जीविका दीदी,रसोइया, आंगनबाड़ी सेविका आदि विभिन्न कार्यकर्ताओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया और उनसे संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण कर छात्राओं से बातचीत की और परिसर में बने पुस्तकालय का उद्घाटन किया। बताते चले कि

राजकीय मध्य विद्यालय केसरिया(बालक)में छात्रों द्वारा आयोजित संगीतमय प्रार्थना, तलवारबाजी, विज्ञान प्रदर्शनी और नृत्य प्रस्तुति को देखकर उन्होंने छात्रों का उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# यू-डायस को लेकर विभाग हुआ सख्त

## चार दिन में प्रोफाइल अपडेट करने का निर्देश



सुपौल। जिले में शिक्षा व्यवस्था, विद्यालयों की भौतिक संरचना, शिक्षकों की वास्तविक स्थिति और छात्र-छात्राओं की अद्यतन जानकारी को एकीकृत रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज करने हेतु यू-डायस 2025-26 को लेकर विभाग की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश दिया है कि जिले के सभी विद्यालयों में स्कूल प्रोफाइल, टीचर प्रोफाइल और स्टूडेंट प्रोफाइल सहित सभी मॉड्यूल की शत-प्रतिशत प्रविष्टि 15 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर ली जाए। निर्धारित तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और कोई भी प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी।डीपीओ ने राज्य परियोजना निदेशक में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक का हवाला देते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा से जुड़े सभी प्रकार के डेटा राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के संचालन में आधारभूत भूमिका निभाते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य की योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के अनुसार यू डायस प्लस का प्रोफाइल एवं फैसिलिटी मॉड्यूल विद्यालयों की आधारभूत संरचना जैसे भवन की स्थिति, कमरों की संख्या, शौचालय, पेयजल, विद्युत, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं खेलकूद की सुविधाओं संबंधी विस्तृत डाटाबेस तैयार करता है, जिसके आधार पर राज्य स्तर से संसाधन आवंटित किए जाते हैं, इसलिए विद्यालयों को यह सुनिश्चित करना है कि वे सभी प्रविष्टियां पूरी तरह सत्य एवं अद्यतन उपलब्ध कराएं। टीचर प्रोफाइल मॉड्यूल के संबंध में जारी निर्देश में कहा गया है कि जिले के प्रत्येक सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों का विवरण पोर्टल पर अपलोड होना आवश्यक है। किसी भी शिक्षक की जानकारी गलत रहने से भविष्य में वेतन, पदस्थापन, प्रशिक्षण, प्रोमोशन, सेवाकाल संबंधी विवरण सहित कई प्रशासनिक प्रक्रियाओं में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसी प्रकार स्टूडेंट प्रोफाइल मॉड्यूल को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए निर्देश दिया गया है कि सत्र 2025झ्र26 में नामांकित प्रत्येक छात्र-छात्रा की जानकारी जैसे नामांकन संख्या, आधार संख्या, सामाजिक वर्ग, दिव्यांगता, उपस्थिति, छात्रवृत्ति योग्यता आदि पूर्ण रूप से अद्यतन किया जाए। विभाग के अनुसार कई सरकारी योजनाएं जैसे पोषाहार, पोशाक योजना, साइकिल योजना, छात्रवृत्ति, निशुल्क पाठ्यपुस्तक आदि सीधे यूं डायस प्लस के आंकड़ों पर निर्भर करती हैं। डीपीओ ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें और दैनिक प्रगति रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से जवाब-तलब किया जाएगा।

## कल्चरल कार्निवल 2025 सीजन -1 का आयोजन कल नगर भवन में




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हज़ारीबाग़** – श्री मां संगीतायन एवं पैराडाइज ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कल्चरल कार्निवल 2025 सीजन 1 का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में संस्थान के संगीत विद्यार्थियों द्वारा गीत और नृत्य की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम की विशेषता इसकी विविधता है। कार्यक्रम में छोटे से छोटे बच्चे और वरीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। इसमें जीवंत संगीत के साथ गीत और नृत्य प्रस्तुत किए जाने हैं। जीवंत संगीत में शास्त्रीय गायन एवं कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी साथ ही विभिन्न लोक संगीत एवं बच्चों द्वारा आकर्षक गीत नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। शहर के विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं द्वारा इस कार्यक्रम को प्रायोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक दीपक कुमार घोष एवं सुनील कुमार सोनी ने बताया कि इस तरह का यह पहला सांस्कृतिक कार्यक्रम है, जिसका आयोजन अभी तक हजारीबाग में नहीं हुआ है। इस कार्यक्रम में किसी भी नामचीन हस्ती को ना बुलाकर शहर की प्रतिभाओं द्वारा उनके प्रदर्शन की तैयारी की गई है ताकि शहर की प्रतिभाओं को निखरने का अवसर प्राप्त हो और शहर में एक सांस्कृतिक माहौल बना रहे। कार्यक्रम में लगभग एक सौ पचास प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### पूर्व बेस मुखिया प्रत्याशी विक्की कुमार धान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

# बेस पंचायत के ग्रामीणों ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार, प्रदूषण और रोजगार की समस्या पर कार्रवाई की मांग

रांची एक्सप्रेस संवाददाता





**हजारीबाग** – कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत में प्रदूषण, बेरोजगारी और फैक्ट्रियों की मनमानी को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है। इन्हीं समस्याओं को लेकर गुरुवार को बेस पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण पूर्व बेस मुखिया प्रत्याशी विक्की कुमार धान के नेतृत्व में हजारीबाग समाहरणालय पहुँचे। ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक दोनों के नाम से ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि बेस पंचायत इलाके में स्थित मरहन्द स्पंज आयरन प्लांट, नरसिंहम्हा आयरन स्पंज प्लांट, झारखंड सेल्स आयरन स्पंज प्लांट, जगतारिणी स्पंज आयरन प्लांट और पोल फैक्ट्री लगातार पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाली भारी धूल, धुआँ और राख के कारण गाँव का वातावरण पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। जंगल का रंग काला पड़ गया है, जंगली जानवर बीमार होकर मर रहे हैं और ग्रामीण गंभीर स्वास्थ्य संकट झेल रहे हैं।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इन फैक्ट्रियों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के बजाय बाहरी राज्यों विशेषकर बिहार के लोगों को काम दिया जा रहा है। बेस पंचायत के युवाओं को रोजगार से वंचित रखा जा रहा है, और जिन्हें काम दिया भी गया, उन्हें आधिकारिक आईडी कार्ड तक नहीं दिया गया। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि वे सभी बेस पंचायत के स्थायी निवासी हैं और नरसिंहम्मा आयरन प्लांट में 2019 से करीब 25-30 महिला एवं पुरुष मजदूर स्पंज मैगनेटिक डस्ट मैगनेटिक का कार्य कर रहे थे। लेकिन वर्ष 2024 में कंपनी ने अचानक उन्हें यह कहकर हटा दिया कि चिंतपूर्णी पावर प्लांट में नई मशीन लगा दी गई है, इसलिए मजदूरों की आवश्यकता नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि इस निर्णय से उनके सामने बेरोजगारी और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जबकि विक्की कुमार धान ने कहा कि बेस पंचायत के लोग सालों से प्रदूषण और बेरोजगारी दोनों झेल रहे हैं, लेकिन फैक्ट्रियों की ओर से न तो कोई सुविधा दी जाती है, न ही कोई जिम्मेदारी निभाई जा रही है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस मामले में तत्काल कार्रवाई करे और स्थानीय लोगों को रोजगार सुनिश्चित करवाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि शासन-प्रशासन जल्द ठोस कदम नहीं उठाता, तो ग्रामीण बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से पूर्व बेस मुखिया प्रत्याशी विक्की कुमार धान, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सुनीता कुमारी, किरण मो , विमली देवी, पियासो देवी, अनिता देवी, काजल देवी , सुनीता देवी, अंजली देवी, सोभा देवी व पुनम देवी उपस्थित थी।

# श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम परिसर में नया भारत गढ़ो कार्यक्रम के तहत स्वदेश मंत्र पाठ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**हज़ारीबाग़** – श्री रामकृष्ण शारदा आश्रम परिसर में नया भारत गढ़ो कार्यक्रम के तहत् स्वदेश मंत्र पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आरंभ स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । स्वदेश मंत्र पाठ से पहले संस्थान के सचिव डॉ. समाप्ति पॉल ने निर्णायक मंडली के सदस्यों यथा डॉ. सुबोध सिंह शिवगीत, विभावि, डॉ. शशिकान्त यादव, शंकर दुबे, डॉ. नरेन्द्र कुमार सिन्हा, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुषमा कुमारी का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया, जबकि अन्य विद्यालय से आए शिक्षकों को प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ0 दीपांकर मैती ने सम्मानित किया । स्वागत गान के बाद विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 82 प्रतिभागियों ने प्रभावशाली तरीके से स्वदेश मंत्र का पाठ किया । इस कार्यक्रम में डॉ0 समाप्ति पॉल ने अपने स्वागत संबोधन में 19 वीं सदी के भारत के दिव्य संत श्री रामकृष्ण देव के विचारों को गंभीरतापूर्वक रखते हुए कहा कि इन्हीं के विचारों को स्वामी विवेकानन्द जी ने जन-जन तक पहुँचाया । माँ शारदा के बारे में बताते हुए कहा कि उनके अन्दर वह प्रकाश था जिसने लाखों लोगों को रास्ता दिखाया, इसी वहज से उन्हें सार्वभौमिक माँ का दर्जा दिया जाता है । अभिज्ञान सोनी, आद्या सोनी, मानव आर्या, विवेकानन्द सेन्ट्रल स्कूल एवं जिया कुमारी, मध्य विद्यालय, हिन्दी, नूरा जूनियर वर्ग के विजेता बने तथा सीनियर वर्ग में तनीशा राज, श्रेया सुमन (वीसीएस, हजारीबाग) एवं उज्जवल कुमार, प्लस टू महेशरा उच्च विद्यालय विजेता बने । श्यामली सलकर एवं डॉ0 सत्या सिंह उद्घोषक की भूमिका में रहे । धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अपोलिना बाख़ला ने दिया । कार्यक्रम में डॉ0 परीक्षित लायक, डॉ0 तनिमा प्रिया, डॉ0 प्रिया देव, डॉ0 डीके यादव, डॉ0 एसके राणा, सिन्टु कु0 वर्मा, अरविन्द मालाकार, सत्यजीत बेरा, प्रितेश श्रीवास्तव एवं प्रशिक्षु मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**हज़ारीबाग़** – जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत उपायुक्त के जनता दरबार में प्राप्त मामलों की प्रगति की समीक्षा से हुई। उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

इसके उपरांत आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंडों में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रखंडवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य जाति, आय, आवासीय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्गतीकरण तेज गति से सुनिश्चित करना था। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में प्राप्त आवेदनों का एक सप्ताह के अंदर शून्यीकरण किया जाए। बैठक के दौरान म्यूटेशन, जमीन मापी, परिशोधन, ई-कोर्ट, सुओ-मोटो म्यूटेशन, पीजी पोर्टल के मामलों तथा सरकारी भूमि अतिक्रमण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कार्यों में गति लाते हुए सभी मामलों का तत्परता एवं गंभीरता से निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने हाई कोर्ट से जुड़े भू अर्जन के मामले को सावधानी पूर्वक हल करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल एवं म्यूटेशन के लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि राजस्व से संबंधित सभी मामलों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सेबी और आईईपीएफए ने शिविर किया आयोजित

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हजारीबाग** - सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) और मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स के तहत इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी (आईईपीएफए) ने मिलकर 6 दिसंबर, 2025 को राजस्थान के जयपुर में चौथा %निवेशक शिविर% आयोजित किया। इस इन्वेस्टर आउटरीच पहल का उद्देश्य शेयरधारकों को बकाया लाभांश और बिना दावा किए गए शेयर्स की वापसी में मदद करना और इस तरह सिस्टम में बिना दावे वाली निवेशक परिसंपत्तियों की संख्या को कम करना है।

यह शिविर प्रमुख मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशन्स (एमआईआई)- एनएसई, बीएसई, सीडीएसएल और एनएसडीएल, तथा रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए)- केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बिगशेयर सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, कैम्स और पूर्वा शेयरगिस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सेबी के जनरल मैनेजर बिनोद शर्मा, आईईपीएफए के जॉइंट डायरेक्टर रुवित कुमार, आईईपीएफए की डीजीएम समीक्षा लाम्बा और एनएसई के एसवीपी आविष्कार नाइक सहित सेबी, आईईपीएफए, एमआईआई और आरटीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में शोध शिखर बाल विज्ञान पर्व 2025 का भव्य आयोजन

### नवाचार, हरित तकनीक और सतत विकास पर केंद्रित विज्ञान उत्सव में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की हुई भागीदारी



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हजारीबाग** – आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग सभागार में बाल विज्ञान पर्व 2025 का सफल और प्रेरणादायी आयोजन किया गया। परिवर्तन के नवाचार , विकसित भारत हेतु हरित तकनीक और सतत विकास की दिशा में कदम, थीम पर आधारित इस विज्ञान उत्सव में जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 600 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। पंजीकरण कराने वालों में इंटर साइंस कॉलेज, हजारीबाग, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, संत रॉबर्ट स्कूल, जैक एंड जिल स्कूल, हिंदू प्लस टू स्कूल समेत अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। नन्हें वैज्ञानिकों की उत्सुकता, जिज्ञासा और प्रयोगों के माध्यम से प्रस्तुत नवाचारों ने कार्यक्रम को नई ऊर्जा और उमंग से भर दिया।

**वर्किंग मॉडल और वैज्ञानिक प्रयोगों ने खींचा ध्यान** – विज्ञान उत्सव में बच्चों ने अपने वर्किंग मॉडल, प्रोटोटाइप और प्रयोगों के जरिए समाजोपयोगी तकनीकों का शानदार प्रदर्शन किया। सोलर एनर्जी सिस्टम, वेस्ट मैनेजमेंट, वाटर रीसाइक्लिंग, बायो-कन्सर्वेशन जैसे मॉडल दर्शकों और विशेषज्ञों के केंद्र में रहे। छात्रों की रचनात्मकता और उनकी नई सोंच को सभी ने सराहा।

**विश्वविद्यालय पदाधिकारियों ने की प्रतिभाओं की सराहना** – आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि शोध शिखर बाल विज्ञान पर्व हमारे भविष्य के वैज्ञानिकों की पहचान का प्रमुख माध्यम है। विद्यालय स्तर से नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना विकसित भारत की मजबूत नींव है।

कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आज के युवा शोधकर्ता कल की हरित तकनीक और सतत विकास के मार्गदर्शक बनेंगे। छात्रों की सोंच और उनकी मेहनत प्रशंसनीय है। वहीं समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि यह आयोजन स्कूल और विश्वविद्यालय के बीच नवाचार की मजबूत कड़ी तैयार करता है। रिसर्च की उचित दिशा देना ही इसका उद्देश्य है।

# फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा बिरहोर टांडा में वस्त्र वितरण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**हजारीबाग** - कटकमदाग प्रखंड के ढेंगुरा ग्राम स्थित बिरहोर टांडा में गुरुवार को फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा जरूरतमंद परिवारों के बीच स्वेटर, टोपी, मौजे, चप्पल एवं कंबलों का वितरण किया। लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए आयोजित यह कार्यक्रम स्थानीय समुदाय के लिए राहत और सहारे की महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। वितरण के दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, सचिव राकेश ठाकुर तथा संयुक्त सचिव नीरज अग्रवाल उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने बिरहोर समुदाय के बच्चों, महिलाओं और वृद्धजन से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझा और आगे भी सहायता जारी रखने का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुँचाना फेडरेशन का प्रमुख उद्देश्य है। ठंड के इस कठिन मौसम में जरूरतमंद परिवारों को गर्म वस्त्र उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। हम आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। सचिव राकेश ठाकुर ने कहा कि बिरहोर टांडा जैसे दूर-दराज़ इलाकों में रह रहे परिवारों तक राहत सामग्री पहुँचाना बेहद आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति ठंड से पीड़ित न हो। फेडरेशन की टीम लगातार ऐसे मानवीय कार्यों को और विस्तार देगी। फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बताया कि आने वाले दिनों में भी अलग-अलग प्रखंडों में राहत वितरण अभियान जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों को लाभ मिल सके।

# चुरचू प्रखंड में किसानों के साथ धोखाधड़ी का आरोप, चना - गेहूं बीज ब्लैक करते पकड़ा गया , आक्रोशित किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**चरही** – जिले के चुरचू प्रखंड में किसानों के हित में सरकारी योजनाओं के तहत वितरित किए जाने वाले चना एवं गेहूं के बीजों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। बुधवार की देर शाम प्रखंड क्षेत्र में एक पिकअप वाहन से बड़ी मात्रा में बीजों को कथित रूप से ब्लैक मार्केट में ले जाते हुए पकड़ा गया। इस घटना ने पूरे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश उत्पन्न कर दिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कृषि विभाग की पदाधिकारी कांसीनाथ गुप्ता से किसानों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जाने वाले बीजों की आपूर्ति में लंबे समय से धांधली की शिकायतें सामने आती रही हैं। बुधवार को जब संदिग्ध पिकअप वाहन में लदे बीजों की सूचना ग्रामीणों को मिली, तो उन्होंने वाहन को रोककर इसकी जांच की। जांच के दौरान वाहन से सरकारी आपूर्ति वाले चना और गेहूं के कई बैग बरामद किए गए, जिन्हें बाजार दर से ऊँचे मूल्य पर बेचने की तैयारी की जा रही थी।

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण, जिनमें सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल थे, प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और कृषि पदाधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकारी गोदाम से बीज की सही मात्रा और गुणवत्ता उन्हें नहीं मिल रही है, जबकि अधिकारी और दलालों की मिलीभगत से इन बीजों को ब्लैक मार्केट में बेचा जा रहा है।

किसानों ने चुरचू थाना में कृषि पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मियों के खिलाफ लिखित आवेदन भी दिया है, जिसमें मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन में किसानों ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे प्रखंड कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगे। प्रखंड मुख्यालय में दिनभर माहौल तनावपूर्ण बना रहा। भारी संख्या में किसान धरना स्थल पर जुटे रहे और नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त करते रहे। ग्रामीण महिलाओं ने भी आरोप लगाया कि बीज वितरण के नाम पर उन्हें बार-बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगवाया जाता है, लेकिन अंततः उपलब्धता नहीं होने का बहाना बना दिया जाता है। वहीं, यह बीज चोरी-छिपे ब्लैक मार्केट में पहुंचाए जा रहे हैं।

किसानों ने कहा कि खेती उनका मुख्य आजीविका स्रोत है, और इस तरह की हेराफेरी के कारण उनकी फसल चक्र और आय दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना था कि सरकार किसानों के उत्थान के लिए योजनाएं तो लाती है, लेकिन स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार के कारण लाभार्थी तक सही तरीके से नहीं पहुंच पाता।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। हालांकि, कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों ने इस पर कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। इस घटनाक्रम के बाद चुरचू प्रखंड में किसान संगठनों ने भी बैठक कर आगामी रणनीति तय करने की बात कही है। फिलहाल किसानों में गहरा रोष है और वे दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग पर अडिग हैं।

## दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव तालाब से बरामद

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**विष्णुगढ़** - दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी है। थाना अंतर्गत बनासो पंचायत के नावाटांड़ निवासी 50 वर्षीय कौशल कुमार पिता स्व बालेश्वर महतो की लाश गुरुवार को बनासो के कुबरी तालाब से बरामद की गई। कौशल मंगलवार की शाम घर विष्णुगढ़ के लिए निकले थे, मगर घर नहीं लौटे।इस बीच घरवालों ने संबंधियों से उनकी जानकारी ली। आसपास के इलाको में उनकी तलाश की गई, पर कुछ पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह बीएड कॉलेज के करीब कुबरी तालाब में शव होने की खबर मिली। इस खबर पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। सड़क किनारे मृतक की बाइक पड़ी थी। थाना पुलिस शव को पोस्टमार्टम के हजारीबाग भेज दी। इस दुखद घटना से नावाटांड़ तथा आसपास के क्षेत्र में मातम छा गया है।

## पत्रकार को पितृशोक, ह्दयाघात से हुआ आकस्मिक निधन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता विष्णुगढ़** – दैनिक अखबार के विष्णुगढ़ प्रतिनिधि मिथिलेश बर्मन के पिता जगदीश स्वर्णकार का गुरुवार की सुबह असामयिक निधन हो गया। मौत की वजह हार्टअटैक बताया जा रहा है। उनका निधन सुबह छह बजे हो गया। बताया गया है कि सुबह घर की छत पर कुछ काम कर रहे थे। इसी बीच वे छत पर ही गिर गए और उनकी मौत हो गयी।

# सरकारी योजनाओं से जुड़ाव को लेकर स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कसमार (बोकारो):** कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत भवन में किशोरियों एवं महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सहयोगिनी संस्था द्वारा स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, सेविकाझसहिया, महिला समूह की सदस्याएँ एवं अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अमरेश कुमार महतो उर्फ अमरलाल जी ने की। उन्होंने कहा कि किशोरियों और महिलाओं को अपने अधिकारों, शिक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी जरूरी है, ताकि वे जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय आत्मविश्वास के साथ ले सकें। उन्होंने बाल विवाह, मानव तस्करी और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।



उपमुखिया पंचानन महतो ने कहा कि सभी हितधारकों के सहयोग से पंचायत की किशोरियों और महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने योजनाओं के लाभ को घरझघर तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता जताई।

सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था कसमार प्रखंड के 19 गाँवों में किशोरियों एवं युवा महिलाओं की नेतृत्व क्षमता विकसित करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, कन्यादान योजना, स्कॉलरशिप, साइकिल योजना, स्वरोजगार योजनाओं तथा कौशल विकास प्रशिक्षण से किशोरियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जीवन कौशल प्रशिक्षण से किशोरियों में संचार क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, नेतृत्व और समस्या समाधान कौशल विकसित हो रहे हैं।

एनिमेटर बिनीता देवी ने बताया कि समूह गठन के माध्यम से किशोरियों को हिंसा से सुरक्षा, अधिकारों की जानकारी और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी है।

बैठक में वार्ड सदस्य रंजू देवी, रविता देवी, पविता देवी, सोनी देवी, सेविका उषा बाला देवी, हेमंती देवी, यशोमती देवी, नुनीवाला देवी, शांति देवी, पूनम देवी, सनातन महतो, संबोधन महतो, बाबूचंद्र मांझी, विश्वेश्वर मांझी, भीम प्रसाद महतो, संतोष महतो समेत कई लोग मौजूद रहे।

## आदर्श विद्या मंदिर में एनसीसी प्रशिक्षण का भव्य उद्घाटन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बोकारो:-** आदर्श विद्या मंदिर में एनसीसी प्रशिक्षण के प्रथम बैच का शुभारंभ गुरुवार को उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के हार्दिक स्वागत के साथ हुई।

विद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार ने प्रेरणादायक संबोधन देते हुए कहा कि एनसीसी छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना का विकास करता है। उन्होंने सभी कैडेट्स को इस सुनहरे अवसर का पूर्ण लाभ उठाने की प्रेरणा दी।

विशेष अतिथि के रूप में एनसीसी के सम्मानित अधिकारी श्याम सिंह और नरेंद्र ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दोनों अतिथियों ने



नव-नामांकित कैडेट्स को एनसीसी के मूल्यों–अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति–का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान नए कैडेट्स का औपचारिक रूप से नामांकन किया गया तथा उन्हें एनसीसी प्रतिज्ञा दिलाई गई, जिसके साथ ही उनके अनुशासित एवं जिम्मेदार कैडेट बनने की यात्रा का आरंभ हुआ।

कैडेट्स को एनसीसी प्रशिक्षण की संरचना, भविष्य में होने वाली गतिविधियों और उन चुनौतियों के बारे में अवगत कराया गया, जिनके माध्यम से वे स्वयं को एक आदर्श एनसीसी कैडेट के रूप में विकसित कर सकेंगे।

कार्यक्रम का समापन एनसीसी गान ह्लहम सब भारतीय हैंङ्खह्व के सामूहिक गायन के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों में गर्व और उत्साह की भावना भर दी।

इस आयोजन के साथ विद्यालय में एनसीसी प्रशिक्षण के प्रथम बैच का सफलतापूर्वक शुभारंभ हुआ। मारवाड़ी पंचायत समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया तथा नवनिर्वाचित एनसीसी कैडेट्स को बधाई दी।

## डीएवी स्कूल स्वांग में बाल-मेला एवं विज्ञान- प्रदर्शनी का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गोमिया।** डीएवी पब्लिक स्कूल स्वांग में गुरुवार को बाल-मेला व विज्ञान-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत वैदिक- हवन एवं मंत्रोचारण के साथ की गई। इस अवसर पर जीएम सीसीएल कथारा संजय कुमार सपत्नीक , जीएम ऑपरेशन विनोद कुमार सपत्नीक, एसओपी माधुरी मैडम, एएफएम राजीव रंजन, डीएवी झारखंड जोन 'आई' के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी जीएन खान आदि मौजूद थे। सभी ने विद्यालय के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी जैसे




कार्यक्रम का आयोजन से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है। प्रदर्शनी में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित व कला शिल्प से संबंधित विभिन्न प्रकार के कई प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए थे। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी व्यापक समझ व व्यावहारिक ज्ञान को प्रदर्शित किया। बाल मेला में चाउमीन, मंचूरियन, फ्रूट सलाद, झालमूढ़ी, चाट, पानीपुरी, जूस, गुलाब जामुन, चॉकलेट आदि के स्टॉल लगे थे। बच्चों के लिए गेम जोन भी बना था। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डी बनर्जी ने कहा कि बच्चों की रचनात्मक क्षमता बढ़ाने में ऐसे आयोजन सहयोगी होते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में अजय कुमार सिंह, डी घोष, बीआर महतो, हृदय महतो, सोनम मुर्मू, एस सामल, अनुसूया मोहंती, संध्या कुमारी, अंजू झा, प्रीति विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका सराहनीय रही।

## एम जे एम पब्लिक स्कूल को मिला एजुकेशन बेंचमार्क अवॉर्ड 2025

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए मिला सम्मान**

**बोकारो:-** बोकारो के बिजुलिया स्थित एम जे एम पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। गुरुवार को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में आयोजित भव्य समारोह में विद्यालय के निदेशक डॉ. मो. मोईन अंसारी को एजुकेशन बेंचमार्क अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। जैसे ही उनका नाम पुकारा गया, सभागार




तालियों की गूंज से भर उठा। यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ स्कूल एक्रेडिटेशन द्वारा प्रदान किया गया। संस्था ने एम जे एम पब्लिक स्कूल को ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर शिक्षा प्रणाली लागू करने और नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए चयनित किया है। इसके साथ ही इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क ने विद्यालय के आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन्नत सुविधाओं और संतुलित शैक्षणिक वातावरण को देखते हुए इसे अपनी विशेष रैंकिंग में शामिल किया है। विद्यालय को यह सम्मान मिलने के बाद शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों में हर्ष और गर्व का माहौल है। निदेशक डॉ. मोईन अंसारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बच्चों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना ही हमारे विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। अवॉर्ड मिलते ही एम जे एम पब्लिक स्कूल ने न सिर्फ बोकारो बल्कि पूरे राज्य का गौरव बढ़ाया है।

## डीएवी सेक्टर-4 के छात्रों ने किया झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों का सर्वे, सामाजिक समस्याओं को समझा नजदीक से

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बोकारो,** डीएवी सेक्टर-4, बोकारो स्टील सिटी के कक्षा 12वीं कला संकाय के विद्यार्थियों ने राजनीतिक विज्ञान परियोजना के तहत नजदीकी झुग्गीझझोपड़ी क्षेत्रों का विस्तृत सर्वेक्षण किया। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य बस्तियों में रहने वाले लोगों की दैनिक जीवनशैली, सामाजिकझआर्थिक चुनौतियों और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था।सर्वेक्षण के दौरान छात्रों ने महिलाओं, बच्चों और परिवारों के सदस्यों से बातचीत कर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्वच्छता, पेयजल, आवास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े सवाल



पूछे तथा उनकी प्रतिक्रियाओं को नोट किया। इस व्यावहारिक अनुभव ने छात्रों को पुस्तकों से इतर वास्तविक जीवन की कठिनाइयों को समझने में बड़ी मदद दी।छात्रों ने अपने अवलोकनों और एकत्रित आंकड़ों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर विद्यालय में प्रस्तुत की। विद्यालय के प्राचार्य एस.के. मिश्रा ने सर्वेक्षण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास छात्रों में सामाजिक संवेदनशीलता बढ़ाने के साथ समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं की समझ विकसित करने में सहायक हैं।

## गोमिया में धान अधिप्राप्ति को लेकर बीडीओ एवं सीओ ने कृषक मित्रो के साथ बैठक किया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीडीओ महादेव कुमार महतो की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति को लेकर एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सीओ आफताब आलम, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक बबलू सिंह एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में उपस्थित सभी आजीविका कृषि सखी को धान अधिप्राप्ति का फार्म उपलब्ध कराया गया। वहीं बीडीओ ने कृषि सखी दीदी से कहा कि आप लोग अगले मंगलवार तक डोर टू डोर जाकर किसानों का अधिक से अधिक धान अधिप्राप्ति निबंधन करवाने का काम करें। किसान सखी और किसान मित्र का काम है कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलवाएं। वर्तमान समय में



बिचौलियों 1400 से ?1500 रूपए में धान की खरीदारी कर ले रहे हैं। जिससे किसान को प्रति क्विंटल 800 से ?1000 रुपए का नुकसान हो रहा है। अंचलाधिकारी ने बताया कि किसान से निम्न दस्तावेज लेना है। जैसे जमीन का रसीद, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक का छाया प्रति और एक रंगीन फोटो लेना है। फॉर्म को अधूरा नहीं भरना है। किसान जिस खेत में खेती कर रहा है और धान लगाया है, उसी खेत का खाता नंबर प्लॉट नंबर भरे। गोमिया प्रखंड के फिलहाल दो पैक्स में धान क्रय केंद्र खुलने की सूचना प्राप्त है। जिसमें तिलैया पैक्स और बारीडारी पैक्स है। जहां 15 दिसंबर से धान खरीदारी शुरू कर ली जाएगी। प्रखंड तकनीकी प्रबंधन बबलू सिंह ने बताया कि धान अधिप्राप्ति निबंधन के साथ किसान क्रेडिट कार्ड का भी आवेदन भरवाना सुनिश्चित करें। सरकार अभी किसानों को 2450 रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदारी कर रही है। मौके पर कई कृषक मित्र एवं कृषि सखी दीदी उपस्थित थे।

## बुरे फंसे राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरों के हेडमास्टर, दिये गये अपने स्पष्टीकरण में अध्यक्ष के हस्ताक्षर के बिना उनका मोहर व फर्जी हस्ताक्षर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**भरनो(गुमला):** भरनो प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरों के हेडमास्टर अरविंद कुमार तिवारी द्वारा बीते 28 नवंबर 2025 को अपने स्कूल के बच्चों से डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय कर एनएच 23 मार्ग के बगल स्थित किराना दुकान से एमडीएम का सामग्री मंगवाने का मामला दैनिक अखबारों द्वारा 29 नवंबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।खबर का संज्ञान में लेते हुए भरनो बीडीओ अरुण कुमार सिंह द्वारा कुम्हरों स्कूल के हेडमास्टर को स्पष्टीकरण किया गया। स्पष्टीकरण का जवाब में हेडमास्टर द्वारा एक पत्रकार पर ही आरोप लगा दिया कि पत्रकार द्वारा स्कूल के छुट्टी के बाद बच्चों को रोक कर टॉफी और बिस्कुट का लालच देकर हेडमास्टर के खिलाफ बोलवा कर विडियो बनाया गया और अखबारों में खबर छापकर वायरल कर दिया गया। स्पष्टीकरण का जवाब के बाद बीडीओ भरनो द्वारा एक जांच टीम का गठन कर गुरुवार को कुम्हरों स्कूल भेजा गया।जांच टीम में शामिल बीएचओ मनोज कुमार झा,15 वें वित्त आयोग के जेई तारीक अनवर,प्रखंड को ऑडिनेटर बिपिन कुमार,मनरेगा कर्मी जीतेन्द्र मिश्रा,दक्षिणी भरनो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बिरसा उरांव द्वारा एमडीएम का सामग्री लाने वाले बच्चों,स्कूल के कई अभिभावको,ग्रामीण और एसएमसी अध्यक्ष बीरेंद्र उरांव से बारी बारी से पूछताछ किया सभी ने एक स्वर में कहा हां हेडमास्टर द्वारा हमेशा बच्चों को एमडीएम की सामग्री लाने के लिए दुकान भेजा जाता है। बच्चों ने भी कहा सामग्री के अलावे हमलोगों से बांस भी कटवाते है।सबसे चौंकाने वाली बात तब पता चला जब स्पष्टीकरण के जवाब में अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर नहीं करने पर अध्यक्ष का हस्ताक्षर और मोहर पाया गया।जांच टीम द्वारा अध्यक्ष से स्पष्टीकरण का जवाब में उसका हस्ताक्षर और मोहर के बारे पूछा गया तो अध्यक्ष ने बताया कि मैने तो हस्ताक्षर किया ही नहीं है और मोहर भी हेडमास्टर अपने पास रखता हैं तो हम कैसे करेंगे।जांच टीम के द्वारा जांच रिपोर्ट बीडीओ भरनो को सौंपा जाएगा।

## बाघमारा थाना अंतर्गत डुमरा मोड़ में दो दुकानों में चोरी का प्रयास ताला तोड़ते चोर सीसीटीवी में कैद

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कतरास।**बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा मोड़ में बुधवार रात चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाया, लेकिन एक में चोरी करने में सफल हो गए जबकि दो दुकानों में प्रयास असफल हो गया। गुरुवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो टूटा ताला देख होश उड़ गये। डुमरा दक्षिण मुखिया जीवन लाला महतो की सूचना पर थाना प्रभारी अजीत कुमार सदल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने दुकानदारों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। वही पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज को भी खंगाला। जांच के दौरान सीसीटीवी फूटेज में रात 2 बजकर 27 मिनट पर



एक व्यक्ति दुकान का ताला तोड़ते हुए नजर आया है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है।इन दुकानों को बनाया निशाना डुमरा मोड़ स्थित बबलू पान दुकान का शटर तोड़कर चोरो ने नगद 1200 सौ रुपए, आधार कार्ड सहित जरुरी कागजात चोरी कर लिया। साथ ही बगल में रामप्रसाद पान दुकान का शटर का ताला तोड़ा गया, कुछ नहीं ले जा पाया। वही अनमोल वस्त्रालय का आधा शटर को उखाड़ कर चोरी का प्रयास किया लेकिन नाकाम साबित हुए।दुकानदार भयभीत

आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है। दुकानदारों ने पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है की हाल ही में डुमरा पोस्ट ऑफिस स्थित कृष्णा ज्वेलर्स दुकान का शटर उखाड़ कर चोरों ने चोरी का प्रयास किया था। डुमरा मेन चौक होने के वावजूद यहां चोर बड़ी आसानी से चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है।

## सार-संक्षेप

### कसमार थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए गुम मोबाइल लौटाया



**कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के बगियारी निवासी अर्जुन गोस्वामी, पिता जय गोविंद गोस्वामी, का मोबाइल फोन बुधवार को गुम हो गया था। मामले की सूचना मिलते ही कसमार थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने त्वरित पहल करते हुए टीम के साथ मोबाइल की खोजबीन शुरू कराई।

थाना प्रभारी की तत्पर कार्रवाई के परिणामस्वरूप मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया, जिसे बाद में विधिवत अर्जुन गोस्वामी को सुपुर्द कर दिया गया।

थाना प्रभारी कुंदन कुमार की इस सराहनीय पहल से क्षेत्र के लोगों में संतोष और पुलिस प्रशासन पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

### बीडीओ ने ललपनिया रोड पर हेलमेट जांच अभियान चलाया गया



**गोमिया।** प्रखंड के ललपनिया रोड पर बुधवार को आश्रम विद्यालय तुलबुल के निकट सड़क सुरक्षा अंतर्गत हेलमेट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से बीडीओ महादेव कुमार महतो एवं ललपनिया थाना और गोमिया थाना के पुलिसकर्मी संयुक्त रूप से उपस्थित थे। इस दौरान इस सड़क पर आने जाने वाले सभी दोपहिया वाहनों के चालकों की हेलमेट की जांच की गई। वहीं चार पहिया वाहनों के चालकों के सीट बेल्ट एवं अन्य जरूरतमंद कागजातों की जांच की गई। वहीं कई लोगों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। बीडीओ ने बताया कि आए दिन इस सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही है और इस बारे में वाहन चालकों को सतर्क एवं सावधान रहना होगा। वहीं वाहन चालते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट अवश्य लगावें। मौके पर कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### नहा धोकर राशन लाई,पेट में उठा दर्द,अस्पताल ले जाने के क्रम में महिला ने तोड़ा दम

**भरनो (गुमला):** भरनो के बस्ती स्थित बाजार टांड़ निवासी शंकर साहू की पत्नी रीता देवी(51)की आकस्मिक मौत हो गई।उसका पति शंकर साहू ने बताया कि सुबह से वह बिलकुल स्वास्थ्य थी । नहा धो कर पीडीएस दुकान से जाकर राशन भी लाई।इधर उधर घूमने के बाद बुधवार को तीन बजे पेट में दर्द उठा। इस दौरान वह दो तीन बार बाथरूम भी गई।फिर पेट दर्द और तेज हो गया तो जमीन पर लोटने लगी।आनन फानन उसे परिजनों के द्वारा उसे तत्काल रांची के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।परंतु अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि डॉक्टरों ने उसका मौत का कारण ब्रेन हेमरेज बताया,लेकिन आशंका जताया जा रहा है कि ठंड लगने से उसकी मौत हुई होगी।इधर गुरुवार को उसका शव का भरनो के मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### समाहरणालय में कार पर्किंग निर्माण कार्य प्रगति पर

**धनबाद।**उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के निर्देश पर समाहरणालय आने वाले आगंतुकों के लिए समाहरणालय के पूर्वी हिस्से में विशाल पार्किंग शेड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पार्किंग का फ्रेमवर्क पूरा हो चुका है। शीघ्र शेड लगाने का कार्य आरंभ होगा।इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि प्रतिदिन बड़ी तादाद में आम लोग अपने विभिन्न कार्यों से समाहरणालय आते हैं। आम जनों के साथ पदाधिकारी, मीडिया कर्मी भी समाहरणालय आते हैं। अक्सर उनके वाहन खुले में खड़े रहते हैं। इसलिए चार पहिया और दुपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग शेड युक्त विशाल पार्किंग एरिया बन रहा है। पार्किंग शेड बन जाने के बाद उसमें 64 चार पहिया तथा 80 से अधिक दुपहिया वाहनों को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से पार्क किया जा सकेगा। उपायुक्त ने बताया कि पार्किंग शेड के साथ-साथ आगंतुकों के लिए सिटिंग व वेटिंग एरिया एवं पार्क का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### धनबाद आईआईटी आईएसएम की टीम बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुवे मद्रास रवाना

**धनबाद।**आईआईटी मद्रास में आयोजित 58 इंटर आईआईटी स्पोर्ट्स मिट के लिए धनबाद आईआईटी की बास्केटबॉल टीम गुरुवार मद्रास के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता आईआईटी मद्रास में 14 से 21 दिसम्बर तक आयोजित होगी। पुरुष टीम में

श्रीवल्लभ महायात्रा (कप्तान), ऋषित मंत्री (उप-कप्तान), अंकित कुमार, अल्लधा प्रणीता , अनुराग जहा, शुभम कुमार, उत्तम यादव, यश यादव , निखिल नाराज, श्रेष्ठ बंसल, एनीमेशन केरकेट्टा, दीक्षान्त, और कोच मौली सामंता। एवं महिला टीम में

अनन्या कस्तिया(कप्तान) , ओशीन डोंगरे( उप कप्तान),प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी , के.स्वाति, मौपाली मुखर्जी, अंजलि भाटिया, स्नेहा जादव, स्नेहा गुप्ता, शरण्या, वी. गीतिका , श्वेता कुशवाहा, और कोच मौली सामंता।

आईआईटी आईएसएम के स्पोर्ट्स ऑफिसर अनिता कुमारी एवं अभिषेक बैस्या ने टीम को शुभकामनाएं दीं है।

### महूदा कॉलेज में धरना दे रहे प्रोफेसर व द्वारपाल को जिप अध्यक्ष व सीओ ने जूस पिलाकर खत्म कराया आमरण अनशन

**धनबाद।**महुदा इंटर कॉलेज महुदा से निलंबित प्रो. सुरेश कुमार रजक एवं द्वारपाल गौतम कुमार महतो ने आमरण अनशन खत्म कर दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में बाघमारा सीओ गिरजानंद किस्कू तथा जिप अध्यक्ष शारदा सिंह गुरुवार को अनशन स्थल कॉलेज के मुख्य द्वार पर पहुंचे। जिप अध्यक्ष तथा सीओ ने दोनों को जूस पिलाकर अनशन तोड़पाया। उन्होंने निलंबित प्रक्रिया की जांच और पुनः नियुक्ति दिलाने का भरोसा दिया। 13 दिसंबर को शासी निकाय की बैठक आयोजित करने तथा इसमें महुदा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी को आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया। निलंबित प्रोफेसर सुरेश ने कहा कि नियुक्ति नहीं होने तक धरना जारी रहेगी।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी, महुदा पंचायत के मुखिया मुखिया बदुरुद्दीन अंसारी, सिंगड़ा पंचायत के मुखिया सूर्यकान्त महतो , भाजपा नेत्री उगा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो, आजसू के प्रदीप महतो , टीआर प्रो आदित्य कुमार , प्रो भरत महतो , गोकुल कुम्भाकर, किशुन महतो, डाक्टर निरोज जोजो , ए एन एम सुनिता देवी , स्वास्थ्य कर्मी संजय कुमार , शंकर नाग के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

# जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं के त्वरित निष्पादन एवं शत-प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य निर्धारित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला:** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की विस्तृत बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा जनकल्याण कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, निदेशक,डीआरडीए, सिविल सर्जन गुमला,एसडीओचैनपुर, बसिया, एलआरडीसीगुमला बवसिया सहित सभी विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले के 106 आयुष्मान मंदिरों तक पहुंच मार्ग दुरुस्त नहीं है। इस महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी स्थलों का सर्वेक्षण कर पहुंच मार्ग निर्माण की सूची तैयार करें तथा निर्माण हेतु आवश्यक एस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करें। साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं सिकल सेल अभियान की समीक्षा करते हुए सभी बीडीओ एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करें। सिकल सेल अभियान में जिले ने 98 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है, शेष नागरिकों को लाभान्वित कर अभियान को पूर्णता की ओर ले जाने हेतु निर्देशित किया गया।कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं, धूमकुड़िया भवन,



सरना-मसना स्थल, छात्रवृत्ति योजनाएं एवं ग्रामीण कल्याण अस्पताल नागफेनी के मरम्मत कार्यों की समीक्षा की गई। धूमकुड़िया भवन निर्माण हेतु सभी अंचल अधिकारियों को उपयुक्त भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लाभुकों को अद्यतन सूची उपलब्ध कराने एवं छात्रवृत्ति योजना के तहत टढवक मैपिंग में तेजी लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने बैंकों को यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। एमआईयोजना अंतर्गत लंबित आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। देरी के कारणों पर चर्चा करते हुए सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि सभी लंबित कार्यों को समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। जिला परिषद द्वारा संचालित विभिन्न जनिर्माण कार्यों, साथ ही भूमि विवाद मामलों पर व्यापक चर्चा कर त्वरित निष्कर्ष एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही गई।बैठक में सभी अंचल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया में गति लाने का निर्देश भी दिया गया।जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में 82 आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। संबंधित विभागों को लंबित कार्यों के तुरंत निष्पादन और भूमि संबंधी मुद्दों के समाधान के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत पात्र लाभुक महिलाओं को 2 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।अंचल स्तरीय योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अंचल कार्यालयों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी और प्राथमिकता के साथ निष्पादन किया जाए, ताकि नागरिकों को समयबद्ध सरकारी सेवाएं उपलब्ध हों।इसके अतिरिक्त उप विकास आयुक्त द्वारा अन्य कई विभागों अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें बिजली विभाग, पीएचईडी , कृषि विभाग, उद्यान, भूमि संरक्षण आदि अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए एवं सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं को सफल बनाने हेतु निर्देश दिया गया।

# भंडरा में बिजली लौटी: 100 केवी ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा गाँव में रहने वाले ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। पिछले लगभग एक महीने से अँधेरे में रात गुजार रहे गाँव में आखिरकार 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। गुरुवार को विधिवत इसका उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव ने किया जिसके बाद गाँव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। इस मौके पर भंडरा गाँव के लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बिजली नहीं होने के कारण ग्रामीण, खासकर छात्र और बुजुर्ग पिछले महीने भर से भारी परेशानी का सामना कर रहे थे। नया ट्रांसफार्मर लगने से न सिर्फ घरों में रोशनी लौटी है बल्कि दैनिक जीवन से जुड़े कई



कार्य भी अब सुचारू रूप से हो पाएंगे। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए स्थानीय सांसद सुखदेव भगत का तह-ए-दिल से आभार व्यक्त किया है। लोगों ने बताया कि सांसद के प्रयास से ही यह समस्या प्राथमिकता के आधार पर हल हो पाई। इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने में दो प्रमुख स्थानीय व्यक्तियों की सक्रिय भूमिका रही। समाजसेवी अयूब अंसारी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी की निरंतर पहल और अथक प्रयास के फलस्वरूप ही यह 100 केवी का ट्रांसफार्मर गाँव में स्थापित हो सका। इन दोनों की सक्रियता की भी ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। उद्घाटन समारोह में शामिल उरांव ने कहा कि बिजली हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है और गाँव में अंधेरा दूर होना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस नए ट्रांसफार्मर की सुरक्षा और बिजली के सही उपयोग का ध्यान रखें। नया ट्रांसफार्मर लगने से भंडरा गाँव में अब बिजली कटौती की समस्या से भी निजात मिलने की उम्मीद है, जिससे ग्रामीणों का जीवन अब पहले से बेहतर और सुविधाजनक हो सकेगा। मौके पर अयूब अंसारी, बिजली मिस्त्री निरंजन कुमार, जामंत कुमार, मेराज अंसारी, कृष्णा लोहरा, गोलू सहित कई लोग मौजूद थे।

# एम टी सी डुमरी में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी का औचक निरीक्षण, कुपोषित बच्चों के डाइट सप्लीमेंट एवं स्वच्छता व्यवस्था की सराहना

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**डुमरी (गुमला) :** जिला प्रशासन एवं द हंस फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) डुमरी में गुरुवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अति गंभीर कुपोषित बच्चों को दिए जा रहे डाइट, हेल्थ सप्लीमेंट और देखभाल की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की प्रशंसा की तथा केंद्र में तैनात कर्मियों और पूरे परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को संतोषजनक



बताया। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया कि स्वच्छता पर और भी विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों के उपचार में अधिक प्रभावशीलता लाई जा सके। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि कुपोषण दूर करने के लिए समुदाय आधारित गतिविधियां बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने माताओं एवं परिवारों को पोषण शिक्षा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे शिशु एवं मातृ पोषण को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। वहीं कुपोषण कोट का भी वितरण किया साथ ही उन्होंने कुपोषित बच्चों के खेलने हेतु बनाए गए प्लेयिंग एरिया को देखकर खुशी जाहिर करते हुए कहा इस तरह के खेल गतिविधि के माध्यम से बच्चों में शारीरिक व मानसिक रूप से लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को हमार पोषण पुस्तिका, आहार विविधता मार्गदर्शिका, तथा काउंसलिंग बुक भी उपलब्ध कराए गए

# गुरूवार को चलाए गए सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान दो वाहनों को गुमला थाना परिसर में जप्त कर रखा गया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 11 नवंबर, 2025 को एक सघन सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। यह पहल उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों पर की गई, जिसका नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ), ज्ञान शंकर जायसवाल नेडी.ए.वी मोड में की

**अभियान का मुख्य लक्ष्य और दायरा**

इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य उन चालकों पर नकेल कसना था जो बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करके दुर्घटनाओं का कारण बन रहे थे। जाँच अभियान



का मुख्य फोकस ओवरलोडिंग वाहन पर था ।ओवरलोडिंग: टेंपो एवं टोटो वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को लादना, जो सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।अमान्य कागजात आवश्यक दस्तावेजों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (ढवड) सर्टिफिकेट और रोड टैक्स के बिना वाहनों का संचालन

**कड़ी कार्रवाई और जागरूकता**

अभियान के दौरान, नियम तोड़ने वाले टेंपो और टोटो को पकड़ा गया। विशेष रूप से, ओवरलोड पाए गए दोनों वाहनों को जब्त कर गुमला थाना परिसर में रखा गया है।डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक करने पर भी जोर दिया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से चालकों को लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों के बारे में समझाया और उन्हें भविष्य में सभी यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी।

अधिकारियों की स्पष्ट चेतावनी दी है कि गुमला जिले में सुरक्षित और अनुशासित सड़क परिवहन व्यवस्था स्थापित करने के लिए भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।यह अभियान गुमला जिले में सड़क सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम है, जिसका उद्देश्य जिले के नागरिकों, विशेषकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## बिहार शरीफ में भरनो के एक प्रवासी मजदूर बंदे उरांव की नहर में डूबने से हुई मौत

**भरनो (गुमला):** भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित पोखरा टोली निवासी बंदे उरांव 34 वर्ष की मौत बिहार के नालंदा जिले अंतर्गत बिहारशरीफ में नहर में डूबने से हो गई।बीती रात को मजदूर का शव एंबुलेंस में उसका गांव पहुंचा।प्राप्त जानकारी के अनुसार बंदे उरांव विगत अगस्त माह में बिहार के नालंदा जिला के बिहारशरीफ के बालाजी नामक ईंट भट्ठा में मजदूरी करने गया हुआ था।उसके साथ गांव के भी अन्य मजदूर भी काम करने गए थे।उसके साथियों ने बताया कि बंदे उरांव बीते 4 दिनों से ईंट भट्ठा से गायब था।उसकी काफी खोजबीन की जा रही थी,पर उसका कुछ पता नहीं चल सका था,तब बीते बुधवार को ईंट भट्ठा के नजदीक स्थित नहर में उसका शव देखा गया।स्थानीय पुलिस ने शव को बरामद किया और शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद ईंट भट्ठा संचालक के सहयोग से शव को एंबुलेंस की व्यवस्था कर एक मजदूर के साथ उसका गांव भिजवाया गया।इधर शव गांव पहुंचने पर परिजनों का रो रो के बुरा हाल है।मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर मामले की जानकारी ली।और ईंट भट्ठा मालिक से दूरभाष पर परिजनों को आर्थिक सहयोग करने की मांग रखी।भट्ठा मालिक ने अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपए भेजा है और प्रशासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।इधर गुरुवार को उसके गांव में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।मृतक मजदूर के चेहरे पर चोट के निशान देखकर परिजनो ने उसकी हत्या की आशंका जता रहे थे।बैठक में सीपीएम नेता मधुवा कच्छप,मुखिया प्रतिनिधि शिव कुमार केशरी,पंचायत समिति सदस्य बिरसा उरांव,पूर्व मुखिया मुकेश उरांव,सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# गुमला चेंबर ऑफ कामर्स की अंतिम आम सभा संपन्न, 11 जनवरी आम चुनाव कराने का निर्णय

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला :** 10 दिसंबर की संध्या गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की अंतिम बैठक (आमसभा) पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुई । यह बैठक बस स्टैंड रोड स्थित चेंबर कार्यालय में अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । सर्वप्रथम बैठक का संचालन कर रहे सचिव बबलू वर्मा के द्वारा उपस्थित सभी पूर्व अध्यक्षों, सभी सदस्यों व जितने भी पदाधिकारी व आम व्यापारियों का स्वागत किया गया । उसके बाद सचिव द्वारा आम सभा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । कोषाध्यक्ष अमित गोलू द्वारा सत्र 2025 का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया । जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। उसके बाद सचिव के आग्रह पर अध्यक्ष राजेश सिंह अपने कार्यकाल के बारे में और कार्यों की उपलब्धि के बारे में बताना आरम्भ किया और अपने कार्यकाल के मुख्य कार्यों के जानकारी देते रहें। जानकारी की लिस्ट इतनी लंबी थी कि सभा में उपस्थित लोग बार-बार तालियों के गड़गड़ाहट से उनके कार्यों के प्रशंसा कर रहे थे और उनके कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया।विशेष रूप से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी व निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष पवन




अग्रवाल ने राजेश सिंह के कार्यों को एक सफल कार्यकाल बताया और वर्तमान चेंबर की पूरी टीम को कोटि-कोटि बधाई दी ।इसके बाद आगामी चुनाव के बारे में चर्चा हुई और सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 11 जनवरी 2026 को गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का आम चुनाव बैलट वोटिंग के द्वारा संपन्न कराया जाएगा और इसके लिए, अध्यक्ष राजेश सिंह द्वारा पूर्व अध्यक्ष अमित माहेश्वरी को चुनाव पदाधिकारी बनने की घोषणा की गई । जिसे उपस्थित अमित कुमार माहेश्वरी ने स्वीकार किया और चुनाव पदाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया इसके बाद वरीय उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने इस कार्यकाल के बारे में बहुत सारी बातें बताई और पूर्व कार्यकाल में चेंबर के लोग कैसे आपसीसमन्वय से किस तरह कार्य किया जा रहा था उसके बारे में बताया । उपस्थित तमाम लोगों ने जमकर तारीफ किया और पूरी टीम की प्रशंसा की गई ।अंत में उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल रॉकी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और राष्ट्रगान के साथ बैठक की समाप्ति हुई। मौके पर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, वरीय उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा,कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष शशि प्रिया बंटी, पवन अग्रवाल, हिमांशु केसरी, अनमोल गुप्ता, दिनेश कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी के मुन्नीलाल साहू,राहुल केसरी, पंकज खण्डेलवाल, दिलीप गुप्ता, गुरमीत सिंह, नीरज गुप्ता, शंकर साहू, संजीव शर्मा, योगेश शर्मा, मुन्नी लाल साहू, रितेश गुप्ता,बृज फोगला,उपसमिति के शिवम जायसवाल, अजय कुमार धान, पंकज सोनी, रूपक कुमार, राजू श्रीवास्तव, मो.शाहनवाज, राजकुमार गैस, दिनेश कुमार और कई व्यापारी रामप्रकाश प्रसाद, संजीव उर्वशी, राजेश गुप्ता, उमेश कुमार, दिनेश कुमार, सुभाष साहू आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केंद्र गुमला में मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट एवं स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना : महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला :** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला, विकास भारती बिशुनपुर में मिलेट उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्द्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट फॉर कस्टम हायरिंग सर्विसेजह्व तथा ह्मिलेट वैल्यू एडिशन एवं स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग यूनिटह्व की स्थापना की गई है। यह सुविधा कउअफ-अळअफक, जोन-कश, पटना के तकनीकी सहयोग से स्थापित की गई है, जो जिले में पोषक अनाजों के संवर्द्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कृषि विज्ञान केंद्र के बहरिया वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ बृजेश पांडे ने बताया कि इस यूनिट के माध्यम से दिनाँक 8 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से महिलाये मोटा अनाज आधारित बिस्कुट, लड्डू, नमकीन, मड्डुआ आटा, एवं केक बनाने का प्रशिक्षण चलाया जा रहा है । इस प्रशिक्षण में गुमला जिले की 25महिलाएं जिसमें पुगु, हेसराग, हेठआदर एवं बिशुनपुर की महिलाएं भाग ले रही है ह इस केंद्र इस वर्ष 200 महिलाओ को प्रशिक्षित करेगा ।

जिससे आने वाले दिनों में जहां गुमला जिले में मिलेट्स आधारित उत्पाद का उत्पादन बढ़ेगा । साथ ही साथ जिले की महिलाएं आत्मनिर्भर भी होगी ह्नइसे स्थापित प्रोसेसिंग यूनिट अत्याधुनिक मशीनरी से सुसज्जित है जिसके माध्यम से किसान और एफपीओ कस्टम हायरिंग सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे।

यूनिट के माध्यम से मिलेट की सफाई, ग्रेडिंग, डीकार्टिंग, पॉलिशिंग और पैकेजिंग जैसी गतिविधियाँ स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेंगी। इससे किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करने में सहायता मिलेगी तथा बाजार में उनका मूल्य भी बढ़ेगा। यह सुविधा जिले में मिलेट वैल्यू चेन को मजबूत करेगी।

## गुमला विधायक भूषण तिर्की ने सदन में उठाई मांग: चैनपुर में हो अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम का निर्माण

**चैनपुर (गुमला) :** गुमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूषण तिर्की ने राज्य विधानसभा में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए सरकार से चैनपुर अनुमंडल में एक अत्याधुनिक अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम के निर्माण की मांग की है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए बेहतर सुविधाओं की तत्काल आवश्यकता है। विधायक तिर्की ने सदन का ध्यान चैनपुर की खेल विरासत की ओर आकर्षित करते हुए बताया कि इस क्षेत्र से कई ऐसे खिलाड़ी निकले हैं जिन्होंने ज़िले और राज्य का नाम रोशन किया है। हॉकी में सोनल मिंज,फुटबॉल में सुधा अंकिता तिर्की और पैरा थ्रो बॉल में असुंता टोप्पो ने भी अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है। विधायक ने उल्लेख किया कि बारवे उच्च विद्यालय चैनपुर की टीम प्रतिष्ठित सुब्रतो कप के फाइनल तक भी पहुँच चुकी है, जो जमीनी स्तर पर प्रतिभा की प्रचुरता का प्रमाण है विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि इन प्रतिभावान खिलाड़ियों को अच्छी प्रशिक्षण जगह और सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण उनकी क्षमताएँ पूरी तरह से विकसित नहीं हो पा रही हैं।

## सार-संक्षेप

### हजरत बाबत दुखन शाह का चार दिवसीय सालाना उर्स मुबारक 12 जनवरी से 15 जनवरी तक




**लोहरदगा।** लोहरदगा में हजरत बाबत दुखन शाह का चार दिवसीय सालाना 101वां उर्स मुबारक आगामी 12 से 15 जनवरी तक होगी। इस बार 14 एवं 15 जनवरी की रात शानदार कव्वाली मुकाबला प्रोग्राम होगा। दोनों रातें अलग-अलग मशहूर व मारूफ कव्वाल तशरिफ ला रहे हैं। पहली रात मशहूर कव्वाल नेसार जानी और मुराद आतिफ के बीच शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा। जबकि दूसरी रात यानि 15 जनवरी की रात मशहूर कव्वाल चाँद कादरी और मुराद आतिफ के बीच शानदार मुकाबला कव्वाली होगा। इसकी जानकारी अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रऊफ, सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद उर्फ बेलू एवं मजार कन्वेनर मोजम्मिल अंसारी ने संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत बाबा दुखन शाह (र.अ.) का चार दिवसीय सलाना उर्स 12 जनवरी को सुबह 10:30 बजे परचम कुशाई के साथ शुरू हो जायेगी। 13 जनवरी को केरत व नातिया कलाम का इनामी मुकाबला जामा मस्जिद परिसर में होगी, जबकि 14 जनवरी को अहले सुबह गुसुल व सन्दल के बाद पहली चादरपोशी अंजुमन इस्लामिया के जानिब से पेश की जायगी। तत्पश्चात लोहरदगा पुलिस प्रशासन की तरफ से हजरत बाबा दुखन शाह (र.अ.) को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायगा। साथ ही पुलिस प्रशासन की ओर से चादरपोशी भी की जायगी। 14 जनवरी व 15 जनवरी को दोपहर में लंगरख्वानी का भी एहतमाम किया जायगा।

### सड़क सुरक्षा को लेकर सघन वाहन जांच अभियान, छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद के निर्देशानुसार डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में स्कूल बसों से छात्राओं को लाने-ले जाने वाले ऑटो तथा बाइक से आने वाले छात्रों का सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। इस निरीक्षण अभियान में जिला परिवहन अधिकारी जया सखी मुर्मू, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंध अमृतेश्वर गिरी, रोड इंजीनियर एनालिस्ट कृष्ण कुमार गुप्ता, तथा ट्रैफिक इंचार्ज गैलन रजवार अपने पूरे दल-बल के साथ मौजूद रहे। इस बीच जिला परिवहन अधिकारी जया सखी मुर्मू द्वारा स्कूल प्रबंधन और स्कूल बस चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सख्त चेतावनी दी गई और निर्देश दिया गया कि बच्चों की सुरक्षा किसी भी कीमत पर सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही बाइक से स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को हेलमेट उपयोग, वैध दस्तावेज रखने और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कई छात्रों के वाहनों की जांच की गई और जहां-जहां कमी पाई गई, वहां आवश्यक निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि अभियान का उद्देश्य स्कूल परिवहन प्रणाली को सुरक्षित बनाना और छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था।

### उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन



**सिमडेगा:** उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुँचकर अपनी समस्याएँ रखीं। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की बात को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है।

जनता दरबार के दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, विद्यालय संचालन से जुड़े अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने, गुलजार गली स्थित स्टेडियम के पास बने कचरा डंपिंग यार्ड को हटाने, राशन दुकान परिवर्तित करने, भरण-पोषण भत्ता उपलब्ध कराने जैसी कई समस्याएँ रखीं। इसके अलावा मैरिज सर्टिफिकेट पर पंचायत सचिव द्वारा हस्ताक्षर नहीं करने, सहायक आचार्य नियुक्ति पत्र से संबंधित जटिलताओं, अबुआ आवास योजना के लाभ, होमगार्ड में बॉन्ड भरने से वंचित रखने, सड़क चौड़ीकरण के दौरान भूमि अधिग्रहण मुआवजा, बंद बैंक खाते को चालू कराने, विधवा पेंशन का लाभ दिलाने और पारिवारिक विवादों से जुड़े मामले भी सामने आए। उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों को मामलों का शीघ्र निपटारा करते हुए लाभुकों को उचित सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ।

### चैनपुर के महेशपुर दीपा टोली में असामाजिक तत्वों ने धान की फसल को लगाई आग, किसानों को भारी नुकसान

**चैनपुर (गुमला) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर डिपाटोली गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है जहाँ असामाजिक तत्वों ने किसान अनूप उरांव और शिवा उरांव की काटी हुई धान की फसल को जला दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत से काटकर खलिहान में मिसाई केलिए रखे 8 से 10धान के गांज में बीती रात लगभग 9:00 बजे आग लगा दी गई। किसान अनूप उरांव ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया , लेकिन आग इतनी फैल चुकी थी कि उस पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। इस अग्निकांड में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है जिससे उनके समक्ष आर्थिक तंगी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसानों ने सरकार और प्रशासन से इस नुकसान के लिए शीघ्र उचित मुआवजे की मांग की है ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

### चैनपुर में सड़क हादसा: बाइक चालक घायल, अस्पताल में भर्ती

**चैनपुर (गुमला) :**चैनपुर प्रखंड अंतर्गत संत अन्ना स्कूल के समीप गुरुवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क से गिरकर घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान टिन टांगर गांव निवासी अजीत नायक के रूप में हुई है। यह हादसा गुरुवार सुबह चैनपुर के संत अन्ना स्कूल के पास हुआ। अजीत नायक अपनी मोटरसाइकिल से टीनटांगर गांव से चैनपुर के साप्ताहिक बाजार जा रहे थे तभी उनकी बाइक अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे जा गिरी। हादसे में अजीत नायक को चोटें आईं।घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के पुलिस जवान तुरंत मौके पर पहुँचे। घायल अजीत नायक को 108 एम्बुलेंस की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### गुमला नगर परिषद की टीम की बड़ी कार्रवाई, 133 बंडल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त

**गुमला:** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में नगर परिषद गुमला की स्वच्छता एवं प्रवर्तन टीम ने आज विशेष जांच अभियान चलाते हुए बाजार क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान टीम ने दुकानों एवं गोदामों की तलाशी में कुल 133 बंडल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किए एवं 2000 रुपये का आर्थिक दंड भी वसूला गया।

## संक्षिप्त समाचार

### इप्टा पलामू के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार के निधन पर शोक सभा आयोजित



**मेदिनीनगर :** इप्टा पलामू के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार के आकस्मिक निधन पर बुधवार की शाम एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान इप्टा एवं सांस्कृतिक जगत से जुड़े कई साथियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व व योगदान को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रेम प्रकाश और धीरेंद्र कुमार ने बताया कि शैलेश कुमार पेशे से शिक्षक थे, लेकिन उन्होंने शिक्षकीय दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाई। वे इप्टा पलामू के अध्यक्ष रहे और संगठन के सांस्कृतिक आंदोलनों को मजबूती प्रदान की। उल्लेखनीय है कि उनके पिताजी वाल्मीकि सिंह भी वाल्मीकि सिंह हाई स्कूल के प्राचार्य होने के साथ इप्टा पलामू के अध्यक्ष रहे थे। शैलेश कुमार ने इस सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए एकता और प्रगतिशील मूल्यों के आंदोलन को नई ऊर्जा दी। भूगोल के शिक्षक होते हुए भी शैलेश कुमार साहित्य, विशेषकर कविता में गहरी रुचि रखते थे। उनकी रचनाओं में राजनीतिक व्यंग्य और जीवन के गहरे तत्वों की झलक मिलती थी। पत्नी के निधन के बाद उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी और दिल्ली में अपने पुत्रों के साथ रह रहे थे। इसके बावजूद वे फोन पर पलामू इप्टा की गतिविधियों की जानकारी लेते रहते थे। सांस्कृतिक पाठशाला की पहल को उन्होंने विशेष रूप से सराहनीय बताया था।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा द्वारा जरूरतमंदों के बीच नि:शुल्क कंबल वितरण



**भवनाथपुर (गढ़वा) :** ठंड के बढ़ते प्रकोप से गरीब, असहाय और वृद्ध व्यक्तियों को बचाने के लिए सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा गढ़वा के तत्वावधान में जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क कंबलों का वितरण किया गया। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा गढ़वा के द्वारा जिले के जरूरतमंद वृद्ध व्यक्तियों, विधवाओं और अन्य असहाय लोगों के बीच लगभग 120 कंबलों का निःशुल्क वितरण करके उन्हें सम्मानित किया गया। महासभा के जिला अध्यक्ष विनोद पाठक, उपाध्यक्ष सुबोध पाठक और निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री एस एन पाठक के सौजन्य से गढ़वा जिले के मानपुर, झगराखांड, तोरेलावा, मझिआंव, मोरबे, बेलोपाती, मेरौनी और केतार आदि गांवो में महासभा के सदस्यों ने स्वयं जरूरतमंद लोगों के घर जाकर उन्हें कंबल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। कंबल वितरण टीम में विनोद पाठक, एस एन पाठक, सुबोध पाठक, पीयूष पाठक, दीपू पाठक, विकास पाठक, अभिषेक पाठक, मनोज पाठक, ब्रजेश मिश्रा और नंदू पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन



**लातेहार:** जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कृष्ण चन्द्र गांधी ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि लातेहार नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पाण्डेय तथा प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजीव रंजन ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण के विभिन्न आयामों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विषय चयन, भविष्य के रोजगार अवसर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, डिजिटल साक्षरता तथा जीवन कौशल जैसे आवश्यक बिंदुओं पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बदलते वैश्विक परिदृश्य में कौशल-आधारित शिक्षा, सतत सीखने की आवश्यकता और अनुशासित दिनचर्या के महत्व पर भी प्रकाश डाला।सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कई प्रश्न पूछे, जिनका समाधान मुख्य अतिथि ने सरल, प्रेरणादायक और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नगर में चल रहे स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था एवं प्रशासनिक सुधार के कार्यों की सराहना भी की।विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पाण्डेय तथा प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने भी विद्यार्थियों को सुविचारित करियर योजना, नैतिक मूल्यों एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व पर महत्वपूर्ण संदेश दिए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे यह आयोजन सफल एवं प्रभावी बन सका।

### जनता डेंटल क्लिनिक में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर जारी

**गढ़वा :** कचहरी रोड स्थित जनता डेंटल क्लिनिक में चल रहे निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का 26वां दिन भी स्वास्थ्य जागरूकता का प्रमाण बना। गुरुवार को 35 मरीजों के दांतों की जांच की गई। दांतों में सड़न, मसूड़ों की बीमारी, पायरिया, दर्द, पीला पड़ना और सांस की बदबू जैसी समस्याओं के समाधान हेतु मरीजों ने विशेषज्ञ डॉ. एम एन खान से परामर्श लिया। डॉ. खान ने प्रत्येक मरीज की समस्या का विस्तार से मूल्यांकन कर आवश्यक सलाह और प्रारंभिक उपचार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दांतों की सफाई नियमित रूप से दिन में दो बार करनी चाहिए और अधिक मीठा या चिपचिपा पदार्थ खाने से दांत जल्दी खराब होते हैं। साथ ही उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों में दांतों की बढ़ती समस्याओं पर चिंता जताई और हर छह माह पर दंत जांच कराए जाने की सलाह दी। डॉ. खान ने पान, गुटखा और तंबाकू जैसी चीजों से दूरी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि ये दांतों और मसूड़ों दोनों के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य आम लोगों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराना है।

# पलामू सांसद ने मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात कर निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गो की प्रगति पर की चर्चा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**पलामू :** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन के कार्यालय में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निमार्णाधीण राष्ट्रीय राजमार्गो की प्रगति, पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें क्रमशः पलामू एवं गढवा के समग्र सड़क विकास, कनेक्टिविटी विस्तार तथा क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले राजमार्गों के निर्माण से जुड़े कई विषयों पर विस्तृत चर्चा किया एवं परियोजनाओं के निर्माण की मांग की। परियोजनाओं के डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (उ्ढफ) शीघ्र तैयार करने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा उन्हें प्राथमिकता सूची में शामिल करने का अनुरोध किया है। उक्त परियोजनाएं निम्नलिखित है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग 98) के सीलीदाग से पड़वा मोड़ तक 22 कि0मी0 सड़क का फोरलेन निर्माण। विदित है कि सीलीदाग से हरिहरगंज तक फोरलेन सड़क का निर्माण हो चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-343 का गढवा फोरलेन बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग - 39) से रामानुजगंज (झारखंड/छत्तीसगढ़ सीमा) तक लगभग 50 कि0मी0 सड़क का फोरलेन निर्माण। गढ़वा मझिआंव मोड़ से कांडी प्रखंड के श्रीनगर-पडुका ब्रिज (झारखंड/बिहार सीमा) तक लगभग 40 कि0मी0 सड़क का फोरलेन निर्माण। राष्ट्रीय राजमार्ग-139 (कर्माकला, छतरपुर बाईपास) से ड्क्त्-127 के समानांतर नई फोरलेन सड़क, जपला फोरलेन बाईपास, देवरी कला (हुसैनाबाद झारखंड) एवं देवीपुर (नौहट्टा बिहार) को जोड़ने वाली सोन नदी पर पुल सहित सड़को का निर्माण, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-119 से जुड़ेगी। उक्त परियोजना के निर्माण हेतु पीएम गति शक्ति योजना में सम्मिलित किया जा चुका है।



राँची से वाराणसी कॉरिडोर में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के सेक्शन-3 में भोगू से शंखा तक डालटनगंज फोरलेन बाईपास का कार्य निमार्णाधीन है। उक्त सड़क में तीन महत्वपूर्ण स्थानों क्रमशः पोखराहा (डालटनगंज से पांकी मुख्य मार्ग), जोड (डालटनगंज बैरिया से पाटन मुख्य सड़क) एवं सिंगरा में ह्यब्लैक स्पॉट्सह्ण के रूप में उभर चुके हैं जहाँ दुर्घटनाओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। उक्त स्थानों पर फोरलेन बाईपास अत्यधिक व्यस्त और भीड़भाड़ वाले पथ निर्माण विभाग की सड़कों को क्रॉस करता है। भारी वाहनों, दोपहिया वाहनों, स्कूली वाहनों एवं स्थानीय आवागमन से ये सड़क हमेशा व्यस्त रहता हैं। उक्त स्थानों पर ह्यब्लैक स्पॉट्सह्ण एवं ठळअक के द्वारा फ्लाईओवर का निर्माण।

उपरोक्त मांगों पर माननीय मंत्री जी ने सहमति व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेश दिया है। इन परियोजनाओं के निर्माण होने से पलामू एवं गढ़वा के विकास, कनेक्टिविटी और बुनियादी संरचना के साथ-साथ आवगमन सुगम होगा।

### पलामू जिला वालीबॉल एसोसिएशन का चयन ट्रायल आज

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला वॉलीबॉल के सभी खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला वालीबॉल एसोसिएशन के द्वारा दिनांक 12 दिसंबर 2025 दिन शुक्रवार अपराह्न 2:00 बजे राजकीय कृत्य मध्य विद्यालय लेस्लीगंज मैदान में सीनियर महिला पुरुष टीम के लिए एक ट्रायल रखा गया है जो इस ट्रायल में महिला पुरुष का चयन किया जाएगा जो दिनांक 16 दिसंबर 2025 से राज्य स्तरीय सीनियर चैंपियनशिप जमशेदपुर होने वाले में भाग लेंगे सभी वॉलीबॉल महिला पुरुष खिलाड़ियों से आग्रह है कि उक्त समय एवं तिथि पर पहुंचकर इस ट्रायल में भाग ले और जमशेदपुर में होने वाले राज्य स्तरीय सीनियर महिला पुरुष चैंपियनशिप में भाग ले।

## सतीश कुमार के निधन पर राजनीतिक दलों के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**पलामू :** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सिंह नामधारी समेत सभी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार के निधन की खबर पाकर उनके घर पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी।

पलामू जिला में बहुत सारे नेता राजनीतिक दल में है। अपने राजनीतिक दलो के तहत आंदोलन करते हैं। लेकिन इन नामों में अजसु पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार का इतिहास संघर्ष का काफी पुराना रहा है। जब सतीश कुमार आजसू पार्टी में नहीं थे तो यह लाल झंडा के सिपाही थे। और उसके बैनर तले दलितों वंचितों के हक अधिकार नहीं मिल रहा है उनके हक अधिकार की लड़ाई के लिए लगातार संघर्ष किया। इनका संघर्ष का इतिहास 25 वर्षों का है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। इस संघर्ष के कारण उन्हें कई बार पुलिस प्रशासन का कोप भाजन होना पड़ा। यहां तक ही नहीं बल्कि उनके परिवार के लोग भी इसका खामियाजा भुगता। इन्हें पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण कुछ वर्षों के लिए भूमिगत होना पड़ा। लेकिन जब यहां पर पलामू के एसपी के रूप में दीपक वर्मा आए तो उन्होंने संपर्क साथ कर सतीश कुमार का समर्पण कराया और पूरे मान सम्मान के साथ उन्हें जेल के सलाखों के पीछे भेजा। लेकिन सतीश कुमार ने कभी भी कोई भी हथियारबंद लड़ाई नहीं लड़ी। इसका जब प्रमाण पुलिस प्रशासन और अदालत को मिला तो सतीश कुमार बरी हुए और इसके बाद आजसू पार्टी का दामन थामा और आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बनाए गए। इसके बाद भी उन्होंने दलित और वंचितों के लिए लगातार आवाज बुलंद करते रहे। आज उसी का नतीजा है कि उनके



आकस्मिक निधन पर झारखंड विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंद्र सिंह नामधारी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के वरिष्ठ नेता मनोज सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, भाजपा के प्रभात भुईंया, सामाजिक कार्यकर्ता न्यू भाजपा नेता विवाह का नारायण पांडे नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष दूदून सिंह, वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला समाजसेवी विजय चंद्रवंशी भाजपा नेता किशोर पांडे झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोनू सिद्दीकी समेत कई पार्टियों के नेता सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग काफी संख्या में सतीश कुमार के निधन पर उनके घर पर पहुंचकर उन्हें शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट किया और कहा कि उनके निधन की भरपाई नहीं की जा सकती है।

## लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**लातेहार:** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला ग्रामीण विकास शाखा द्वारा कार्यान्वित करायी जा रही योजनाओं एवं जिला पंचायती राज कार्यालय के कार्यों की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जातीय, आय, स्थानीय निवासी, विवाह प्रमाण पत्र, वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन सहित विभिन्न प्रमाणझ्रपत्र/पेंशन योजनाओं से जुड़े आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुविधाओं, पेंशन एवं प्रमाण-पत्र निर्गमन से संबंधित कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।इस दौरान विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों से योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द सभी अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, स्वीकृत योजनाओं की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पंचायत स्तर तक विकास योजनाओं की जानकारी एवं लाभ पहुँचाने का निर्देश दिया।बैठक में अबुआ आवास, मिट्टी मोरम रोड, पोटो हो खेल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, मानव दिवस, बिरसा हरित ग्राम योजना, जॉब कार्ड वेरीफिकेशन, एरिया ऑफिसर एप, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, एनआरएम एक्सपेंडिचर, सोशल ऑडिट, जिओ टैगिंग एवं मनरेगा की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

जिला पंचायती राज कार्यालय से संबंधित कार्यों पंचायत स्तर पर चल रही गतिविधियों, ग्राम सभाओं, योजनाओं की निगरानी व्यवस्था, पंचायत भवनों से जुड़े कार्यों, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदान की जा रही जनसुविधाओं की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्यों एवं आवेदनों का शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सुविधाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित पदाधिकारी, बीपीओ उपस्थित थे।

## महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रमा खलको का गढ़वा दौरा, संगठन सुदृढ़ीकरण पर दिया जोर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गढ़वा :** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रमा खलको गुरुवार को गढ़वा पहुंचीं, जहां उनका पार्टी नेताओं ने शॉल व बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला गढ़वा प्रवास था। रमा खलको ने कहा कि संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जिलेवार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गढ़वा, पलामू और लातेहार जिलों में महिला कांग्रेस की स्थिति कमजोर है, जिसे जल्द सशक्त रूप दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गढ़वा में महिला जिलाध्यक्ष का पद रिक्त है और एक माह के भीतर नए महिला जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके बाद सभी प्रखंडों में महिला कमिटी के गठन व विस्तार पर तेजी से काम होगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में जिले में हो रहे संगठनात्मक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में कमिटी विस्तार से संगठन को मजबूती मिली है।



सारकारी योजनाओं में अनियमितताओं पर चिंता व्यक्त करते हुए रमा खलको ने कहा कि दाल-भात योजना बंद होने के बावजूद कुछ बिचौलिए अवैध रूप से राशि निकाल रहे हैं, जिसकी शिकायत डीसी को दे दी गई है।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र तिवारी, पलामू जिलाध्यक्ष विमला देवी समेत कई कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

## गोविंद प्लस टू हाई स्कूल में 30 लाख की लागत से नए वर्ग कक्ष का शिलान्यास

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गढ़वा :** गोविंद प्लस टू हाई स्कूल में गुरुवार को लगभग 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त वर्ग कक्ष का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, चंदन केशरी, बालाजी केशरी, धनंजय गौड़, टिंकू गुप्ता और अरविंद पटवा ने संयुक्त रूप से शिलान्यास कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरूआत की।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों,अभिभावकों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। सभी ने नए कक्ष निर्माण को विद्यालय के शैक्षणिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि विद्यालय में लंबे समय से कमरे की कमी की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण बच्चों को अलग-अलग बैच में पढ़ाना पड़ता था। नए वर्ग कक्ष तैयार होने से विद्यार्थियों को बेहतर, अनुकूल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाएगा तथा गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा।



प्रधानाध्यापक ने इस निर्माण की स्वीकृति दिलाने में सहयोग के लिए जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में निरंतर सहयोग बनाए रखने की अपील की।

स्थानीय लोगों ने भी कहा कि इस निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का माहौल मिलेगा और विद्यालय की छवि में निखार आएगा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की निरंतर प्रगति की कामना की गई।

मौके पर शिक्षा विभाग के कनीय अभियंता मनोज शुक्ला, ब्रजेशधर दुबे, पीयूष चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ ग्रामीणों तक पहुंचे: उपायुक्त

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, मत्स्य व सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कृषि विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं यथा बीज विनिमय एवं वितरण की योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि यंत्रीकरण अन्य कृषि संबंधी कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा, पशुपालन विभाग से संचालित योजना यथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, राष्ट्रीय कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम समेत मत्सय विभाग एवं सहकारिता विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से हो और लाभुकों को समय पर



आवश्यक इनपुट उपलब्ध कराया जाए।

कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-2025, 2025-2026 में क्रियान्वित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योग्य किसानों को योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया गया। बीज विनिमय एवं वितरण की योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध बीज वितरण का कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों की ओर प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही कृषि तकनीकी शिविरों का आयोजन कर किसानों को आधुनिक तकनीक, फसल विविधीकरण एवं प्राकृतिक खेती की जानकारी दी जाए।

बैठक में उपायुक्त ने पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लाभुकों के बीच आगामी बैठक से पहले पशु वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पशुओं का वैक्सीनेशन शत प्रतिशत करवाने का निर्देश दिया गया। पशुधन योजना अंतर्गत अभी तक हुए प्रगति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित सभी योजनाओं के संचालन के लिए लक्ष्य को पूर्ण करने और जन कल्याण के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी इन योजनाओं को शत प्रतिशत ग्रामीणों तक पहुंचा कर उन्हें इसका लाभ देने की बात कही। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने पर बल दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला कृषि पदाधिकारी नेहा निश्चा, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुषमा प्रधिया, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, हरि कृष्ण, सहकारिता पदाधिकारी , एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### चंद्रवंशी महासभा ने सतीश कुमार के निधन पर किया शोक व्यक्त

**पलामू :** अखिल भारतवर्षियचंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू के श्रेष्ठ संरक्षक एवं चंद्रवंशी समाज के मार्गदर्शक और आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सतीश कुमार चंद्रवंशी जी का स्वर्गवास पटना इलाज के दौरान हो गयी, इनकी शव यात्रा दोपहर 12 बजे से निकाली गई। जिसमें चंद्रवंशीमहासभा के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सुधीर चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, राम नरेश, उपेन्द्र,अरुण ,रंजन कुमार सिंह एवं समाज के बहुत सारे लोग उपस्थित हुए । इस शोक के समय मे महासभा के राष्ट्रीय महासचिव सुदेश चंद्रवंशी , झारखंड प्रदेश के सचिव बीरेन्द्र राम चंद्रवंशी सम्वेदना व्यक्त किए।

### पलामू कप में रनों का तूफान, डब्लू ने जड़ा पहला शतक

**गढ़वा :** दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन मेमोरियल पलामू कप सीजन-3 के पाँचवें दिन दर्शकों ने जबरदस्त क्रिकेट के रोमांच का आनंद लिया। मैदान में रनों की ऐसी बरसात हुई कि दर्शक भी दंग रह गए। बारालोटा इलेवन के धाकड़ बल्लेबाज डब्लू ने सिर्फ 35 गेंदों पर 101 रन की धमाकेदार पारी खेलकर इस सीजन का पहला शतक जड़ा और मैन ऑफ द मैच बने। आज का टॉस डी.सी.ए के राजू शुक्ला ने कराया, जिसमें बेलवाटिका ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया, जो मैच के परिणाम को देखते हुए बेहद गलत साबित हुआ। बारालोटा इलेवन ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 172 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बेलवाटिका ने 141 रन बनाते हुए संघर्ष तो किया, लेकिन लक्ष्य से पीछे रह गए। डब्लू को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी एड वर्ल्ड के प्रोपराइटर मनीष सिंह ने प्रदान की। वहीं, तीन गेंद पर तीन लगातार छक्के जमाने के लिए शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी रौशन नाग ने 501 रुपए का विशेष इनाम दिया। आयोजक झामुमो नेता सन्नी शुक्ला और आशुतोष विनायक ने बताया कि अब टूनामेंट में केवल मजबूत और खिताब की दावेदार टीमें बची हैं।

# सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की खास मुलाकात

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हजारीबाग** : बुधवार की देर शाम को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने नई दिल्ली में एक बार फिर केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से जुड़े राष्ट्रीय राजमार्गों की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर उनसे विस्तृत और सार्थक चर्चा की।

इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने एनएच-2 के चोरदाहा–गोरहर खंड के 6-लेन प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति से भी अवगत कराया गया। इस परियोजना की कुल लंबाई 59.66 किमी है, जिसमें चौपारण और बरकट्ठा में दो बड़े फ्लाईओवर, एक मेजर ब्रिज तथा कई छोटे पुलों का निर्माण शामिल है। क्षेत्र के लोगों की लगातार चल रही परेशानी, रोष एवं असंतोष को मंत्री के समक्ष मजबूती से रखा। जिसपर मंत्री नितिन गडकरी ने 2 महीने के भीतर समीक्षा कर ठेकेदार की जवाबदेही तय करते हुए कार्य पुनः शुरू कराने



का आश्वासन दिया है। साथ ही क्षेत्र में दो प्रमुख ब्लैक स्पॉट जिसमें चोरदाहा एवं चरही का विषय भी सांसद मनीष जायसवाल ने उनके समक्ष रखा और बताया कि फिलहाल अस्थायी कार्य हुआ है, जबकि दनुआ ब्लैक स्पॉट पर अब तक कोई कार्य नहीं हुआ है। इस पर स्थायी समाधान की मांग उन्होंने रखी गई है, जिस पर शीघ्र कार्य प्रारंभ होने का आश्वासन मिला है।

सांसद के प्रयास के फलस्वरूप दो नई महत्वपूर्ण परियोजनाएँ भी जल्द आकार लेने जा रही हैं

सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलने के पश्चात हर्ष जताते हुए बताया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए खुशखबरी है। उन्होंने बताया कि हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुल्ताना से लेकर कटक-मसांडी होते हुए एनएच-33 बाईपास से एनएच-100 तक रिंग रोड निर्माण की मांग रखी गई है। जिसपर मंत्री जी ने इस प्रस्ताव को मंतव्य हेतु राज्य सरकार को भेज दिया है और शीघ्र ही इस पर सकारात्मक निर्णय आने की पूरी संभावना है। वहीं एनएच-100 पर सुल्ताना से सिमरिया, चतरा, हंटरगंज होते हुए डोभी तक फोर-लेन सड़क निर्माण की भी मांग रखी गई। इस अवसर पर चतरा के सांसद कालीचरण सिंह जी भी उपस्थित थे। इस विषय पर भी जल्द सकारात्मक खबर प्राप्त होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त, कनहरी क्षेत्र में सिंघानी फ्लाईओवर के नीचे दोनों ओर सर्विस रोड निर्माण का विषय पूर्व में भी प्रमुखता से रखा गया था। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि यह कार्य अब टेंडर प्रक्रिया में चला गया है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सभी परियोजनाओं को लेकर सांसद मनीष जायसवाल को सकारात्मक आश्वासन दिया और अधिकारियों को कार्य में गति लाने के स्पष्ट निर्देश भी दिए।

## दारू में दो गाड़ियों के बीच जबरदस्त टक्कर, गम्भीर रूप से घायल, बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर

**दारू** : गुरुवार कि सुबह एनएच 522 पर बढ़ती ठंढ मे कम्बल के अंदर घुसे लोग तेज धमाके कि आवाज सुनकर जाग गये, तब उन्हे पता चला कि दो गाड़ियों के बीच जोरदार टक्कर हो गयी है। जिसमे इचाक निवासी दम्पति घायल हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि इचाक निवासी ब्रजेश कुमार सिन्हा अपनी कार जे एच 01 डी क्रियु 4855 से अपने दारू स्तिथ मामा घर आ रहे थे, जबकी जेनरेटर लदा टाटा मैजिक वाहन संख्या जे एच 01 एफ आर 7192 धनबाद से लातेहार जा रहा था, तभी पेटो चौक के पास दुर्घट-नाग्रस्त हो गायी।

इस दुर्घटना मे इचाक निवासी ब्रजेश और उनकी पत्नी घायल हो गयी। ग्रामीण और उनके परिजनों कि मदद से तत्काल उन्हे आरोग्यम अस्पताल हज़ारीबाग ले जाया गया। जहाँ जांच के बाद उनके चेहरे कि हड्डी टूटी पायी गयी। यहाँ से उनके परिजन बेहतर इलाज के लिए रांची के अस्पताल ले गये। घटना के बाद थाना प्रभारी इक़बाल हुसैन दलबल के साथ पहुंचे और रास्ते मे खड़ी छतीग्रस्त दोनो वाहनों को किनारे करवा कर आवागमन को सुचारु रूप से चालू करवाया।

# जल संसाधन एवं कृषि - पशुपालन विभाग की खामियों पर विधानसभा में विधायक प्रदीप प्रसाद ने जताई गंभीर चिंता




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हज़ारीबाग़** : झारखंड विधानसभा में विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा जल संसाधन विभाग तथा कृषि–पशुपालन विभाग से संबंधित पूछे गए अल्पसूचित प्रश्नों पर सरकार ने अपने उत्तर प्रस्तुत किए। इन उत्तरों से यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि हजारीबाग सहित राज्य के कई जिलों में निर्धारित सिंचाई क्षमता के लक्ष्य को अब तक प्राप्त नहीं किया जा सका है। विधायक प्रसाद ने इसे राज्य के कृषि ढाँचे की चिंताजनक स्थिति बताते हुए कहा कि सरकार की योजनाएँ कागज पर तो सक्रिय हैं, किंतु जमीनी स्तर पर उनकी प्रगति अत्यंत धीमी है।

सरकार ने स्वीकार किया कि कट-कमदाग प्रखंड में स्थित गोदा डैम सहित कई पुराने बांध वर्षों से अनुपयोगी पड़े हैं। इनकी जल संचयन क्षमता में भारी कमी आई है, जिससे सिंचाई व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। कई डैमों का निर्माण, मरम्मत और सफाई कार्य अधूरा है तथा क्षमता-वृद्धि के लिए कोई ठोस निर्णय अब तक नहीं लिया गया है। विधायक प्रसाद ने कहा कि यह स्थिति किसानों के हितों के विपरीत है और राज्य में सिंचाई सुविधाओं के विकास पर गंभीर सवाल खड़ा करती है।

कृषि एवं पशुपालन विभाग द्वारा दिए गए उत्तर में यह भी स्वीकार किया गया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पशुधन योजना संचालित होने के बावजूद हजारीबाग समेत कई जिलों में बिचौलियों और अव्यवस्थित प्रक्रियाओं के कारण लाभार्थियों तक योजना का लाभ पूर्ण रूप से नहीं पहुँच पा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया कि पशु क्रय की प्रक्रिया अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से संचालित होती है तथा जिलों में स्वतंत्र खरीद स्थानीय प्रशासन के अधीन है। वहीं वर्तमान बेडक सिस्टम को हटाने पर सरकार विचार नहीं कर रही है, जिससे कई व्यवहारिक चुनौतियाँ बनी हुई हैं।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सरकार के इन उत्तरों से साफ है कि जल संसाधन, सिंचाई, कृषि और पशुपालन जैसे किसानों के जीवन से जुड़े मुख्य क्षेत्रों में राज्य अभी भी अपने लक्ष्यों से पीछे है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह सिंचाई क्षमता-वृद्धि, डैमों की मरम्मत, जल संचयन सुधार और पशुधन योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन पर तत्काल ठोस कदम उठाए, ताकि हजारीबाग सहित पूरे राज्य के किसानों और पशुपालकों को वास्तविक लाभ मिल सके।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि वे इन मुद्दों पर सदन और सड़क—दोनों स्तरों पर सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निरंतर आवाज उठाते रहेंगे। किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े किसी भी विषय को अनदेखा नहीं होने दिया जाएगा।

# बड़कागांव और केरेडारी के विस्थापित किसानों की आवाज बनकर संसद में गूंजे सांसद मनीष जायसवाल

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हजारीबाग** : संसद के शीतकालीन सत्र के ग्यारहवां दिन गुरुवार को बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र के किसान जिन्हें विस्थापित करने का कवायद चल रहा है उनकी आवाज बनकर उनकी आजीविका और क्षेत्र की कृषि विरासत पर मंडरा रहे गहरे संकट को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सदन में ज़ोरदार ढंग से आवाज बुलंद किया। अत्यंत भावुक और गंभीर शब्दों में सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार का ध्यान बड़कागांव और केरेडारी क्षेत्र के उपजाऊ 'तीन-फसली' कृषि भूमि पर किए जा रहे बड़े पैमाने के कोल ब्लॉक आवंटन और अधिग्रहण की ओर आकर्षित किया।



सांसद मनीष जायसवाल जायसवाल ने विशेष रूप से बड़कागाँव (गोंद-लपुरा, बादम, हरली, महूगाई, चंदौल, अंबाजीत, रतवे) और केरेडारी ब्लॉक की उन ज़मीनों का उल्लेख किया, जिन्हें कोल माइनिंग के लिए आवंटित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सामान्य भूमि नहीं है, बल्कि तीन-फसली उपजाऊ ज़मीन है, जो न केवल स्थानीय किसानों का भरण-पोषण करती है, बल्कि पूरे हज़ारीबाग ज़िले में सब्ज़ियों की आपूर्ति का मुख्य केंद्र है। यह इलाका अपने उच्च गुणवत्ता वाले गुड़ के लिए भी राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन को बताया कि किसान के लिए यह ज़मीन महज़ संपत्ति नहीं, बल्कि उसकी पहचान होती है और पहचान छीनना किसी भी नागरिक के लिए सबसे बड़ी त्रासदी है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय किसान पिछले तीन वर्षों से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं लेकिन उन्हें निराशा और आक्रोश के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला है। विकास परियो-जनाओं के नाम पर किसानों को जो मिल रहा है, वह केवल वेदना, पीड़ा, क्षति, व्यथा, दुःख, रोष, संतोष, निराशा और आक्रोश है।

# नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, सरदार चौक इमली कोठी क्षेत्र में चली बड़ी कार्रवाई

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हज़ारीबाग़** : नगर निगम द्वारा लगातार चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को गुरुवार को और भी व्यापक रूप दिया गया। अभियान के तहत सरदार चौक, इमली कोठी एवं आसपास के इलाकों में सड़क व फुटपाथों पर किए गए अवैध निर्माणों और दुकानों के फैलाव पर कड़ी कार्रवाई की गई। कई अस्थायी कब्जों को चिन्हित कर जहां मौके पर ही जुर्माना लगाया गया, वहीं गंभीर अतिक्रमण करने वालों पर बुलडोज़र चलाते हुए कॉर्केटसीट को क्षतिग्रस्त किया गया। अभियान की मॉनिटरिंग सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार एवं अनिल कुमार पांडे द्वारा लगातार की जा रही थी। टीम के साथ मौजूद नगर निगम कर्मियों ने पूरे क्षेत्र में सुव्यवस्थित कार्रवाई सुनिश्चित की।मीडिया से बात करते हुए सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार ने कहा कि शहर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त कराना हमारी प्राथमिकता है।




आम नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना नगर निगम का दायित्व है। बार-बार चेतावनी के बावजूद कुछ लोग अवैध रूप से सड़क और फुटपाथ घेर लेते हैं, जिसके कारण आम जनता को परेशानी होती है। आज की कार्रवाई उसी दिशा में एक सख्त कदम है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम ने साफ किया है कि शहर में यातायात सुचारू रखने, सौंदर्यीकरण बढ़ाने और सार्वजनिक स्थानों को आम लोगों के लिए मुक्त करने के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# विस्थापन के मुद्दे को लेकर बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी सदन में गरजे

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव विधायक का रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव विधानसभा सहित संपूर्ण झारखंड क्षेत्र में हो रहे विस्थापन के समस्या को लेकर बने झारखंड विस्थापन आयोग गठन के नियमावली में आवश्यक सुधारो के संबंध में विधानसभा के पटल पर प्रमुखता के साथ रखते हुए सरकार को घेरा। विधायक रोशन लाल चौधरी ने सरकार को सवाल करते हुए कहा कि विस्थापन के नाम पर लोगों का स्थानीयता, संस्कृत और अधिकार को छिना जा रहा है। आज विस्थापित हो रहे परिवार कहा चले गए हैं उनका कोई आता-पता नहीं चलता है। अगर वह अपना जाती आवासीय बनाने जाते हैं तो वह भी नहीं बन पाता है। विधायक रौशन लाल ने सरकार के विस्थापन के नियमावली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुझे लगता है कि नियमावली में जो भी नियम अंकित है उसके आधार पर एक भी विस्थापित प्रभावितों को उनका हक और अधिकार मिलने वाला नहीं है। इसलिए हम इस सदन के माध्यम से मांग करते हैं कि एक ऐसी नियमावाली बनाकर कैबिनेट से पास किया जाए जिससे विस्थापितो को उनका हक और अधिकार मिल सके नहीं तो आने वाले दिनों में सभी सदस्यों के क्षेत्र में कहीं ना कहीं विस्थापन होगा और ऐसी स्थिति में हम सभी झारखंडी अस्तित्व विहीन हो जाएंगे। इसलिए विस्थापन एक्ट में सुधार किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड स्थापना का उद्देश्य ही यही था की झारखंडियों को उनका हक और अधिकार मिल सके। विस्थापन सिर्फ भूमि का प्रश्न नहीं है यह जीविका,सांस्कृतिक और हमारे पहचान का प्रश्न है इसलिए विस्थापन आयोग का गठन का पहल अच्छा है परंतु इस आयोग के द्वारा विस्थापितों को उनका हक और अधिकार नहीं मिल सकेगा। क्योंकि हम उदाहरण देते हैं कि बड़कागांव में कंपनियों के खिलाफ महा-पंचायत का आयोजन किया गया। जहां पर लाखों लोग एकत्रित होकर अपना विरोध जताया क्योंकि उनको यह भय है कि पूर्व में जिस प्रकार से विस्थापित प्रभावित लोगों को उनका हक अधिकार नहीं दिया गया। हमें भी ठगा जाएगा। इसलिए हम सदन से मांग करते हैं कि जो भी विस्थापन के नियमावली बनाए गए हैं उसे पर सुधार किया जाए और विस्थापित प्रभावित लोगों के हक अधिकार का बात किया जाए। इस संबंध में विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मैं अपने देवतुल्य क्षेत्र वासियों को विश्वास दिलाता हूं कि विस्थापित परिवारों के अधिकार सम्मान और न्याय के इस लड़ाई में मैं सड़क से लेकर सदन तक पूरी प्रतिबद्धता साहस और सत्य निष्ठा के साथ लड़ता रहूंगा ताकि झारखंड का प्रत्येक विस्थापित परिवार सुरक्षित सम्मानित और आत्मनिर्भर भविष्य की और सशक्त रूप से आगे बढ़ सके। जिस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने जवाब देते हुए कहा कि विस्थापन आयोग का गठन इसीलिए हुआ है कि चाहे कितना भी पुराना मामला क्यों ना हो उसे पर बैठकर सांकेतिक निर्णय लिया जाएगा। आयोग के तरफ से जो बातें आएगी सरकार उसे पर निश्चित तौर पर कार्रवाई करेगी। आगे उन्होंने विधायक रोशन लाल चौधरी से कहा कि आपके पास जो भी मामले हैं वह आयोग के माध्यम से लाइए निश्चित तौर पर कार्रवाई किया जाएगा।

# झारखंड कुशवाहा महासभा का लोकभवन (राजभवन) के समक्ष महाधरना

**रांची** : आज दिनांक 10 दिसंबर (बुधवार) 2025 को झारखंड कुशवाहा महासभा के द्वारा अपनी मांगों को लेकर लोक भवन रांची के समक्ष एकदिवसीय महाधरना का आयोजन किया गया। इस महाधरना की अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो ने किया। महाधरना के माध्यम से महासभा के प्रतिनिधियों ने झारखंड के राजपाल माननीय संतोष कुमार गंगवार जी को अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर स्मार- पत्र सौंपा। इस प्रतिनिधि मंडल में महासभा के मुख्य संरक्षक सह पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो, महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा, संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक देवचरण दांगी,भुनेश्वर महतो भुन्नू, गिरिडीह जिप अध्यक्षा मुनिया देवी, उमेश प्रसाद मेहता, डॉ आर सी मेहता, एस एन मेहता, प्रदेश अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ,



लीलावती मेहता,आदि शामिल थे।

महासभा ने अपनी सात सूत्री मांगों में झारखंड में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की सीमा 27% निर्धारित करने के साथ राज्य के 6 जिलों में आंशिक तथा 7 जिलों में शून्य आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू करने। कृषि को उद्योग का दर्जा देने। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को झारखंड राज्य में पूर्णतः लागू करने एवं उपजाऊ जमीन को अधिग्रहण से मुक्त रखने के साथ विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, रोजगार, मुआवजा संबोधित मामलों का समाधान हेतु स्वतंत्र आयोग का गठन करने। उद्योग स्थापना हेतु जिन भूमिधारकों की भूमि अर्जित की गई है या भविष्य में अर्जित की जाएगी, उन सभी प्रतिष्ठानों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की नियुक्तियों में भूमिदाता– विस्थापितों के लिए आरक्षित करने।

अधिग्रहण के अंतर्गत आने वाली भूमि को सीधे रैयतों से लीज पर ली जाए तथा लीज अवधि समाप्त होने पर भूमि पुनः रैयतों को स्वतः वापस हो जाए। हजारीबाग जिले के ईचाक एवं कोडरमा के डोमचांच प्रखंड में घोषित इको सेंसिटिव जोन में रोजी- रोजगार व व्यवसाय वाले क्षेत्र को इको जोन के सीमा से मुक्त रखा जाए।

महाधरना को पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा, रविन्द्र वर्मा, प्रोफेसर श्याम सुंदर प्रसाद, अजीत कुमार मांझी, लक्ष्मण कुशवाहा, नागेन्द्र कुशवाहा, प्रभा देवी, सोहनलाल मेहता, प्रियंका कुमारी, दिनेश दांगी आदि लोगों ने संबोधित किया। सभा का संचालन प्रशिक्षण प्रमुख संजय शान एवं प्रदेश युवा अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने किया।

महाधरना को सफल बनाने में महासभा के जिला अध्यक्षों में चतरा के केदार दांगी, रामगढ़ के चतुर्भुज कश्यप, लातेहार के भुषण कुशवाहा, हजारीबाग के मुकुटधारी महतो, बोकारो के सुनील महतो, धनबाद के लाल बाबू सिंह कुशवाहा, कोडरमा के विरेन्द्र मेहता, गिरिडीह के इन्द्र नारायण वर्मा, जमशे-दपुर से ओम प्रकाश भगत, चतरा जिला युवा अध्यक्ष सिकंदर मेहता, गिद्धौर के पूर्व जीप सदस्य राम लखन दांगी,प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर दांगी,बैद्यनाथ कुमार दांगी,सत्येंद्र कुशवाहा, मनोज वर्मा, मनोज कुशवाहा,कपिल कुमार,प्रदीप मौर्या, उपेंद्र दांगी, भुवनेश्वर दांगी, व अन्य सहित हजारों की संख्या में लोगों ने उपस्थित हो कर महाधरना को सफल बनाया।

# एएसओ बने दिलीप ने भगहर पंचायत की बदली पहचान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चौपारण** : सुदूरवर्ती और अक्सर उपेक्षित समझे जाने वाले भगहर पंचायत ने आज इतिहास रच दिया है। पंचायत के होनहार युवक दिलीप कुमार गुप्ता ने जेएसएससी एएसओ पद पर सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सीमित संसाधनों वाले इस इलाके से निकलकर दिलीप ने साबित कर दिया कि संकल्प, परिश्रम और ईमानदार प्रयास किसी भी कठिनाई को मात दे सकते हैं। दिलीप भगहर निवासी दीपक कुमार गुप्ता के छोटे भाई और रामेश्वर साव के छोटे पुत्र हैं। कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करते हुए उन्होंने जिस दृढ़ता से यह मुकाम हासिल किया, उसने गांव के हर बच्चे और परिवार को नई उम्मीद दी है। प्रखंड मीडिया प्रभारी एवं सहायक अध्यापक संघ के सदस्य दिनेश यादव ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि जब तक आप खुद नहीं हारते, आपको कोई हरा नहीं सकता। दिलीप की सफलता वर्तमान में अध्ययनरत बच्चों के लिए एक सशक्त प्रेरणा है। उनकी इस उपलब्धि पर पंचायत भवन में मुखिया कृष्णा रविदास द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुखिया ने उन्हें बुके और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि भगहर पंचायत अब सिर्फ किसी नकारात्मक पहचान के लिए नहीं, बल्कि दिलीप जैसे युवाओं की वजह से नई ऊंचाइयों के लिए जाना जाएगा। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की और दिलीप को आशीर्वाद दिया। समारोह में दिनेश यादव, संतोष रविदास, दीपक कुमार गुप्ता, राम साव, मुंशी दांगी, अशोक दांगी, मनीष, मो० असलम, प्रमोद दांगी, भुनेश्वर यादव, दीपक कुमार, राकेश केसरी, बैजनाथ यादव सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# वार्ता में चार बजे तक तोपा कांटा घर चालू रखने की बनी सहमति

**कुजू** : कांटा घर को ज्यादा समय तक चालू रखने की मांग को लेकर तोपा लोकल रोड़ सेल संचालन समिति और ग्रामीण रैयतो ने गुरुवार को करीब दो घंटे कांटा घर के कार्य को बाधित कर दिया। जिससे तोपा परियोजना में कोयला लोडिंग करने आए ट्रक की कतार लग गई। कार्य बाधित कराने वाले लोगों ने कहा कि सभी कोलियरियों में संचालित कांटा घर की तरह तोपा कांटा घर को भी चार बजे तक चालू रखा जाए। साथ ही लोकल सेल में गुणवत्तापूर्ण कोयला उपलब्ध करने की मांग रखी। कांटा घर का कार्य बाधित होने की सूचना मिलते ही सीसीएल प्रबंधन आंदोलित लोगों से वार्ता की। जहां प्रतिदिन चार बजे तक कांटाघर को चालू रखने की सहमति बनी। जिसके बाद लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि चार बजे तक कांटा घर के चालू होने से



डीओ होल्डरों को भी राहत मिलेगी और उनको आवंटित कोयला लेप्स नहीं होगा। आंदोलन करने वालों में सेल अध्यक्ष राजेश्वर गँझू, इलियास मियां, आरबीएल महतो, जेपी साहू, गोपेश्वर करमाली, विनोद महतो, अहमद अंसारी, गिरधारी मांझी, विनोद गंझु, मोती गंझु, अनवर अंसारी, लखन महतो, भागवत करमाली, नईम अंसारी, नेपाली, ललित राम, प्रकाश गंझु आदि शामिल थे।

# सतीश कुमार का निधन संघर्ष के एक अध्याय का हुआ अंत

संजय सिंह'उमेश'

**पलामू** : पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सिंह नामधारी समेत सभी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार के निधन की खबर पाकर उनके घर पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दिया। पलामू जिला में बहुत सारे नेता राजनीतिक दल में है। अपने राजनीतिक दलो के तहत आंदोलन करते हैं। लेकिन इन नामों में अजसु पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार का इतिहास संघर्ष का काफी पुराना रहा है। जब सतीश कुमार आजसू पार्टी में नहीं थे तो यह लाल झंडा के सिपाही थे। और उसके बैनर तले दलितों वंचितों के हक अधिकार नहीं मिल रहा है उनके हक अधिकार की लड़ाई के लिए लगातार संघर्ष किया। इनका संघर्ष का इतिहास 25 वर्षों का है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। इस संघर्ष के कारण उन्हें कई बार पुलिस प्रशासन का कोप भाजन होना पड़ा। यहां तक ही नहीं बल्कि उनके परिवार के लोग भी इसका खामियाजा भुगता। इन्हें पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण कुछ वर्षों के लिए भूमिगत होना पड़ा। लेकिन जब यहां पर पलामू के एसपी के रूप में दीपक वर्मा आए तो उन्होंने संपर्क साथ कर सतीश कुमार का समर्पण कराया और पूरे मान सम्मान के साथ उन्हें जेल के सलाखों के पीछे भेजा। लेकिन सतीश कुमार ने कभी भी कोई भी हथियारबंद लड़ाई नहीं लड़ी। इसका जब प्रमाण पुलिस प्रशासन और अदालत को मिला तो सतीश कुमार बरी हुए और इसके बाद आजसू पार्टी का दामन थामा और आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बनाए गए। इसके बाद भी उन्होंने दलित और वंचितों के लिए लगातार आवाज बुलंद करते रहे। आज उसी का नतीजा है कि उनके आकस्मिक निधन पर झारखंड विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंद्र सिंह नामधारी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के वरिष्ठ नेता मनोज सिंह, पंकज श्रीवास्तव, प्रभात भुईंया, नारायण पांडे नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष दूदून सिंह, प्रदीप अकेला समाजसेवी विजय चंद्रवंशी भाजपा नेता किशोर पांडे झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोनू सिद्दीकी सतीश कुमार के निधन परशोक श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# आखिरी सांस तक चले संघर्ष में झारखंड विजयी केरल की चुनौती हुई धराशायी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हजारीबाग** : शहर के संजय सिंह स्टेडियम में आयोजित कूच बिहार अंडर-19 टूर्नामेंट का चार दिवसीय मुकाबला गुरुवार को अत्यंत शानदार और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। 8 दिसंबर से शुरू हुए इस मैच में हजारीबाग के खेल प्रेमियों और शहर-वासियों ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। सुबह से शाम तक दर्शक तौलिया, जैकेट और छाते के सहारे मैदान में डटे रहे और हर गेंद पर जोश से मैच का आनंद लिया। एचडीसीए की पूरी टीम ने आयोजन को सफल और यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मैदान की व्यवस्था से लेकर खिलाड़ियों की आवश्य-कताओं तक सभी पहलुओं को अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संभाला गया। सांसद सह एचडीसीए अध्यक्ष मनीष जायसवाल दिल्ली में रहते हुए भी आयोजन की हर गतिविधि पर नजर बनाए रखें और लगातार कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन देते रहे। तीसरे दिन झारखंड टीम ने दूसरी पारी में 313 रनों का शानदार स्कोर बनाकर मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। इसके आधार पर केरल को 186 रन का लक्ष्य मिला। चौथे दिन मैच की शुरुआत होते ही तनाव और उत्साह दोनों अपने चरम पर पहुंच गए। केरल के बल्लेबाज मानव कृष्णा ने 71 रनों की जुझारू पारी खेलकर टीम को संभालने का प्रयास किया, लेकिन झारखंड के गेंदबाजों के सामने वह भी ज्यादा देर टिक नहीं सके। केरल की पूरी टीम 180 रनों पर ऑल आउट हो गई और झारखंड ने मात्र 6 रनों से इस रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। मैच समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों के चेहरों पर जीत की चमक देखकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का जोश दोगुना हो गया। विजेता खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन ने सामूहिक तस्वीर लेकर इस ऐतिहासिक क्षण को संजोया। उत्साह और गर्व से भरा



माहौल पूरे मैदान में महसूस किया गया। एचडीसीए के उपाध्यक्ष करण जायसवाल ने झारखंड टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत टीमवर्क, अनुशासन और अथक मेहनत का नतीजा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि हजारीबाग आगे भी ऐसे राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट का सफल आयोजन करता रहेगा। हजारीबाग में संपन्न यह मैच आने वाले वर्षों तक क्रिकेट प्रेमियों की स्मृतियों में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज रहेगा।

# नव चयनित एएसओ अरविंद को जनप्रतिनिधियो ने किया सम्मानित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चौपारण** : बच्छई के प्रतिभाशाली युवा अरविंद कुमार राणा पिता रूपलाल राणा, माता कुसुम देवी के द्वारा प्रतिष्ठित असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर (ASO) पद पर चयनित होने की उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अरविंद की इस सफलता को समाज की सामूहिक उपलब्धि मानते हुए गांव में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे अतिथियों ने सफल अरविंद, उनके माता कुसुम देवी-पिता रूपलाल राणा, दादी रेमका देवी और भैया पप्पू राणा-भाभी खुशबू देवी को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर भव्य सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महिला मंडल प्रांगण, बच्छई में किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों से आये सम्मानित अतिथि शामिल हुए। अतिथि सेवानिवृत शिक्षक महेश



राणा, एसएलजे उवि एचएम विजय सिन्हा, बीरेंद्र कुमार राणा, मुखिया बीरेंद्र रजक, नेता भुनेश्वर यादव, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, रामलखन राणा, देवल यादव, पंसस सहदेव प्र. यादव, संतोष रजक, बैजनाथ यादव, शिक्षक प्रदीप राणा, डीएसपी अशोक प्रियदर्शी के पिता भीखन रविदास, नकुल रजक, सुखदेव यादव, दिनेश यादव, बासुदेव रविदास एवं मंच संचालित करते प्रकाश यादव ने बताया कि अरविंद कुमार राणा ने कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प, निरंतर संघर्ष और कई समस्याओं को झेलते हुए यह सफलता हासिल की है, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सम्मान समारोह के माध्यम से समाज उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया और युवाओं को शिक्षा एवं लक्ष्य के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व युवा वार्ड सदस्य सुजीत कुमार यादव कर रहे हैं। आयोजन समिति के दीनानाथ यादव और विजय यादव ने सभी सम्मानित अतिथियों, ग्रामवासियों, समाजबंधुओं को धन्यवाद दिया। यह कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने के लिए बढ़-चढ़ कर भाग लिए। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों का जुटान हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन ऐतिहासिक पल में बदल गया। इससे पहले अशोक प्रियदर्शी के डीएसपी पद पर चयनित होने पर डीवीसी फीस फार्म में किया गया था। बतादें कि अरविंद राणा ने फारेस्ट रेंज ऑफिसर एवं जेपीएससी का फारेस्ट कंजर्वेशन ऑफिसर में भी चयन हो हुए हैं।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड, रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा 1st फ्लोर, जागृति भवन, आदर्श नगर (नियर विटालिया हॉस्पिटल) बरियातु, रांची से प्रकाशित तथा एस.एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित। संपादक : निभा रंजन सुमन, रिपोर्टिंग-7033777771 विज्ञापन-9123491189, 9934321150, फोन नंबर 0651-2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@gmail.com (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/63